# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 11 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-145 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## बांकीपुर उपचुनाव : भाजपा ने बदला उम्मीदवार, नीरज सिन्हा को बनाया प्रत्याशी

### नामांकन के एक दिन बाद अभिषेक बंटी ने चुनाव लड़ने से किया इनकार

**पटना (एनएसबी)।** बिहार की चर्चित बांकीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा ने अंतिम समय में बड़ा राजनीतिक फैसला लेते हुए अपना उम्मीदवार बदल दिया है। पार्टी ने पहले घोषित प्रत्याशी अभिषेक कुमार सिन्हा उर्फ बंटी के स्थान पर नीरज कुमार सिन्हा को उम्मीदवार बनाया है। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए 30 जुलाई को मतदान होना है। बता दें भाजपा के नए उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा का मुकाबला जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर और राजद की उम्मीदवार रेखा गुप्ता से होगा। बांकीपुर सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना जताई जा रही है।

इससे पहले भाजपा ने अभिषेक कुमार सिन्हा उर्फ बंटी को अपना उम्मीदवार घोषित किया था। उन्होंने गुरुवार को उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भी दाखिल किया, लेकिन नामांकन के अगले ही दिन शुक्रवार को चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा कर दी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए चुनाव मैदान से हटने की जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने अपने निर्णय के पीछे कोई विस्तृत कारण सार्वजनिक नहीं किया। उल्लेखनीय है कि अभिषेक बंटी के नामांकन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित राजग के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नामांकन के बाद पटना के स्काउट एंड गाइड मैदान में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित राजग के नेताओं ने उनके समर्थन में जनसभा को संबोधित किया था। ऐसे में उनके अचानक चुनाव से हटने के फैसले ने राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज कर दी है। दरअसल, अभिषेक बंटी भाजपा के युवा नेताओं में गिने जाते हैं। वह भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा पटना महानगर और मंडल स्तर पर भी उन्होंने संगठन में विभिन्न दायित्व निभाए हैं। पिछले लगभग दो दशकों से वह बांकीपुर और पटना में पार्टी संगठन के लिए सक्रिय रहे हैं तथा नितिन नवीन के करीबी सहयोगी माने जाते हैं।

बांकीपुर विधानसभा सीट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई है। नितिन नवीन के राज्यसभा जाने के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। बांकीपुर लंबे समय से भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता है, इसलिए यहां उम्मीदवार परिवर्तन को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



#### कौन हैं नीरज कुमार सिन्हा

भाजपा के नए उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा, जिन्हें नीरज भारती के नाम से भी जाना जाता है, पटना के मीठापुर के निवासी हैं। उनका जन्म एक जुलाई 1994 को हुआ। उन्होंने स्नातक (बीए) तक शिक्षा प्राप्त की है और अविवाहित हैं। नीरज सिन्हा वर्ष 2006 से भाजपा से जुड़े हुए हैं। संगठन में उन्होंने बूथ अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष तथा नरेंद्र भारती मंडल के दो बार मंडल अध्यक्ष सहित विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है। उनका पारिवारिक संबंध भी जनसंघ और भाजपा की वैचारिक पृष्ठभूमि से रहा है।



#### पीके के डर से भाजपा उम्मीदवार ने नामांकन वापस लिया : सौरभ

जनसुराज के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार सौरभ ने कहा है कि प्रशांत किशोर के डर से भाजपा उम्मीदवार अभिषेक कुमार बंटी ने बांकीपुर उपचुनाव से अपना नामांकन वापस लिया है। भाजपा भी मान रही है कि बांकीपुर में जनता ने प्रशांत किशोर के पक्ष में बदलाव करने का मन बना लिया है और एकमत से प्रशांत किशोर को अपना नेता बनाना चाहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### JDU के पूर्व प्रदेश महासचिव छोटू सिंह पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित

**पटना।** बिहार के सियासी गलियारे से बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल जेडीयू ने संगठन में अनुशासन को लेकर बड़ी कार्रवाई की है. जेडीयू के प्रदेश नेतृत्व ने पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह को दल विरोधी गतिविधियों के आरोप में छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है. इस संबंध में प्रदेश कार्यालय की ओर से शुक्रवार (10 जुलाई) को आधिकारिक आदेश जारी किया गया।

### मधुबनी में 112 की टीम पर लोहे के रॉड से हमला सिपाही का सिर फटा

**मधुबनी।** मधुबनी के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के बगवासा गांव में दो लोगों के झगड़े की शिकायत में पहुंची डायल 112 की टीम पर लोहे के राड से मो. अब्दुल ने हमला कर दिया, जिसमें सिपाही मो सद्दाम का सिर फट गया और राइफल से बचाव करने के दौरान रॉड लगने के उसकी राइफल टूट गई। हमले में सिपाही मो लाल चोटिल हो गया। एसआई कमलेश कुमार ने बताया कि सुबह करीब साढ़े चार बजे बगवास के सब्जी विक्रेता मुकेश कुमार ने 112 पर सूचना दी थी कि उसका पड़ोसी मो अब्दुल उस पर चाकू से हमला कर रहा है।

### पोखर में नहाने के दौरान दो मासूमों की डूबने से मौत

**पश्चिम चम्पारण (बगहा)।** बगहा पुलिस जिला अंतर्गत बगहा थाना क्षेत्र के पाकड़ गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में पोखर में नहाने के दौरान दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान पाकड़ गांव निवासी सुनील राम के 12 वर्षीय पुत्र तथा राकेश राम के 11 वर्षीय पुत्र के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों बच्चे गांव के पोखर में नहाने गए थे। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से वे डूब गए।

### 13 जुलाई को होगा खान सर की जमानत पर फैसला

**पटना।** पटना सिविल कोर्ट में चर्चित शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर की जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला नहीं हो सका। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अनुपस्थिति के कारण अदालत ने मामले की अगली सुनवाई और आदेश के लिए 13 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। अब इसी दिन अदालत यह तय करेगी कि खान सर को जमानत दी जाएगी या नहीं।

## 15 अगस्त से जिलों का दौरा कर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे सीएम सम्राट

### मुख्यमंत्री अच्छा काम कर रहे, मजबूती के साथ खड़ा रहें कार्यकर्ता : नीतीश

**पटना (एनएसबी)।** सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित नेक संवाद में एनडीए की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय, बिहार के सर्वांगीण विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा,

#### सम्राट सरकार के 100 दिन होने पर एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं विजेंद्र प्रसाद यादव, एनडीए घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष तथा सात विभिन्न जिलों के एनडीए के जिलाध्यक्षों ने संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीएम सम्राट ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए के नेताओं एवं जिलाध्यक्षों के साथ नियमित संवाद और बैठक की परंपरा स्थापित कर बिहार में गठबंधन को मजबूत आधार प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी देश को विकसित बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्ध बिहार का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने के लिए हमलोग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। बिहार के विकास और जनकल्याण के मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री के साथ एनडीए घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष कम से कम तीन माह के अंतराल पर मिलकर समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सामान्यतः सत्ता परिवर्तन के साथ पूरी प्रशासनिक व्यवस्था बदल जाती है, लेकिन नीतीश कुमार के उदार नेतृत्व के कारण बिहार में विकास की निरंतरता बनी रही और गांव-गांव तक विकास की किरण पहुंची है। सीएम ने कहा कि मैं स्वयं 15 अगस्त के बाद जिलों का दौरा कर विकास कार्यों की समीक्षा करूंगा तथा वहीं रात्रि विश्राम भी करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों में मार्च माह से पूर्व पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों के निर्माण का कार्य प्रारंभ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 20 सूत्री समिति एवं नागरिक परिषद की बैठकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे तथा आवश्यकतानुसार जिला स्तर पर समिति के गठन पर भी विचार किया जाएगा। वहीं बैठक के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी अच्छा काम कर रहे हैं और सभी कार्यकताओं को उनके साथ मजबूती से खड़ा रहना चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से पूरे बिहार में सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया और कहा कि विकसित बिहार का सपना तभी साकार होगा जब सरकार और संगठन मिलकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।




#### मुख्य बिंदु

- मार्च से पहले सभी जिलों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू करने का लक्ष्य
- 20 सूत्री और नागरिक परिषद से प्राप्त सुझावों के आधार पर जिलास्तरीय समितियों का होगा गठन
- मुख्यमंत्री एवं एनडीए प्रदेश अध्यक्षों की बैठक प्रत्येक तीन माह पर होगी आयोजित

#### मंत्रियों ने कहा-सरकार विकास के एजेंडे पर आगे बढ़ रही

बैठक के बाद बिहार सरकार के कई मंत्रियों ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार विकास के एजेंडे पर आगे बढ़ रही है और एनडीए मिलकर बिहार को विकसित एवं समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल मिलकर काम करेंगे और पिछले दो दशकों में गठबंधन सरकार ने बिहार के विकास के लिए जो कार्य किए हैं, उसी गति को आगे भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि एनडीए बिहार को एक समृद्ध और विकसित राज्य बनाने में सफल होगा। मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि सम्राट चौधरी ने उनसे सरकार के कार्यों को लेकर विस्तृत फीडबैक लिया और जमीनी स्तर की चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिया है कि वे अपने प्रभार वाले जिलों में नियमित रूप से रात्रि विश्राम करें, जिला अध्यक्षों के साथ समन्वय बनाकर रखें और जनता की समस्याओं को सीधे सुनें। मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों को बधाई दी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पीठ थपथपाते हुए कहा कि वे बिहार का अच्छा नेतृत्व कर रहे हैं और आगे भी इसी तरह काम करते रहें। बैठक में केन्दीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, विधायक दल के नेता सह मंत्री श्रवण कुमार सहित एनडीए घटक दलों के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने किया।

## बिहार में दस आईएएस अधिकारियों का तबादला




**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 10 अधिकारियों का स्थानांतरण और अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार संजय कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग, पटना को स्थानांतरित करते हुए अपर सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया है। मनोरंजन कुमार, निदेशक (प्रशासन), शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को स्थानांतरित करते हुए निदेशक, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया है। डॉ गगन, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भंडार निगम (सहकारिता विभाग), पटना को स्थानांतरित करते हुए नगर आयुक्त, गयाजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। विधु भूषण चौधरी, अपर सचिव, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को स्थानांतरित करते हुए अपर सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया है। कृत्यानन्द रंजन, अपर सचिव, परिवहन विभाग, बिहार, पटना को स्थानांतरित करते हुए नगर आयुक्त, नालन्दा के पद पर पदस्थापित किया गया है। मनोज कुमार, अपर सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को स्थानांतरित करते हुए अपर सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया है। हेमन्त कुमार सिंह, अपर सचिव, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना को स्थानांतरित करते हुए सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### राममंदिर चढ़ावा चोरी मामला

## दान गिनने वाले 23 कर्मचारियों ने दिया इस्तीफा

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट 13 जुलाई को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच 3 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। याचिकाओं में जांच सीबीआई को सौंपने और एसआईटी के गठन के मांग की गई है। साथ ही, मंदिर में दान के प्रबंधन से जुड़े अलग-अलग विषयों की समीक्षा के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाने की भी मांग की गई है। इधर, मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 23 कर्मचारियों ने गुरुवार को एक साथ इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि चोरी की घटना के बाद 10-20 रुपए के नोट बढ़ गए हैं, जिससे गिनती में ज्यादा समय लग रहा है। पहले 500 रुपए के नोटों की 70-80 गड्डियां बन जाती थीं, अब बमुश्किल 15 गड्डियां बन रही हैं। पहले काम दो शिफ्ट में होता था, लेकिन अब सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक एक ही शिफ्ट कर दी गई है। वेतन वही है और काम के घंटे बढ़ गए हैं। अब बैंक के पास सिर्फ 13 गणना कर्मी बचे हैं।

## बिहार में नई टोल नीति लागू, टोल नहीं देने पर लगेगा दोगुना जुर्माना

### मुजफ्फरपुर के दो स्टेट हाईवे और तीन पुल भी शामिल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार सरकार ने नई टोल टैक्स नीति लागू कर दी है। पथ निर्माण विभाग ने सरकार की मंजूरी मिलने के बाद इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। नई व्यवस्था के तहत राज्य के स्टेट हाईवे और 250 मीटर से अधिक लंबे पुलों पर व्यावसायिक वाहनों से टोल टैक्स वसूला जाएगा। इसके साथ ही टोल वसूली और नियमों के पालन की पूरी प्रक्रिया भी स्पष्ट कर दी गई है।

नई नीति के अनुसार यदि कोई वाहन चालक टोल टैक्स देने से बचने की कोशिश करता है या बिना भुगतान किए टोल प्लाजा से गुजर जाता है, तो उससे दोगुना जुर्माना वसूला जाएगा। ऐसे मामलों में वाहन मालिक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर विभाग की ओर से ई-नोटिस भेजा जाएगा। हालांकि सरकार ने वाहन मालिकों को राहत भी दी है। यदि ई-नोटिस मिलने के 72 घंटे के भीतर टोल शुल्क का भुगतान कर दिया जाता है, तो अतिरिक्त जुमार्ना नहीं देना होगा।



लेकिन 15 दिनों तक भुगतान नहीं होने पर विभाग संबंधित वाहन को कहीं भी रोककर बकाया राशि और जुमार्ना वसूल सकेगा। यदि इसके बाद भी राशि जमा नहीं की जाती है, तो वाहन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होंगे। वाहन का इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र (PUC), एनओसी और वाहन ट्रांसफर जैसी सेवाओं का अपडेट रोक दिया जाएगा। इसके लिए टोल कलेक्शन सिस्टम को 'वाहन' एप से जोड़ा जाएगा, जिससे बकाएदार वाहनों की पहचान और कार्रवाई आसान हो सकेगी। नई नीति में वाहन मालिकों को आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार भी दिया गया है। यदि किसी वाहन स्वामी को लगता है कि उसे गलत ई-नोटिस भेजा गया है, तो वह 72 घंटे के भीतर बिहार सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकता है। संबंधित अधिकारी पांच दिनों के भीतर जांच कर निर्णय देंगे और इसकी सूचना ई-मेल एवं एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। यदि निर्धारित पांच दिनों में कोई निर्णय नहीं आता है, तो बकाया राशि स्वतः माफ मानी जाएगी और इसका अपडेट 'वाहन' एप पर कर दिया जाएगा। नई टोल नीति के तहत मुजफ्फरपुर जिले में स्टेट हाईवे-74 और स्टेट हाईवे-86 के अलावा बंगरा घाट पुल, रघई घाट पुल और पिलखी पुल पर भी टोल टैक्स वसूला जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है और रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी गई है।

## बिहटा के बधार से मिला पूर्व मुखिया का शव, बवाल




**पटना (एनएसबी)।** राजधानी से बात बिहटा में राघोपुर पंचायत के पूर्व मुखिया संजय कुमार यादव का शव राघोपुर बधार से मिलने के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बिहटा-बिक्रम मुख्य मार्ग और बेउर के पास बायपास रोड को जाम कर दिया। परिवार का कहना है, बृहस्पतिवार की रात संजय यादव की परिजनों से बात हुई थी।

वह पटना में था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। बृहस्पतिवार सुबह राघोपुर गांव के बधार में शव मिला है। परिजनों को शक है कि अपराधियों ने गला दबाकर हत्या करा बधार में फेंक कर फरार हो गए। मृतक की बहन ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया है। बहन के मुताबिक अपराधियों के साथ मिलकर थाना प्रभारी ने हत्या करवाई है। उग्र भीड़ ने सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। जिससे 5 किमी लंबा जाम लग गया है। करीब 5 घंटे सड़क जाम रहा, जिसमें स्कूल बस भी फंसीं।

## पटना हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस बने जस्टिस सुधीर सिंह

**नई दिल्ली/पटना (एजेंसी)।** भारत की राष्ट्रपति ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एक बड़ा संवैधानिक आदेश जारी करते हुए पटना हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस सुधीर सिंह को नया एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया है। यह महत्वपूर्ण नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 223 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए की गई है। जस्टिस सुधीर सिंह यह बड़ी जिम्मेदारी शनिवार यानी 11 जुलाई 2026 को वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मीनाक्षी मदन राय के सेवानिवृत्त होने के तुरंत बाद संभालेंगे। निवर्तमान चीफ जस्टिस मीनाक्षी मदन राय ने पिछले महीने ही 2 जून को हाईकोर्ट के 48वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला था। नए स्थायी मुख्य न्यायाधीश के आने तक जस्टिस सुधीर सिंह बिहार की इस सर्वोच्च अदालत के प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों का संचालन करेंगे।

**चार पीढ़ियों से कानून की सेवा कर रहा है परिवार :** जस्टिस सुधीर सिंह का नाता एक ऐसे प्रतिष्ठित परिवार से है जिसने भारतीय न्यायपालिका को कई बड़े नाम दिए हैं। उनके परिवार की चार पीढ़ियां कानून की सेवा में लगातार सक्रिय रही हैं। इनके परदादा स्वर्गीय नंद किशोर प्रसाद सिंह ने सारण जिले के छपरा जिला अदालत से वकालत की शुरूआत की थी। इसके बाद इनके दादा स्वर्गीय बलदेव प्रसाद सिंह ने पटना हाईकोर्ट में एक लंबा और सफल सफर तय किया। वे काफी लंबे समय तक वहां के प्रतिष्ठित बैरिस्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर भी रहे।



#### वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मीनाक्षी मदन राय आज हो रही हैं सेवानिवृत्त

# परम्परागत मछुआरों की सूची जारी करने करे सरकार : गणेश कुमार बिन्द

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस के अवसर पर पटना में बिन्द-बेलदार विकास एवं सामाजिक सेवा संस्थान तथा फिशरमैन चैरिटेबल फाउंडेशन (ट्रस्ट) के संयुक्त तत्वावधान में मत्स्य किसान दिवस समारोह तथा संस्था एवं ट्रस्ट की संयुक्त आम बैठक का आयोजन किया गया, जिनका उद्घाटन इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश कुमार बिन्द ने दीप प्रज्वलित कर किया।

गणेश कुमार बिन्द ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से वर्षा जल में भारी कमी के कारण जलाशय एवं नदियों के सुखने तथा इन पर बांध-पुलियों के निर्माण से मछुआरों का मछली पालन एवं नौकायन व्यवसाय पूरी तरह से चौपट हो गया है। अतः परम्परागत मछुआरों को विकास की मुख्य धारा में शामिल करने हेतु पंचायत स्तर पर सामान्य मछुआरा समितियों के गठन के बदले परम्परागत मछुआरों से अन लाइन आवेदन प्राप्त कर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के सुढ़ीकरण करने और बिन्द ,बेलदार, नोनिया,केवट, गोडी, गंगोता ,चांय, मल्लाह आदि मछुआरा जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करने की सरकार से मांग की।



राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस के अवसर पर पटना में बिन्द-बेलदार विकास एवं सामाजिक सेवा संस्थान तथा फिशरमैन चैरिटेबल फाउंडेशन (ट्रस्ट) के संयुक्त तत्वावधान में मत्स्य किसान दिवस समारोह तथा संस्था एवं ट्रस्ट की संयुक्त आम बैठक का आयोजन किया गया।

उपस्थित लोगों द्वारा भारत सरकार की जातिगत गणना में बिन्द एवं बेलदार जाति को पूर्व की भांति यथावत रखते हुए इनका अलग- अलग जाति कोड आवंटित कर जातीय गणना कराने हेतु भारतध राज्य सरकार से मांग की गई ।साथ ही जातीय गणना में अपनी- अपनी जाति का नाम लिखवाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा अर्थात बिन्द जाति से हैं तो बिन्द, बेलदार जाति से हैं तो बेलदार , नोनिया जाति से हैं तो नोनिया और केवट जाति से हैं तो केवट आदि लिखने का आह्वान किया गया। नवम्बर में होने वाले पंचायत चुनाव में अपना कीमती वोट अपने समाज के योग्य उम्मीदवार को देने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में बाल्मीकि कुमार बिन्द, अभ्यानंद, भगवान महतो बिन्द, नन्हक बिन्द, रामजन्म बिन्द, अजय बिन्द, श्रीमती मंजू सिंहा केवट, शंकर महंथ बिन्द, कैलाश सिंह बिन्द, सुरेन्द्र बिन्द, रामजी बिन्द, किशोर कुणाल, हीरा बिन्द , अरविंद बिन्द आदि लोगों ने सभा को सम्बोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव रतन बिन्द तथा संचालन देशेश जलज ने किया। महंथ बिन्द, कैलाश सिंह बिन्द, सुरेन्द्र बिन्द, रामजी बिन्द, किशोर कुणाल, हीरा बिन्द , अरविंद बिन्द आदि ने सभा को सम्बोधित किया।

# शिक्षा मंत्री बोले- ओपन स्कूल बीबोस के जरिए अधिक से अधिक लोगों को शिक्षा से जोड़ें

**आमजन, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से की सहभागिता की अपील**

**कहा- सशक्त और प्रभावी विकल्प बना है बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने प्रदेश के आम लोगों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से आग्रह किया है कि वे बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबोस) के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के अभियान में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि ओपन स्कूल के रूप में बीबोस शिक्षा से वंचित बच्चों, युवाओं और वयस्कों के लिए एक सशक्त एवं प्रभावी विकल्प बनकर उभरा है।



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

शुक्रवार को शिक्षा मंत्री ने बयान जारी कर बताया कि बीबोस के तहत पिछले एक वर्ष में कुल 39,710 शिक्षार्थियों ने नामांकन कराया है। इनमें 10वीं कक्षा में 21,370 तथा 12वीं कक्षा में 18,340 नामांकन शामिल हैं। इन शिक्षार्थियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी हैं, जो राज्य में बढ़ती शैक्षणिक जागरूकता का सकारात्मक संकेत है।

श्री तिवारी ने कहा कि जून माह के सत्र में अबतक 17,730 शिक्षार्थियों ने नामांकन कराया, जबकि 22,626 शिक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। यह दर्शाता है कि शिक्षा से वंचित लोगों के बीच बीबोस की पहुंच और विश्वास दोनों लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियमित शिक्षा से किसी कारणवश दूर रह गए लोगों को बीबोस नई शुरुआत का अवसर प्रदान कर रहा है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्तमान सत्र में नामांकन की अंतिम तिथि 17 जुलाई तय है। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते नामांकन कराने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन को नई दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है और राज्य सरकार प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के सहयोग से ही शिक्षा का विस्तार संभव है। इसलिए जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, शिक्षाविद, अभिभावक एवं जागरूक नागरिक अपने आसपास के ऐसे लोगों को बीबोस से जुड़ने के लिए प्रेरित करें, जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर सके हैं। शिक्षा मंत्री श्री तिवारी ने भरोसा जताया कि सामूहिक प्रयासों से राज्य में शिक्षा का दायरा और व्यापक होगा तथा अधिक से अधिक लोग अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे।

## खबरें : एक नजर में

### बांकीपुर विधान सभा चुनाव में भाजपा अपनी पराजय के भय से उम्मीदवार बदला

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सीपीएम राज्य सचिव मंडल सदस्य मनोज कुमार चंद्रवंशी ने कहा की बांकीपुर विधानसभा उप चुनाव में भाजपा अपनी पराजय के भय से अपना उम्मीदवार बदल दिया। भाजपा ने कर्मठ कार्यकर्ता को अपमानित किया। पटना जिला से लेकर पुरे राज्य भर में डबल इंजन की सरकार के प्रति काफी आक्रोश हैं, महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य की बदतर हालत पर आमजन परेशानी झेल रहीं हैं । सम्राट सरकार डरी हुई हैं, पुलिसिया जुल्म से आमलोग आहत हैं, इनकाउंटर के नाम पर हत्या की जा रहीं हैं, गरीबों के घरों और दुकानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा हैं। भाजपा अध्यक्ष की खाली हुई विधानसभा सीट पर भाजपा की पराजय राज्य से लेकर देश में नई दिशा प्रदान करेगी। बांकीपुर उप चुनाव में मतदाताओं से अपील किया जाता हैं की अहंकार में डूबी भाजपा को चुनाव में पराजित करें।

### सुरक्षा कारणों से राजेंद्र नगर टर्मिनल-मेट्रो रूट पर रात्रि में वाहनों का परिचालन रहेगा बंद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ट्रैफिक एसपी सागर कुमार के मुताबिक मेट्रो कार्य स्थल पर सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए आरएन सिंह मोड़ से राजेंद्र नगर टर्मिनल के पास बहादुरपुर की तरफ जाने वाले दोनों लेन पर रात्रि में वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मेट्रो अधिकारियों के साथ हुई वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया है। राजेंद्र नगर टर्मिनल के पास निर्माण और मरम्मती का कार्य बाकी है, जो दिन में भारी यातायात के कारण ठीक से नहीं हो पा रहा था। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए कंपनी की सलाह पर दोनों लेन को रात में बंद कर काम पूरा किया जाएगा। शुक्रवार की रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक। प्रभावित क्षेत्रः राजेंद्र नगर टर्मिनल के पास दोनों तरफ की लेन में वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। आम जनता से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रात्रि में वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग करें।

### लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में अभियंता प्रमुख-सह-विशेष सचिव ( कार्य प्रबंधन) के पद पर अभय कुमार सिंह की पदस्थापना

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। विभाग के मुख्य अभियंता (रूपांकन) अभय कुमार सिंह को अभियंता प्रमुख-सह-विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) के पद पर पदस्थापित किया गया है। अभय कुमार सिंह वर्तमान में मुख्य अभियंता (असैनिक) के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। विभाग द्वारा उनके प्रशासनिक एवं तकनीकी अनुभव को ध्यान में रखते हुए उन्हें अभियंता प्रमुख-सह-विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) का दायित्व सौंपा गया है। श्री सिंह के नेतृत्व एवं अनुभव से विभागीय कार्यो के प्रभावी संचालन, विभिन्न परियोजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन तथा पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी योजनाओं की सतत निगरानी और बेहतर प्रबंधन को नई गति मिलेगी।

# बिहार एवं हरियाणा के बीच शुरू होगी सीधी अंतरराज्यीय बस सेवा

दैनिक नवसंदेश

**दोनों राज्यों के बीच अंतरराज्यीय बस परिचालन समझौते पर हुआ हस्ताक्षर**

**बीएसआरटीसी के छह प्रमंडलों से हरियाणा के प्रमुख औद्योगिक एवं व्यावसायिक शहरों तक मिलेगी सीधी बस सेवा**

**लाखों प्रवासी बिहारवासियों को मिलेगा सुरक्षित, आरामदायक एवं किफायती यात्रा का विकल्प**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के यात्रियों, विशेषकर हरियाणा में कार्यरत प्रवासी बिहारवासियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुलभ परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दोनों राज्यों के बीच बस सेवा उपलब्ध कराने के लिए शुक्रवार को हरियाणा में द्विपक्षीय इकरारनामा पर हस्ताक्षर हुआ। इकरारनामे पर बिहार सरकार की ओर से राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन तथा हरियाणा सरकार की ओर से अपर मुख्य सचिव (परिवहन) राजा शेखर वुंडरु ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा उपस्थित थे।

यह पहल मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के दूरदर्शी नेतृत्व, परिवहन विभाग मंत्री दामोदर रावत के मार्गदर्शन तथा परिवहन विभाग के सचिव राजकुमार के निर्देशन में साकार हुई है। इस समझौते के तहत दोनों राज्यों के बीच बस सेवाओं का संचालन हो सकेगा तथा विशेष रूप से हरियाणा में कार्यरत प्रवासी बिहारवासियों को किफायती दरों पर बेहतर बस सेवा उपलब्ध होगी।

**इन शहरों के बीच चलेगी आधुनिक एसी बस सेवा :** द्विपक्षीय समझौते के तहत बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के छह प्रमंडलों पटना, पूर्णिया, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा एवं भागलपुर से हरियाणा के गुरुग्राम, अंबाला, सोनीपत, पानीपत सहित अन्य निर्धारित शहरों के लिए आधुनिक वातानुकूलित (एसी) बसों का नियमित परिचालन किया जाएगा। इन बसों का संचालन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार किया जाएगा, जिससे यात्रियों को विश्वसनीय एवं समयबद्ध परिवहन सेवा उपलब्ध हो सके।

**जुलाई के अंत तक सेवा शुरू होने की संभावना :** परिवहन विभाग का लक्ष्य है कि सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी कर जुलाई माह के अंत तक अंतरराज्यीय बस सेवा प्रारंभ कर दी जाए। बसों के परिचालन से यात्रियों को समयबद्ध, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा का नया विकल्प मिलेगा।

**निजी परिवहन पर कम होगी निर्भरता :** परिवहन सचिव राजकुमार ने बताया कि बिहार सरकार अंतरराज्यीय सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। हरियाणा के साथ संपन्न यह इकरारनामा उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे यात्रियों को कम किराये में गुणवत्तापूर्ण एसी बस सेवा उपलब्ध होगी तथा निजी परिवहन पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य बिहार को देश के प्रमुख राज्यों से बेहतर एवं सुव्यवस्थित बस सेवाओं के माध्यम से जोड़ना है, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिल सके।

**प्रवासी बिहारवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता होगी पूरी :** हरियाणा देश के प्रमुख औद्योगिक एवं रोजगार उपलब्ध कराने वाले राज्यों में से एक है। गुरुग्राम, सोनीपत, पानीपत और अंबाला जैसे शहरों में बड़ी संख्या में बिहार के लोग निजी कंपनियों, औद्योगिक इकाइयों, निर्माण क्षेत्र, सेवा क्षेत्र, व्यापार तथा अन्य व्यवसायों में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं व्यवसायी भी नियमित रूप से दोनों राज्यों के बीच यात्रा करते हैं।

**यात्रियों को कम किराये पर सुरक्षित एवं विश्वसनीय यात्रा :** राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन' ने बताया कि अब तक अधिकांश यात्रियों को निजी बसों अथवा अन्य महंगे परिवहन साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे उन्हें अधिक किराया देना पड़ता था और कई बार असुविधाओं का भी सामना करना पड़ता था। नई अंतरराज्यीय बस सेवा प्रारंभ होने से यात्रियों को कम किराये पर सुरक्षित, आरामदायक एवं विश्वसनीय सरकारी परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। इससे न केवल यात्रा आसान होगी, बल्कि त्योहारों, अवकाश एवं विशेष अवसरों पर यात्रियों को बेहतर विकल्प भी मिलेगा।

**व्यापार, उद्योग एवं सामाजिक संबंधों को मिलेगा नया विस्तार :** यह बस सेवा केवल यात्रियों की सुविधा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि बिहार एवं हरियाणा के बीच आर्थिक, औद्योगिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक संबंधों को भी नई गति प्रदान करेगी। दोनों राज्यों के बीच आवागमन आसान होने से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसरों तक पहुंच सरल होगी तथा निवेश एवं पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। नियमित सार्वजनिक परिवहन सेवा से दोनों राज्यों के बीच लोगों का संपर्क और अधिक मजबूत होगा।

# मिशन मोड में करें टीबी के रोगियों की पहचान : डीएम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** माइक्रो प्लान बनाकर मिशन मोड में टीबी के रोगियों की पहचान करें एवं उनके इलाज की व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने "टीबी मुक्त भारत अभियान" की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान अंतर्गत पटना जिला में 14 अगस्त तक 2.5 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जानी है। इसके लिए पल्स पोलियो अभियान की तरह माइक्रो प्लान बनाकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 3 जुलाई को हुई समीक्षा में जिला अंतर्गत हुए स्क्रीनिंग की संख्या मात्र 50,494 थी जो 9 जुलाई तक 1 लाख से अधिक हो गयी है। अन्य इंडिकेटर में भी वृद्धि हुई है पर इसमें और तेजी लाने की जरूरत है।

जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को निदेश दिया कि ओपीडी में आने वाले हर मरीज की टीबी स्क्रीनिंग जरूर की जाए। उन्हें कहा गया कि पर्याप्त संख्या में टीम बनाकर अपने क्षेत्र में आने वाले बड़े-बड़े मार्केट कम्प्लेक्स के कर्मियों एवं वहाँ आने वाले लोगों की भी जाँच करवाने की व्यवस्था करें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में जिला अन्तर्गत 30 मोबाईल जाँच टीम लोगों की स्क्रीनिंग में लगी है। जिनके द्वारा एक दिन में कम-से-कम 100 लोगों की स्क्रीनिंग की जानी है।

जिलाधिकारी ने कहा कि वैसी जगहों को चुने जहाँ अधिक-से-अधिक लोगों की एक साथ जाँच हो सके। जिला शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय कर सरकारी एवं निजी विद्यालयों के बच्चों की जाँच करावें। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में रहने वाले कम-से-कम 10 प्रतिशत लोगों की जाँच की जानी हैं

जिला अंतर्गत चिन्हित 345 हाई रिस्क वाले गाँवों में कैम्प लगाकर टीबी. की स्क्रीनिंग करने का निदेश दिया गया। जीविका के सदस्यों, कस्तूरबा गाँधी विद्यालय की बच्चियों, महादलित टोला के लोगों के लिए भी कैम्प लगाकर ही टीबी. की स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिए गए। जाँच में पाए गए संदिग्ध रोगियों का एक्स-रे, ट्रू नेट, सीबीनेट जैसी जाँच एवं आवश्यकतानुसार ईलाज एवं अन्य देखभाल के भी निदेश दिए गए। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को भी निदेश दिया गया कि वे अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर टीबी. जाँच के लक्ष्य को पूरा कराना सुनिश्चित करें। टीबी. जाँच संबंधी कार्य एवं आँकड़ों के संधारण में लापरवाही पर सीनियर टीबी सुपरवाईजर-के मानदेय में 5 प्रतिशत की कटौती का निदेश जिलाधिकारी ने दिए।

बैठक में उप विकास आयुक्त शुभम कुमार द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत एड्स की भी स्क्रीनिंग चल रही है। इसकी जाँच में भी तेजी लाने का निर्देश दिए गए।

# राज्य में उर्वरक की है भरपूर उपलब्धता, किसी भी जिले में नहीं है कमी : विजय कुमार सिन्हा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही विभिन्न खबरों के मद्देनजर कृषि विभाग के सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर विभाग लगातार निगरानी रखे हुए है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा।

बैठक के दौरान बताया गया कि राज्य में किसानों की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का स्टॉक उपलब्ध है तथा विभिन्न जिलों में नियमित रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

मंत्री ने किसानों से अपील की है कि वे उर्वरक खरीदते समय रसीद अवश्य लें और यदि किसी विक्रेता द्वारा अधिक मूल्य वसूला जाए या गुणवत्ता में गड़बड़ी पाई जाए, तो इसकी सूचना तुरंत जिला कृषि पदाधिकारी कार्यालय या विभागीय हेल्पलाइन नंबर - 0612-2233555 एवं व्हाट्सऐप नंबर 7766085888 पर दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके और किसानों के अधिकारों की रक्षा हो सके। यदि कोई किसान लिखित शिकायत या आवेदन करेगा तो त्वरित जाँच कराकर कार्रवाई होगी।

विशेष रूप से सीमावर्ती जिलों के सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण एवं अंतर्राज्यीय अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए विशेष जांच अभियान चलाएं। उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, अनियमितता अथवा कालाबाजारी में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

मंत्री ने कहा है कि किसान की मेहनत, उसके पसीने और उसकी फसल से कोई भी समझौता राज्य सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। शारदीय (खरीफ) 2026 के दौरान किसानों को समय पर, पर्याप्त मात्रा में और निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए उर्वरक की कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोरतम कार्रवाई की जा रही है। राज्य से लेकर जिला और प्रखंड स्तर तक प्रशासनिक तंत्र को पूरी तरह सक्रिय किया गया है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता की कोई गुंजाइश न रहे।

उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि राज्य के किसी भी जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। 10 जुलाई तक राज्य में उपलब्ध भंडार इस प्रकार है - यूरिया 4.33 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 1.43 लाख मीट्रिक टन, एनपीके 2.52 लाख मीट्रिक टन, एमओपी 0.69 लाख मीट्रिक टन, और एसएसपी 1.26 लाख मीट्रिक टन।

इस दौरान कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए तथा किसानों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## खबरें खास-खास

# एकीकृत 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा 26 जुलाई को

**पटना / एनएसबी।** बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक एकीत 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा की निर्धारित तिथि दिनांक-26 जुलाई को 12 बजे मध्याहन से 2 बजे अपराहन तक राज्य स्थित जिलों में आयोजित की जायेगी।

# राज्य के 10 इंजीनियरिंग कॉलेजों और बीईयू में सृजित किए गए 76 शैक्षणिक पद

**बिहार के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में दूर होगी शिक्षकों की कमी, राज्य के इन इंजीनियरिंग कॉलेजों में होगा प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों का सृजन**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अहम प्रस्ताव पर राज्य मंत्रिपरिषद ने बड़ा फैसला लिया है। बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य के 10 इंजीनियरिंग कलेजों और बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय (बीईयू) में 76 शैक्षणिक पदों के सृजन की मंजूरी दी गई है। बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय जल्द ही अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के मानकों के अनुरूप इनमें 9 प्रोफेसर, 29 एसोसिएट प्रोफेसर और 38 असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती करेगा। गौरतलब है कि राज्य के 10 इंजीनियरिंग कॉलेजों और बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय (बीईयू), पटना में सिविल इंजीनियरिंग में पोस्ट ग्रेजुएट यानी एमटेक की पढ़ाई 2025-26 से प्रारंभ की गई है। अन्य विषयों में एमटेक की पढ़ाई पहले से संचालित हो रही है। माना जा रहा है कि सरकार के इस फैसले से राज्य में तकनीकी शिक्षा और शोध को गति मिलेगी। स्वीकृत किए गए कुल 76 पदों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिनके लिए वेतन स्तर भी निर्धारित कर दिए गए हैं। बिहार के जिन संस्थानों में इन पदों को भरा जाएगा, वहां एमटेक की पढ़ाई या तो पहले से संचालित है या हालिया सत्र से शुरू की गई है। इनमें एमआईटी मुजफ्फरपुर, बीसीई भागलपुर, नालंदा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया, कटिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, कटिहार, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, वैशाली, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पश्चिम चम्पारण, सुपौल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सुपौल, श्री फणीश्वरनाथ रेणु इंजीनियरिंग कॉलेज, अररिया, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना शामिल हैं।

> मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार तकनीकी शिक्षा को नई उंचाई देने के लिए संकल्पित है। कैबिनेट द्वारा 76 नए शैक्षणिक पदों के सृजन की मंजूरी से 10 इंजीनियरिंग कॉलेजों और बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर होगी। एआईसीटीई मानकों के अनुरूप 9 प्रोफेसर, 29 एसोसिएट प्रोफेसर व 38 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की जाएगी। सिविल इंजीनियरिंग में एमटेक शुरू होने के बाद यह फैसला बहुत जरूरी था। इससे शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। हम चाहते हैं कि बिहार के युवाओं को तकनीकी शिक्षा और रोजगार के लिए पलायन न करना पड़े।
>
> ***श्रीमती शीला कुमारी, मंत्री, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग***

# पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से लाभुकों के खाते में ट्रान्सफर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा 10 जुलाई को सामाजिक सुरक्षा के छह पेंशन योजनाओं की पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से लाभुकों के खाते में ट्रान्सफर की गई। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना एवं इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना अंतर्गत पटना जिला में पेंशनधारियों की कुल संख्या 4,56,563 है। इनके खाते में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी के माध्यम से जून माह की पेंशन राशि के रूप में 65,32,10,300 रुपये ट्रान्सफर किए गए। समाहरणालय, पटना में आयोजित कार्यक्रम में 65 पेंशनधारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम में शामिल शिवनाथ विश्वकर्मा, भागीरथ सरकार, श्रीमती शीला देवी, नेहा राज एवं राजेश कुमार को जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया। सभी पेंशनधारियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शुभम कुमार, अपर समाहर्ता विशेष कार्यक्रम, डीपीओ आईसीडीएस, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा आदि भी उपस्थित थे।

# चॉइस इंटरनेशनल और एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज के बीच साझेदारी, चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग में 900 करोड़ रुपये का निवेश

**मुंबई/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भारत के प्रमुख डायवर्सिफाइड वित्तीय सेवा समूहों में से एक चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड ने दक्षिण कोरिया के अग्रणी वित्तीय संस्थानों में से एक एनएच फाइनेंशियल ग्रुप की सब्सिडियरी एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज कंपनी लिमिटेड के साथ रणनीतिक गठजोड़ की घोषणा की। इसके तहत चॉइस की ब्रोकिंग एवं वेल्थ मैनेजमेंट इकाई चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड में 900 करोड़ रुपये का रणनीतिक निवेश किया गया।

चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यकारी निदेशक अरुण पोद्दार ने इस साझेदारी पर कहा, "यह निवेश हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह हमारे विजन, कारोबारी मॉडल तथा दीर्घकालिक संभावनाओं पर एक अग्रणी वैश्विक वित्तीय संस्थान का भरोसा दिखाता है।

एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिन जे वूक ने इस बारे में कहा, "यह रणनीतिक निवेश एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज के वैश्विक कारोबार पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है । चॉइस समूह के साथ हमारी यह साझेदारी दोनों संस्थानों की ताकत को एक साथ लाएगी, जिससे हम विशिष्ट वित्तीय सेवाएं प्रदान कर सकेंगे और अपने वैश्विक कारोबार के लिए दीर्घकालिक तथा टिकाऊ विकास के नए आधार तैयार कर सकेंगे।

यह रणनीतिक निवेश चॉइस की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है । साथ ही, यह इस बात का भी प्रमाण है कि दक्षिण कोरिया के अग्रणी वित्तीय संस्थानों में शामिल एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज को भारत में अगली पीढ़ी का वित्तीय सेवा मंच तैयार करने की चॉइस की सोच एवं दीर्घकालिक रणनीति पर पूरा भरोसा है।



चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड ने दक्षिण कोरिया के अग्रणी वित्तीय संस्थानों में से एक एनएच फाइनेंशियल ग्रुप की सब्सिडियरी एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज कंपनी लिमिटेड के साथ रणनीतिक गठजोड़ की घोषणा की।

भारत का पूंजी बाजार इस समय अभूतपूर्व वृद्धि के दौर से गुजर रहा है । खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी, निवेशकों में बढ़ती जागरूकता तथा डिजिटल तकनीक को तेजी से अपनाए जाने से इस वृद्धि को बल मिला है । ऐसे माहौल में चॉइस को ब्रोकिंग, वेल्थ मैनेजमेंट, निवेश वितरण तथा पूंजी बाजार से जुड़े अपने कारोबार के विस्तार के साथ-साथ ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के पर्याप्त अवसर दिखाई दे रहे हैं । इस गठजोड़ के तहत एनएचआईएस कंपल्सरिली कन्वर्टिबल प्रेफरेंस शेयर्स के माध्यम से चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड में 900 करोड़ रुपये का निवेश करेगा । इस पूंजी का इस्तेमाल ग्रोथ कैपिटल के रूप में किया जाएगा, जिससे कंपनी अपने ओवरऑल बिजनेस का विस्तार करेगी। इसमें एमटीएफ बुक का विस्तार, टेक्नोलॉजी में रणनीतिक निवेश, नए ग्राहकों को जोड़ना, प्रतिभा का विकास, नए उत्पादों का विकास तथा कारोबार की विस्तार क्षमता को मजबूत करना शामिल है। यह साझेदारी केवल पूंजी निवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे भारत के वित्तीय बाजारों में चॉइस की बढ़ती मौजूदगी का लाभ एनएचआईएस की वैश्विक संस्थागत विशेषज्ञता, टेक्नोलॉजी पर आधारित ऑपरेशनल मॉडल तथा एशिया के सबसे विकसित पूंजी बाजारों में से एक में उसके लंबे अनुभव के साथ मिलेगा । दोनों कंपनियों के बीच इस सहयोग से इंस्टीट्यूशनल ब्रोकिंग, रिसर्च, पूंजी बाजार, कॉरपोरेट गवर्नेंस, जोखिम प्रबंधन, अनुपालन तथा परिचालन की उत्कृष्टता जैसे क्षेत्रों में ज्ञान एवं अनुभव का आदान-प्रदान होने की उम्मीद है ।

## संक्षिप्त खबरें

### अपराध का भ्रूण मारो, तभी आएगा राम राज्यः अमरनाथ गामी

**दरभंगा(एनएसबी)।** पूर्व विधायक अमर नाथ गामी ने प्रेस को जारी बयान में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा आप चुप रहे तो समाज मर जायेगा। श्री गामी ने कहा कि केवल भाषणों से अपराध नहीं रुकेगा। पुलिस अपराधी को पकड़ती है, लेकिन न्याय में देरी के कारण अपराधी जमानत पर बाहर आकर फिर वारदात करता है। देर से मिला न्याय, आपराधिक मानसिकता को खत्म नहीं कर पाता। बिमारी के लक्षण का इलाज करने से बिमारी नहीं जाती। अपराध को पनपने से पहले, उसके भ्रूण की ही हत्या करनी पड़ेगी। तभी सच्चा राम राज्य आएगा। श्री गामी ने कहा कि हत्यारा हमारे ही घर में पलता है। घर वालों और आस-पड़ोस को पता होता है, फिर भी हम चुप रहते हैं। छोटी वारदात को नजरअंदाज करने से ही कल का बड़ा अपराधी जन्म लेता है। समाज को पुलिस का साथ देना होगा। सरकार इतनी ही मजबूत होती तो अमेरिका में राष्ट्रपति और भारत में दो प्रधानमंत्री की हत्या नहीं होती। इसलिए केवल सरकार के भरोसे बैठना खतरनाक है। सरकार और समाज, दोनों जब तक संयुक्त रूप से जवाबदेह नहीं बनेंगे, तब तक राम राज्य नहीं आएगा।"

### डीएमसीएच के न्यू बिल्डिंग 2 के ड्रेसिंग रूम में कभी भी हो सकता है हादसा

**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नया बिल्डिंग 2 साल पूर्व से बना है जिसमें अभी इमरजेंसी सर्जरी एवं आँखों मेडिसिन के रोगी को इलाज किया जा रहा है। वहां की स्थिति ऐसा है की ड्रेसर लोगों के लिए जो रूम दिया गया है उसमें पानी टपक रहा है। ना उसमें पंखा है ना एसी की सुविधा है। कभी भी मकान गिर सकता है। पीने की पानी की किल्लत हर वक्त बना हुआ रहता है। डीएमसीएच का हाल बरसात होने के बाद रोड पर पानी लगा रहता है एवं मेडिसिन,बच्चा वार्ड में पानी लगा रहता है।

### लापता मामा की खोज में निकले भांजा की सड़क दुर्घटना में मौत

**झंझारपुर(एनएसबी)।** झंझारपुर थाना क्षेत्र के एनएच 27 बाजार के निकट शुक्रवार शाम ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार बुरी तरह जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया और जख्मी को झंझारपुर पीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने डीएमसीएच रेफर कर दिया। यहां डाक्टरों ने जख्मी का चेकअप करते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नदी थाना सुपौल क्षेत्र के रसुआर निवासी शिवनारायण साह के पुत्र चंद्रशेखर साह 19 वर्ष हुई है। चचेरे भाई संजय साह ने बताया कि मृत के मामा राजदेव साह 15 दिनों से लापता है। उनकी तलाश स्वजन जगह-जगह कर रहे हैं। चंद्रशेखर भी अपने मामा की खोज करने दरभंगा आया था। फिर वापस लौटने के दौरान हादसे का शिकार बन गया है। इधर, सूचना पर पहुंची बेंता थाना ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### लेट से आई धान, मक्का की बीज किसानों ने लेने से किया इन्कार

**जाले (एनएसबी)।** जाले प्रखंड कार्यालय में धान की हाइब्रिड बीज और मक्का की बीज लेट से आई है, समय पर नहीं मिलने के कारण किसानों ने लेने से इनकार कर दिया है। किसान सलाहकार राजीव कुमार ने बताया की मुरैठा समेत क्षेत्र के अधिकांश गांवों के किसान का बिचरा तैयार है जो बोडिसे पटाकर रोप रहें हैं।और सुगर के आतंक के कारण क्षेत्र में मक्का की खेती बंद हो गई है। जिस कारण लोग धान और मक्का के बीज लेने से इन्कार कर दिया है।

### सदर पीएचसी की नई प्रभारी डॉ. रीना कुमारी ने संभाला पदभार



**दरभंगा(एनएसबी)।** सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को डॉ. रीना कुमारी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले डॉ. उमा शंकर प्रसाद प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. रीना कुमारी ने कहा कि ओ पी डी समय पर खुलेगा और समय पर बंद होगा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने निर्देश दिया कि दवा की कोई कमी नहीं होनी चाहिए, दवा हर वक्त स्टॉक में रहनी चाहिए। अगर दवा नहीं है तो इसकी सूचना देकर जल्द से जल्द स्टोर कर लेना चाहिए।

### सदर के नए सीओ बोले- 'कार्यालय परिसर में बिचौलिया दिखे तो खैर नहीं



**दरभंगा सदर(एनएसबी)।** बहादुरपुर अंचल से स्थानांतरित होकर आए सदर अंचल के नए सीओ निश्छल प्रेम ने पदभार ग्रहण करते ही एक्शन मोड में आ गए हैं।पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सभी कर्मियों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि अपनी-अपनी जिम्मेवारी ईमानदारी पूर्वक निभाएं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अंचल परिसर या कार्यालय में अगर बिचौलिया देखा गया तो उसकी खैर नहीं होगी। सीओ श्री प्रेम ने बताया कि अंचल के सामने स्थित तालाब को डाक के माध्यम से टेंडर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी पदभार लिया है, दस दिन में सारी जानकारी प्राप्त कर काम और तेजी से किया जाएगा।

### पब्लिक स्कूल एसोसिएशन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को किया सम्मानित



**दरभंगा(एनएसबी)।** शुक्रवार को पब्लिक स्कूल एसोसिएशन, दरभंगा के अध्यक्ष एच एन कश्यप की अध्यक्षता में सात सदस्यीय एक शिष्टमंडल ने शिक्षा भवन, करमगंज पहुँचकर जिला शिक्षा पदाधिकारी डीईओ विद्यानंद ठाकुर को मिथिला की परंपरा के अनुसार पाग, चादर एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। इसके उपरांत जिले में निजी विद्यालयों के संचालन से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। डीईओ द्वारा दिए गए सुझाव एवं विचार संतोषजनक एवं सराहनीय रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव अखिलेश भट्ट, मीडिया प्रभारी हेमेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता तरुण कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष गौरी कुमार झा, हरि नारायण साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### हरिहरपुर मे निखिल के लेफ्टिनेंट कर्नल बनने से खुशी की लहर



**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी निखिल कुमार झा के लेफ्टिनेंट कर्नल बनने की जानकारी मिलते ही पुरे गांव मे खुशी की लहर दौड़ गई। निखिल ने आर्मी मेडिकल कोर्ट पुणे से पास आउट होकर लेफ्टिनेंट कर्नल का पद संभाला है। गांव के लाल की सफलता पर क्षेत्र के लोग परिजनों को बधाई दे रहे हैं। विजय कुमार झा के पुत्र निखिल कुमार झा का चयन एएफएमसी पुणे में हुआ था। जहां से पास आउट होकर आर्मी मेडिकल कोर में उन्हें लेफ्टिनेंट कर्नल बनाया गया है। उनकी तैनाती के लिए उन्हें चंडीगढ़ भेजा गया है। निखिल के पिता सीआईएफ में हेड कांस्टेबल पद पर चेन्नई में कार्यरत हैं।

### दरभंगा में एयरटेल कर्मी को गोली मारने के मामले में सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा में अपराधियों ने एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है। जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र के निमैठी चौक पर गुरुवार की देर रात्रि एयरटेल कंपनी के एक कर्मी को बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। इस हमले में कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घायल की पहचान बहेड़ी थाना क्षेत्र निवासी संजीव कुमार सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह रात्रि में मोटरसाइकिल से काम खत्म कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान निमैठी चौक के पास पहले से घात लगाए एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में उन्हें दो गोलियां लगीं। एक गोली उनके चेहरे के जबड़े के पास लगी, जबकि दूसरी गोली कंधे में जा धंसी। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े।

# महिला का बाल काटकर और बेहोशी का सुई देकर घर में किया लाखों का लूटपाट

**बहादुरपुर के डरहार गांव में संध्या 6 बजे के करीब होम्योपैथिक चिकित्सक के घर हुआ भीषण डकैती**

**दरभंगा/बहादुरपुर(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के डरहार गांव में होम्योपैथिक चिकित्सक के घर में बृहस्पतिवार की शाम करीब 5 बजे भीषण डकैती की घटना घटी। डकैतों ने चिकित्सक की छोटी बहू के साथ मारपीट की, बाल काटे एवं हाथ पैर बांधकर मुंह में कपड़ा डाल दिया था जिससे वह बेहोश हो गई। लुटेरे ने 05 लाख रुपए से अधिक के जेवरात और नकद लूटकर फरार हो गए। जिले में इस तरह की पहली घटना है की जिसमें लुटेरे के द्वारा बाल काटने की घटना हुई है। महिला का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। घर के अंदर पांच की संख्या में डकैत आया था। घर में चिकित्सक की छोटी बहू 22 वर्षीय करिश्मा देवी और डेढ़ साल का एक मासूम बच्ची थी। घटना की सूचना मिलने के 1 घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। कहा जाता है कि बहादुरपुर थाना क्षेत्र के डरहार गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के बगल में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर पवन मिश्रा के मकान में गुरुवार की शाम अज्ञात बदमाशों ने घर के छत के रास्ते घर में प्रवेश गया। छोटी बहू करिश्मा कुमारी के साथ मारपीट कर बाल काट दिया हाथ पैर बांधकर घसीटा। उसके बाद महिला के पीठ में इंजेक्शन देकर बेहोश कर दिया। वही बदमाशों ने घर के टीवी को खोलकर तेज आवाज में बजाने लगा ताकि गांव के लोगों को कोई शक नहीं हो की घर में लूटपाट हो रहा है। बदमाशों ने 20 मिनट में घर के तीन कमरों में जमकर उत्पात मचाया। जब महिला बेहोश हो गई इसके बाद घर के कमरे में रखे दो गोदरेज के आलमीरा को खोलकर 5 लाख रुपए के आभूषण सहित 35 हजार रुपए नकद लूटकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर बहादुरपुर थानाध्यक्ष प्रसुंजय कुमार पहुंचे और एफएसएल की टीम को बुलाया। टीम ने जगह-जगह से हाथ का निशान संग्रह किया। लुटेरे ने घर से मंगलसूत्र, टीका, नथिया, डाला, पायल, हाथ का बाली, चाबी रिंग, कान का बाली, पायल, बिछिया, नाक का टॉप्स, अंगूठी सहित 35 हजार रुपए नगद राशि को लूटकर फरार हो गया। जब परिजन देर शाम घर पहुंचे तो घर में बहु बेहोश पड़ी थी। परिजनो ने इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। हालांकि घटना को 24 घंटे हो गए हैं लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। पहले दो नकाबपोश छत के सहारे घर में घुसा उसके बाद महिला को कब्जे में लेकर घर का मुख्य दरवाजा खोल दिया। इसके बाद तीन और लुटेरे घर के अंदर घुस गए। जबकि दूसरी मंजिल पर महिला का भगिना था, लेकिन उसे कुछ भी पता नहीं चला। जब सभी लुटेरे फरार हो गए उसके कुछ देर बाद नीचे आने पर हालात देखकर परिजनों को सूचना दी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है।स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सुपौल बाजार के प्रथम हॉस्पिटल में मिलेगी अब एम्स के चिकित्सक की सेवा

**प्रथम हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी सेंटर के मेडिसिन विभाग में एम्स के डॉ. विश्वनाथ झा ने संभाली जिम्मेदारी**



प्रथम हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. राजेश झा के साथ डॉ. विश्वनाथ झा।

**बिरौल (दरभंगा) (एनएसबी)।** क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। सुपौल बाजार डुमरी रोड स्थित प्रथम हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी सेंटर के मेडिसिन विभाग में एम्स के डॉ. विश्वनाथ झा ने अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दी हैं।उनके जुड़ने से अब मरीजों को सामान्य से लेकर जटिल बीमारियों का विशेषज्ञ उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगा। इस अवसर पर प्रथम हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. राजेश झा ने मिथिला की परंपरा के अनुरूप पाग, चादर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर एम्स के डॉ. विश्वनाथ झा का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।संस्थापक डॉ. राजेश झा, निदेशक डॉ. फैजुल हसन एवं डॉ. इरफान अंसारी ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रथम हॉस्पिटल का उद्देश्य ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को महानगरों जैसी आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।उन्होंने कहा कि हमारा संयुक्त प्रयास है कि प्रत्येक मरीज को बेहतर इलाज, आधुनिक जांच सुविधाएं और अनुभवी चिकित्सकों की सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों।उन्होंने बताया कि अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का इलाज किया जा रहा है,जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल रहा है। साथ ही अब आयुष्मान कार्डधारकों के लिए आंखों की जांच भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक मरीज इस सुविधा का लाभ उठा सकें। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि एम्स के डॉ. विश्वनाथ झा के जुड़ने से मेडिसिन विभाग और अधिक सशक्त हुआ है। अब बुखार, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायरॉयड, श्वसन रोग, संक्रमण सहित अन्य गंभीर बीमारियों का विशेषज्ञ उपचार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगा। अस्पताल का लक्ष्य मरीजों को भरोसेमंद, किफायती एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाना है।

## शोध संस्थान एवं ऑक्सफोर्ड संस्कृत टेक्स्ट सोसायटी के बीच प्रस्तावित एमओयू से बिहार की सांस्कृतिक विरासत को मिलेगी वैश्विक पहचान : विधायक ईश्वर मंडल

**सीएम सम्राट चौधरी एवं जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा से मुलाकात कर विधायक ईश्वर मंडल ने जताया आभार**



**दरभंगा(एनएसबी)।** मिथिला संस्कृत शोध संस्थान, कबड़ाघाट दरभंगा एवं ऑक्सफोर्ड संस्कृत टेक्स्ट सोसायटी के बीच प्रस्तावित संस्थागत सहयोग (एमओयू) को लेकर सीएम मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किए वय सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए विधायक राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद संजय झा से भी मुलाकात कर इस महत्वपूर्ण पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।विधायक श्री ईश्वर मंडल ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस प्रस्तावित सहयोग को बिहार के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बताया है। उन्होंने इस संबंध में राज्यसभा सांसद संजय झा द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण प्रस्ताव एवं अनुरोध की सराहना करते हुए उनका हार्दिक आभार भी व्यक्त किया है। इस संस्थागत सहयोग के माध्यम से मिथिला संस्कृत शोध संस्थान में संरक्षित हजारों दुर्लभ संस्कृत पांडुलिपियों का वैज्ञानिक सूचीकरण, डिजिटलीकरण, संरक्षण तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके शोध एवं प्रकाशन का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत को वैश्विक पहचान मिलेगी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन को नई दिशा प्राप्त होगी। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'ज्ञान भारतम् मिशन' के उद्देश्यों को बिहार में नई गति प्रदान करेगी।

## दरभंगा में आरपीएफ के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए सौंपा पत्र

**आरपीएफ के महानिदेशक से मिले सांसद, दरभंगा के लापता युवक की खोज का भी किया आग्रह**



**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा के भाजपा सांसद सह रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य डा गोपाल जी ठाकुर ने शुक्रवार को रेल भवन, दिल्ली में रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक सोनाली मिश्र से भेंट कर मिथिला क्षेत्र में खासकर दरभंगा में रेलवे सुरक्षा बल के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए पत्र सौंपा। साथ ही दरभंगा जिले के तारडीह प्रखंड के सकतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुर्सो नदियामी ग्राम निवासी सुभाष जी चौपाल की गुमशुदगी का मामला प्रमुखता से रखा तथा उनके शीघ्र सकुशल बरामदगी का आग्रह किया तथा सांसद डा ठाकुर के इस मुद्दे पर आरपीएफ की डिजी ने मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल आसनसोल मंडल के संबंधित रेलवे सुरक्षा बल एवं रेल पुलिस के अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर आवश्यक एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सांसद डा ठाकुर ने आरपीएफ महानिदेशक से हुई भेंट में उन्हें बधाई देते हुए कहा कि रेलवे सुरक्षा बल के 143 वर्षों के इतिहास में पहली बार इस पद पर किसी महिला को इतना बड़ा नेतृत्व तथा दायित्व सौंपा गया है जो इस बात का परिचायक है कि केंद्र की मोदी सरकार में महिला सशक्तिकरण के लिए ईमानदारी से ठोस पहल किए जा रहे हैं। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा में रेलवे सुरक्षा बल के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए महानिदेश से चर्चा करते हुए कहा कि अभी देश में रेलवे सुरक्षा बल के 14 प्रशिक्षण केंद्र तथा 1 केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र है।

## रेड रन 2026 प्रतियोगिता में 70 से अधिक प्रतिभागियों की हुई सहभागिता

**पुरुष वर्ग में सीएम कॉलेज के आलोक कुमार तथा महिला वर्ग में एमआरएम कॉलेज की मुस्कान कुमारी ने पाया प्रथम स्थान**

**दरभंगा(एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा परिसर में 'दरभंगा जिला स्तरीय रेड रन 2026 प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया, जिसमें दरभंगा जिला के रेड रिबन क्लब के नोडल पदाधिकारी डॉ आर एन चौरसिया, एनएसएस समन्वयक 02 डॉ शबनम कुमारी, एनएसएस पदाधिकारियों में पीजी इकाई के डॉ सोनू राम शंकर, सी एम साइंस कॉलेज के डॉ युगेश्वर साह, आरबी जालान बेला कॉलेज के प्रो शिव नारायण राय, जेके कॉलेज, बिरौल के डॉ शंभू पासवान, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना से रिसोर्स पर्सन शिवम कुमार, 34 प्रतिभागियों सहित कुल 70 से अधिक व्यक्तियों में भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता को डॉ आर एन चौरसिया एवं डॉ शबनम कुमारी ने हरी झंडी देकर विदा किया। रेड रन के पुरुष वर्ग में सीएम कॉलेज के आलोक कुमार-प्रथम, महात्मा गांधी कॉलेज के मणि रंजन पासवान-द्वितीय, आरबी जालान बेला कॉलेज के वीरेन्द्र कुमार-तृतीय, सीएम साइंस कॉलेज के अमन कुमार-चतुर्थ तथा आरबी जालान बेला कॉलेज के सुजीत कुमार ने पंचम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में एमआरएम कॉलेज की मुस्कान कुमारी- प्रथम, शुभ लक्ष्मी कुमारी- द्वितीय एवं राजलक्ष्मी कुमारी- तृतीय स्थान, सीएम साइंस कॉलेज की सुनिधि गुप्ता-चतुर्थ तथा आरबी जालान कॉलेज की मौसम कुमारी ने पंचम स्थान प्राप्त किया। सभी 10 सफल छात्र-छात्राओं को एड्स कंट्रोल बोर्ड की ओर से सामान्य ज्ञान दर्शन, श्रेष्ठ निबंध, भाषण कला, व्यक्तित्व विकास आदि 8-8 पुस्तकों का सेट एवं रैंक प्रमाण पत्र प्रदान कर हौसला-अफजाई किया गया, जबकि अन्य सभी प्रतिभागियों को आयोजक द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया। डॉ चौरसिया ने बताया कि युवाओं में एचआईवी/एड्स एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता हेतु राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, नई दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। एनएसएस समन्वयक-02 डॉ शबनम कुमारी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में एड्स जागरूकता, स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव अखिलेश भट्ट, मीडिया प्रभारी हेमेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता तरुण कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष गौरी कुमार झा, हरि नारायण साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### नगर परिषद परिसर से 10 वाहनों की बैटरी चोरी

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर नगर परिषद के पुराने परिसर में खड़े 10 सरकारी वाहनों की बैटरियां अज्ञात चोरों ने खोलकर चोरी कर लीं। घटना की जानकारी मिलते ही नगर परिषद कार्यालय में हड़कंप मच गया। नगर परिषद के कर्मियों ने शुक्रवार सुबह जब परिसर में खड़े वाहनों की जांच की तो सभी 10 वाहनों की बैटरियां गायब मिलीं।

## बहादुरपुर में नए बीडीओ का भव्य स्वागत, पूर्व बीडीओ, सीओ की हुई विदाई

**प्रखंड प्रमुख रूबी राज की अगुवाई में सम्मानपूर्ण विदाई समारोह आयोजित**



वर्तमान और निवर्तमान बीडीओ, सीओ के साथ प्रखंड प्रमुख ।

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जनप्रतिनिधि भवन में गुरुवार को एक भावुक और सम्मानपूर्ण माहौल देखने को मिला। यहां नव पदस्थापित बीडीओ आनंद कुमार विभूति के पदभार ग्रहण के साथ-साथ अपनी निवर्तमान बीडीओ अश्विनी कुमार एवं सीओ निश्छल प्रेम का विदाई सह स्वागत समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रूबी राज के द्वारा किया गया। प्रखंड प्रमुख रूबी राज ने मिथिला की समृद्ध परंपरा के अनुरूप नए बीडीओ आनंद कुमार विभूति को पाग,चादर,पुष्पमाला और अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। साथ ही निवर्तमान बीडीओ अश्विनी कुमार एवं अंचलाधिकारी निश्चल प्रेम को भी पाग-चादर,बुके,अंगवस्त्र एवं उपहार स्वरूप ब्रीफकेस देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। प्रखंड प्रमुख रूबी राज ने कहा कि बहादुरपुर प्रखंड के विकास, प्रशासनिक समन्वय और जनसमस्याओं के समाधान में निवर्तमान अधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही है। अश्विनी कुमार और निश्चल प्रेम ने अपने कार्यकाल में जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर विकास कार्यों को गति दी तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई। बीते वर्षों में बहादुरपुर में ऐसा सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।उन्होंने उम्मीद जताई कि नव पदस्थापित बीडीओ आनंद कुमार विभूति भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बहादुरपुर के विकास को नई दिशा देंगे। विदाई समारोह के दौरान वक्ताओं ने निवर्तमान बीडीओ अश्विनी कुमार के लगभग तीन वर्षों के कार्यकाल की खुले दिल से सराहना की। मुखिया संघ अध्यक्ष श्यामनंदन यादव ने कहा कि अश्विनी कुमार ने बिना किसी भेदभाव और अनावश्यक विवाद के प्रखंड की जनता की समस्याओं के समाधान का लगातार प्रयास किया।इसी तरह अंचलाधिकारी निश्चल प्रेम के कार्यकाल को भी जनप्रतिनिधियों ने सराहा और कहा कि उन्होंने भूमि,राजस्व एवं अंचल संबंधी मामलों में संवेदनशीलता और सजगता के साथ कार्य किया।निवर्तमान बीडीओ अश्विनी कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बहादुरपुर की जनता अत्यंत मिलनसार,सहयोगी और जागरूक है। अंचलाधिकारी निश्चल प्रेम ने भी बहादुरपुर में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह क्षेत्र भले ही जिला मुख्यालय से चन्द दूरी पर हो, लेकिन यहां की जनता बेहद सहयोगी,समझदार और प्रशासन के प्रति सकारात्मक सोच रखने वाली है। यदि कोई पदाधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुने और निष्पक्षता के साथ काम करे,तो यहां कार्य करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती।नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद कुमार विभूति ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि जनता की समस्याओं को समझना,उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना और विकास योजनाओं को धरातल तक पहुंचाना ही एक पदाधिकारी का सबसे बड़ा दायित्व है। बहादुरपुर प्रखंड में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन,जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर समाजसेवी एवं शिक्षक राजेश साहनी,मछुआ समिति के मंत्री धर्मेंद्र साहनी,उप प्रमुख मनोज सिंह,पिररी पंचायत के मुखिया नागेश्वर पासवान, कुशोथर पंचायत के मुखिया बसंत कुमार झा, अंदामा मुखिया अजीत कुमार चौपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अन्य लोगों ने भी पाग-चादर और पुष्पमाला पहनाकर नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद कुमार विभूति का अभिनंदन किया तथा निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्विनी कुमार एवं अंचलाधिकारी निश्चल प्रेम को सम्मानपूर्वक विदाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### जन संवाद में, जिलाधिकारी ने दिए समस्याओं के त्वरित निष्पादन के निर्देश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जन संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जन संवाद के दौरान भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। इस क्रम में जिलाधिकारी ने प्रत्येक समस्या को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का नियमित अनुश्रवण करते हुए नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करें तथा आवेदकों को की गई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराएं। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन मामलों का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव है, उनका तत्काल निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा जटिल मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए अनावश्यक विलंब से बचा जाए। जन संवाद में अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल, राजस्व प्रभारी धर्मराज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### बंगराहा हत्याकांडः माकपा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**उठायी, दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा की मांग**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के बंगराहा पंचायत में कथित अपहरण के बाद हुई हत्या की घटना को लेकर शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली।प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त की तथा न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में माकपा की राज्य कमेटी की सदस्य नीलम देवी, जिला सचिव मंडल के सदस्य विधान चंद्र राय, बंगराहा पंचायत शाखा सचिव रंजीत कुमार, अर्जुन राय, राम गोविंद राय, अखिलेश जी तथा रंधीर कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। मुलाकात के दौरान पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि विद्यापतिनगर थाना में पदस्थापित एसआई शक्ति सिंह मामले की निष्पक्ष जांच करने के बजाय घटना को दबाने और पीड़ित परिवार को प्रताड़ित करने का प्रयास कर रहे हैं। परिजनों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में माकपा की विद्यापतिनगर-दलसिंहसराय लोकल कमेटी ने आरोपों को गंभीर बताते हुए एसआई शक्ति सिंह को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। साथ ही बिहार सरकार से पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। पार्टी नेताओं ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो माकपा जनआंदोलन चलाने को बाध्य होगी।



### गश्ती के दौरान नशे की हालत में चार युवक गिरफ्तार

इबिथान थाना पुलिस ने नियमित गश्ती अभियान के दौरान स्थानीय बिथान बाजार से नशे की हालत में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान घनश्याम कुमार पिता - अशोक मुखिया, राजा कुमार पिता राम प्रसाद राय, ग्राम-कटौसी , थाना- बिथान ,राजन कुमार पिता प्रेम कुमार यादव ग्राम - मौजी, थाना-हसनपुर,अमरजीत मुखिया पिता-ब्रह्मदेव मुखिया, ग्राम-बिथान, जिला- समस्तीपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बाजार क्षेत्र में गश्ती के दौरान चारों युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए मिले। उनके व्यवहार पर संदेह होने पर पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की। जांच के क्रम में चारों के नशे की हालत में होने की पुष्टि होने पर उन्हें तत्काल हिरासत में लेकर थाना लाया गया। इसके बाद उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

### शराबबंदी कानून के नामजद आरोपी को बिथान पुलिस ने किया गिरफ्तार।

**बिथान (एनएसबी)।** बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत फरार चल रहे एक नामजद अभियुक्त को बिथान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस बाबत प्राप्त जानकारी के अनुसार बिथान थाना कांड संख्या 93/26 के नामजद एवं वांछित अभियुक्त अजीत मुखिया पिता बिंदु मुखिया, ग्राम - सोहमा , थाना - बिथान, जिला -समस्तीपुर को पुलिस ने उसके घर से विधिवत गिरफ्तार किया ।

### आईसीटी इनफॉर्मिंग एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी लैब कि अब जिला से होगी जांच

**दरभंगा (एनएसबी)।** सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों को अत्यआधुनिक तकनीक से जोड़ने और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य स्थापित की जा रही आईसीटी इनफॉर्मिंग एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी लैब कि अब जिला स्तर पर जांच की जाएगी। शिक्षा विभाग को लगातार ऐसी शिकायत मिल रही थी कि विद्यालयों में आवश्यक उपकरण उपलब्ध होने के बावजूद आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास का नियमित संचालन नहीं हो रहा है। इसके कारण सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। विद्यार्थियों को आधुनिक कंप्यूटर शिक्षा का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है ।शिक्षा विभाग इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी विद्यालयों की जांच करने का निर्णय लिया है ।जांच की जिम्मेदारी प्रखंड शिक्षा अधिकारी तथा प्रखंड आईटीसी समन्वयक को सौपी गई है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है ।कि विभाग की ओर से निर्धारित प्रपत्र को भरकर इसे एक हफ्ते के अंदर जिला मुख्यालय में समर्पित करें जिले में डिजिटल शिक्षा के विस्तार के लिए बड़े पैमाने पर संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। जिले में अभी 359 आईसीटी लैब तथा 462 स्मार्ट क्लास संचालित किया जा रहा है। आईसीटी लैब स्थापित करने के लिए आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति की जा रही है मिडिल स्कूलों में एक जबकि हाई स्कूलों में दो कमरों में स्मार्ट क्लास संचालन होना है ।इसके लिए 65 इंच की टीवी एवं यूपीएस उपलब्ध कराया गया है।

### मध्य विद्यालय माधोपुर के मध्याह्न भोजन में छिपकली मिलने की जांच शुरू

**बेनीपुर (एनएसबी)।** मध्य विद्यालय माधोपुर के मध्याह्न भोजन (एमडीएम) में छिपकली मिलने की शिकायत के बाद क्षेत्रीय प्रशासन ने शुक्रवार को मामले की जांच शुरू कर दी। एसडीओ के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय जांच टीम ने स्कूल पहुंचकर रसोईघर, भोजन वितरण व्यवस्था व सफाई की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए। टीम ने सबसे पहले प्रधानाध्यापक, रसोइयों, शिक्षकों व अन्य कर्मियों से पूछताछ की और एमडीएम से जुड़े दस्तावेजों की जांच भी की। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रूपेश राय ने बताया कि पूरी जांच कर रिपोर्ट एसडीओ को सौंपी जाएगी और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। बताया गया कि बुधवार को एमडीएम में छिपकली मिलने के बाद कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी, जिस कारण छात्र-परिवारों में भारी चिंता और दहशत का माहौल बना हुआ है। प्रभावित बच्चों को प्राथमिक उपचार दिया गया और मौके पर रसोई बंद कर दी गई थी। प्रबंधन ने कहा है कि जांच पूरी होने तक एमडीएम सेवा में आवश्यक सावधानियां बरती जाएंगी।स्थानीय अभिभावक प्रतिनिधियों ने तत्काल पारदर्शिता व जवाबदेही की मांग की है और घटना की निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ आवश्यक अनुशासनात्मक व कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा स्कूल के रसोईघर में स्वच्छता व खाद्य सुरक्षा के मानक सख्ती से लागू किए जाएंगे।

# जीत-हार से आगे बढ़कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना की सशक्त पाठशाला है खेल : डीएम

**मुंगेर, और सारण ने जीत के साथ किया आगाज, खगड़िया को मिला वॉक ओवर ● 65वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता आरम्भ**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** खेल विभाग, बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन, समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में शहर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, पू.म.रे., समस्तीपुर खेल मैदान में पांच दिवसीय 65वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता (बालिका अंडर-17)-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। शुक्रवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) राजेश कुमार सिंह, एडीओ दिलीप कुमार, एनडीसी रजनीश कुमार राय तथा जिला खेल पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करप्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल पर किक लगाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इससे पूर्व जिला खेल पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का हरित पौधा, खेल बैज एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रतिभागी खिलाड़ियों संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री कुशवाहा ने कहा कि खेल केवल क्षमता प्रदर्शन व जीत और हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व कौशल, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना की सशक्त पाठशाला है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने तथा खेल की गरिमा बनाए रखने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का श्रेष्ठ मंच हैं। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्रदान करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की नई प्रेरणा देते हैं। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों की टीमें भाग ले रही हैं। जिनके आवासन, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा, परिवहन तथा खेल मैदान सहित सभी व्यवस्थाएं जिला प्रशासन के सहयोग से की गई हैं, ताकि प्रतियोगिता का संचालन सफल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी, एडीएमओ अनुष्का श्रीवास्तव, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, शिक्षक, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक अनंत कुमार राय ने किया।

जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि, प्रतियोगिता के पहले दिन उद्घाटन मुकाबले में मुंगेर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुजफ्फरपुर को 2-1 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। वही दूसरे मुकाबले में कटिहार की टीम के निर्धारित समय तक मैदान पर उपस्थित नहीं होने के कारण खगड़िया को वॉक ओवर देकर अगले दौर में प्रवेश दिया गया। जबकि तीसरे मुकाबले में सारण ने शानदार आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए वैशाली को 9-0 के बड़े अंतर से पराजित कर अगले चक्र में अपनी जगह पक्की कर ली। प्रतियोगिता में सीतामढ़ी के रोहित कुमार, पश्चिम चंपारण के राहुल प्रियांशी, एवं समीर संजय तथा मुंगेर की मोना वर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।


उद्घाटन करते डीएम व अन्य।


फुटबॉल के पीछे भागते खिलाड़ी।

# पीएम-अजय अंतर्गत आदर्श ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अंतर्गत संचालित आदर्श ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय योजना मूल्यांकन-सह-अभिसरण समिति की कार्यशाला उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित ग्रामों के समग्र एवं समावेशी विकास के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, ग्राम विकास योजनाओं की समीक्षा करना तथा योजनाओं के प्रभावी अभिसरण के माध्यम से निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करना था। पीएमझअजय का आदर्श ग्राम घटक अनुसूचित जाति बहुल गांवों में आधारभूत सुविधाओं एवं आजीविका के समेकित विकास पर केंद्रित है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि आदर्श ग्राम योजना का उद्देश्य केवल आधारभूत संरचना का निर्माण नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, सड़क, आवास, कौशल विकास, आजीविका एवं सामाजिक सुरक्षा जैसी सभी आवश्यक सेवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा, ताकि चयनित गांवों का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चयनित गांवों की आवश्यकताओं का यथार्थ आकलन कर ग्राम विकास योजना तैयार करें तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं का अधिकतम अभिसरण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध तरीके से कार्यों का निष्पादन करें। साथ ही योजनाओं की नियमित निगरानी एवं मूल्यांकन पर विशेष बल दिया गया।

कार्यशाला के दौरान आदर्श ग्राम योजना के विभिन्न प्रावधानों, ग्राम विकास योजना के निर्माण, योजना के पोर्टल पर डाटा प्रविष्टि, प्रगति प्रतिवेदन, निगरानी व्यवस्था तथा विभागीय अभिसरण से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

बैठक में समिति के सदस्यगण एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे और योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु अपने सुझाव भी साझा किए। कार्यशाला के अंत में सभी संबंधित विभागों से समन्वित प्रयासों के माध्यम से चयनित गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया।



कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

# खानपुर में नए अंचल अधिकारी ने संभाला पदभार, पूर्व अंचल अधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

**खानपुर (एनएसबी)।** खानपुर अंचल कार्यालय में नव पदस्थापित अंचल अधिकारी प्रिया आयार्नी ने शुक्रवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने उन्हें पदभार सौंपते हुए कार्यालय की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक दायित्वों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी साझा की।

पदभार ग्रहण समारोह के उपरांत निवर्तमान अंचल अधिकारी के सम्मान में एक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मियों ने श्री कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि, प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जनसेवा की भावना सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भावना के साथ कार्य करने तथा आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील तरीके से समाधान करने का आग्रह किया। वहीं नव पदस्थापित अंचल अधिकारी सुश्री आयार्नी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, वे जनहित, पारदर्शी प्रशासन एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी के सहयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूर्व अंचल अधिकारी को स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।


नए सीओ का स्वागत करते निवर्तमान सीओ।

## नौकरी के साथ 6 साल की मेहनत लाई रंगः जफर ने इंटेलेक्चुअल रिसर्च एंड लॉ प्रवेश परीक्षा में किया शानदार रैंक हासिल, रिसर्च और लॉ की पढ़ाई करेंगे साथ-साथ

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बुलंद हौसले, कड़ी मेहनत और अटूट संकल्प के दम पर बिहार के समस्तीपुर जिले के आधारपुर के रहने वाले जाने माने मशहूर शिक्षक फिरोज अहमद के पुत्र जफर अहमद ने एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। वर्किंग प्रोफेशनल के तौर पर नौकरी करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की इंटेलेक्चुअल रिसर्च एंड लॉ प्रवेश परीक्षा में शानदार रैंक हासिल किया है। इस सफलता के साथ उन्हें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स से जुड़े शोध कार्य का अवसर मिला है। इसके साथ ही वे कानून की पढ़ाई भी करेंगे। जफर की शैक्षणिक पृष्ठभूमि इंजीनियरिंग की रही है। उन्होंने बी.टेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने पेशेवर जीवन की शुरूआत की, लेकिन उन्होंने अपने सपनों को कभी पीछे नहीं छोड़ा। लगभग छह वर्षों तक नौकरी और पढ़ाई के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और बेहतरीन टाइम मैनेजमेंट के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस सफलता से जिले में हर्ष का माहौल है।



## 11 से 15 जुलाई तक उत्तर बिहार में झमाझम बारिश के आसार, कई जिलों में भारी वर्षा और वज्रपात की संभावना

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** अगले 5 दिनों में मानसून के सक्रिय होने से उमस और गर्मी से त्रस्त लोगों और मायूस किसानों को बड़ी राहत मिलने वाली है। इस अवधि में होने वाली बारिश खरीफ फसल के लिए लाभकारी होने वाली है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा 11 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में मानसून पूरी तरह सक्रिय रहेगा। इस दौरान मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है, जबकि कुछ जिलों में भारी वर्षा के साथ वज्रपात और तेज हवा चलने का भी अनुमान जताया गया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 11 से 13 जुलाई के बीच उत्तर बिहार के अधिकांश हिस्सों में अच्छी वर्षा होगी। विशेष रूप से समस्तीपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण तथा सीवान जिले के कुछ स्थानों पर 11 और 12 जुलाई के आसपास भारी बारिश हो सकती है। वर्षा के दौरान कहीं-कहीं वज्रपात और तेज हवा चलने की भी संभावना है। पूवार्नुमान के अनुसार बारिश की गतिविधियों के कारण इस सप्ताह अधिकतम तापमान में पिछले सप्ताह की तुलना में कमी दर्ज की जाएगी। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 29 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जबकि बेगूसराय, वैशाली और सीवान में यह 34 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 24 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में अधिकांश दिनों तक आसमान में हल्के से घने बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय सापेक्षिक आर्द्रता 90 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 55 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हवाएं मुख्य रूप से दक्षिण-पश्चिम दिशा से 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास जाने से बचने की सलाह दी गई है। वहीं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था रखें।

# शहर में सूखे नशे का कारोबार चरम पर, कम उम्र के बच्चे भी चपेट में; कार्रवाई की उठी मांग

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** समस्तीपुर शहर में सूखे नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। आरोप है कि शहर के कई इलाकों में खुलेआम नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है, जिसकी चपेट में अब कम उम्र के बच्चे भी आने लगे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में इसके गंभीर सामाजिक दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार शहर के मुस्की मोहल्ला में सूखे नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है। इसके अलावा टुनटुनियां गुमटी काली मंदिर से लेकर राम बाबू चौक तक भी विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री होने की शिकायतें मिल रही हैं। सबसे चिंता की बात यह बताई जा रही है कि 8 से 10 वर्ष तक के बच्चे भी इन नशीले पदार्थों की गिरफ्त में आ रहे हैं, जिससे उनका भविष्य खतरे में पड़ता दिखाई दे रहा है। इस संबंध में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के नगर अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि शहर में लंबे समय से नशे का कारोबार संचालित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत मिलने पर पुलिस प्रशासन ने छापेमारी की, जिससे कुछ समय के लिए कारोबार पर रोक लगी, लेकिन बाद में फिर से यह धंधा शुरू हो गया। उन्होंने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग से मांग की कि नशा कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाए और ऐसे लोगों की पहचान कर उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नशे की लत से बच्चों और युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है, इसलिए इस समस्या को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से शहर को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने की अपील की है। लोगों का कहना है कि स्कूलों, सामाजिक संगठनों एवं अभिभावकों के सहयोग से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि बच्चे नशे की गिरफ्त में जाने से बच सकें। हालांकि, इन आरोपों पर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि शिकायतों में तथ्य पाए जाते हैं तो प्रशासन द्वारा जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है।


उमाशंकर मिश्रा।

## संक्षिप्त खबरें

### लदनियां सीओ कुमार राजीव रंजन का विदाई समारोह का आयोजन



**लदनियां (एनएसबी)।** अंचल अधिकारी कुमार राजीव रंजन का विदाई समारोह का भव्य आयोजन अंचल कार्यालय में कार्यरत लोगों के द्वारा किया गया। कुमार राजीव रंजन को कमीर्यो ने फूल माला पाग दुपट्टा से स्वागत कर नमन आंखों से विदाई दी। कमीर्यो ने उन्हें दूसरे अंचल में पदस्थापन के पश्चात विदाई देते हुए अपना उदगार व्यक्त करते हुए कहा की इनके सानिध्य में काम कर बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ।

### एलिसा टेस्ट से ही होगी डेंगू की पुष्टि, जागरूकता और लार्वा नियंत्रण पर विशेष जोर

**मधुबनी (एनएसबी)।** बरसात की शुरूआत के साथ डेंगू की आशंकाओं को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को नगर निगम के नगर आयुक्त उमेश कुमार भारती के अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डेंगू की रोकथाम, लार्वा नियंत्रण, फॉगिंग, जांच व्यवस्था तथा जन-जागरूकता अभियान की विस्तार से समीक्षा की गई। नगर आयुक्त ने कहा कि डेंगू की रोकथाम का सबसे प्रभावी तरीका मच्छरों के लार्वा को नष्ट करना है। उन्होंने उपस्थित विभिन्न विभागों के कर्मियों को कहा कि डेंगू नियंत्रण को लेकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए तथा आवश्यकता के अनुसार माइकिंग, आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) सामग्री का वितरण और सामुदायिक स्तर पर अभियान चलाया जाए।ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग, शहर में नगर निगम करेगा फॉगिंग:वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में एंटी-लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होगी, जबकि शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग एवं अन्य नियंत्रण गतिविधियों की जिम्मेदारी नगर निगम की रहेगी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), सीएफएआर के जिला समन्वयक तथा जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय जयनगर में एनसीसी भर्ती कार्यक्रम सम्पन्न

इपीएम श्री +2 उच्च विद्यालय अन्तर्गत 368/34 एनसीसी ट्रूप में नए सत्र के लिए कैडेटों का भर्ती कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें 25 छात्रों का चयन एनसीसी के जेसीओ सूबेदार राजकुमार एवं हवलदार निशान सिंह के देखरेख में सम्पन्न हुआ । इससे पहले 28 कैडेटों का चयन किया गया था। तीन कैडेटों को रिजर्व रखा गया है। इस प्रकार कुल 50 कैडेटों का चयन नियमित आधार और तीन कैडेटों का चयन रिजर्व आधार पर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार भी उपस्थित थे। एएनओ केशव चन्द्र झा ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के बाद कैडेटों को एक रेजिमेंटल नंबर दिया जाएगा और अगस्त महीने से परेड का आयोजन शुरू होगा। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में एनसीसी सेकंड इयर के कैडेट आदर्श कुमार, रवि कुमार, धनराज आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।



### 306 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**मधुबनी(एनएसबी)।** बासोपट्टी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 306 ग्राम गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिराही गांव निवासी कृष्णलाल यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि कृष्णलाल यादव नेपाल से गांजा लाकर अपने घर के सामने स्थित कटघरा की दुकान में रखकर उसकी बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन कर उसके घर एवं दुकान पर छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस बल ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दुकान से पॉलीथीन में रखा 306 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह नेपाल से गांजा खरीदकर लाता था और अपनी दुकान से उसकी बिक्री करता था। पुलिस ने बरामद गांजा के अलावा एक मोबाइल फोन एवं नगद राशि को भी जब्त कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।



### कोसी शाखा नहर के टूटे तटबंध का कराया गया मरम्मत

**खजौली (एनएसबी)।** पश्चमी कोसी नहर सिंचाई परियोजना के तहत प्रखंड के दतुआर, सरावे, ठाहर होते हुए राजनगर प्रखंड के गौड़ीमेरन तक जाने वाली कोसी शाखा नहर के टूटे पश्चमी तटबंध का विभाग द्वारा शक्रवार को मरम्मत कर दिया गया। तटबंध के मरम्मत बाद खेतों में फैल रहे पानी का बहाव रूक गया। पानी का बहाव रुकने से ठाहर, ठेंगहा, बेंता आदि गांव के सैकड़ों किसानों ने राहत की सांस ली। वहीं तटबंध मरम्मत बाद पुनः शाखा नहर में पानी का बहाव शुरू हो जाने से लक्ष्मीपुर, रसीदपुर, गौड़ीमेरन गांव के किसान के खेतों तक पानी पहुंचना शुरू हो गया है, जिससे उक्त गांव के किसानों में खुशी है। इधर विभाग द्वारा बालू भरे बोरी एवं मिट्टी डालकर टूटे तटबंध का मरम्मत कर दिया गया। शाखा नहर के मरम्मत कार्य में लगे मेधा ईंजियरिंग कंपनी के कनियअभियंता आनंद मोदी ने कहा की पानी के अधिक दवाव के कारण तटबंध टूट गया। वहीं शाखा नहर के दोनों तटबंध में कई जगह बन आई दरारों के संबंध में पूछे जाने पर उन्होने कहा कि पानी का बहाव शुरू होने के बाद भींगकर मिट्टी जगह पकड़ रही है। इस कारण कहीं-कहीं यह स्थिति दिखाई पड़ रही है। वहीं आसपास के किसानों का भी कहना था कि सामान्य से अधिक पानी अचानक शाखा नहर में छोड़ दिया गया। पानी के दवाब के कारण तटबंध टूट गया। विभाग द्वारा शुक्रवार को टूटे तटबंध का मरम्मत कर दिया गया।



### बी.डी.ओ. की पहली कार्रवाई

**दो कर्मियों को कारण बताओ नोटिस**

**बेनीपुर/एनएसबी।** कार्यभार संभालते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार कर्ण ने कार्यालय की कार्य संस्कृति सुधारने की दिशा में सख्त कदम उठाया है। शुक्रवार को औचक निरीक्षण के दौरान बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए दो कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।नोटिस प्राप्त करने वालों में स्वच्छता सुपरवाइजर सत्य प्रकाश और आवास कार्यपालक सहायक राहुल कुमार शामिल हैं। बी.डी.ओ. ने स्पष्ट कहा कि कार्यालय में समयबद्ध उपस्थिति और अनुशासन उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना सूचना अनुपस्थित रहने या कार्य में लापरवाही बरतने वाले किसी भी कर्मी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बी.डी.ओ. के इस कदम से प्रखंड कार्यालय के कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। कर्मचारियों का मानना है कि इससे कार्यालय की कार्यशैली में सुधार होगा और आम लोगों को समय पर सुविधा मिल सकेगी।

# थोड़ी सी बारिश में बदहाल जिंदगी, सड़क नरक में तब्दील

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां प्रखंड क्षेत्र के पदमा छपकी पीडब्ल्यूडी सड़क, लक्ष्मिनिया से भगवतीपुर ,महुलिया से कुमरखत होते हुए तेनुआही,तेनुआही गांव से सिधपकला होते हुए बाबूबरही प्रखंड के भटचौड़ा,नासपटी व कामेपटी से बाबूबरही मुख्य सड़क जो मधुबनी जिला का एक मात्र सड़क है, के साथ ही प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण सड़क चाहें उस सड़क का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री सड़क संपर्क योजना, मुख्यमंत्री सड़क संपर्क योजना, विधायक ऐक्छिक कोष, सांसद निधि कोष या फिर त्रीस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधि के द्वारा बनाए गए काली करण व पीसीसी सड़क हो थोड़ी सी बारिश में ही झिल में तब्दील हो जाता है। सड़कों पर जलजमाव के कारण सड़क टूट कर बिखर गया है। सड़कों पर गड्ढा है और लोग उक्त सड़क पर चलने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं शैकक्षणिक कार्य से घर से बाहर जाने वाले बच्चे भी बदहाल सड़क अपने बदहाल जिंदगी पर आठ आठ आंसू रो रहा है। उक्त होता है आखिर कब सुधरेगी गांवों की सूरत? और इन सड़कों के इस हालात के जिम्मेदार कौन है। लोगों का आरोप है कि सरकार, जिला के अधिकारी व विभाग के अधिकारी।लदनियां प्रखंड के दोनवारी , महुलिया, मरनैया चौक, मरनैया, कुमरखत एवं तेनुआही गांव की जमीनी हकीकत अधिकारियों को नहीं ग्रामीण व राहगीरों को पता है। जबकि उक्त सड़क मार्ग से लगभग प्रत्येक दिन किसी न किसी विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि का आना जाना है। परंतु सड़कों पर जलजमाव , एवं जर्जता किसी को कोई लेना-देना नहीं है। सड़कों की हालत स्थायी समस्या बन चुकी है।हैरानी की बात यह है कि थोड़ी सी भी बारिश होने पर पूरी सड़क समंदर में तब्दील हो जाती है। चारों तरफ पानी ही पानी लग जाता है, जिससे आम जनमानस का जीना मुहाल हो चुका है।

स्कूल आने जाने वाले बच्चों के लिए भी यह सड़क जानलेवा साबित हो गया है। सबसे ज्यादा तकलीफदेह यह है कि जलजमाव वाले सड़क के ठीक बगल में ही विधालय है। इस जलजमाव के कारण छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को हर रोज इसी गंदे और बदबूदार पानी के बीच से होकर स्कूल जाना पड़ता है। हर वक्त बच्चों के गिरने, चोटिल होने और गंभीर बीमारियों की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। क्या हमारे बच्चों का भविष्य इसी गंदगी के बीच से होकर गुजरेगा?सबसे बड़ा सवाल इतनी गंभीर समस्या होने के बावजूद न तो स्थानीय प्रशासन इस पर कोई ध्यान दे रहा है और न ही हमारे जनप्रतिनिधियों को जनता की इस तकलीफ से कोई सरोकार है। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले नेता आज इस बदहाली पर पूरी तरह मौन हैं। किसी को भी आम जनता और इन मासूम बच्चों की कठिनाइयों की परवाह है।आखिर प्रखंड क्षेत्र के लोग कब तक इस नारकीय स्थिति में रहने को मजबूर रहेंगे? प्रशासन और जनप्रतिनिधि अपनी नींद से कब जागेंगे?



सड़क मार्ग से गुजरने वाले लोगों का एक ही सवाल

## 4 लाख 74 हजार 384 लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी गयी सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि



**मधुबनी (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री बिहार, श्री सम्राट चौधरी जी के द्वारा शुक्रवार को राज्य के सभी छह प्रकार के सामाजिक सुरक्षा के कुल 97 लाख 84 हजार 35 पेंशनधारियों के खातों में जून 2026 माह की पेंशन राशि कुल 14 अरब 23 करोड़ 94 लाख 66 हजार 200 रुपये का डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से हस्तांतरण किया गया।जिसमें मधुबनी जिले के 4 लाख 74 हजार 384 लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि भेजी गयी।

इस अवसर पर समाहरणालय स्थित एनआईसी वीसी कक्ष में सुमन प्रसाद साह की उपस्थिति में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (लाइव वेबकास्टिंग) किया गया।इस अवसर पर सुमन प्रसाद साह ने बताया कि मधुबनी जिले के कुल 4 लाख 74 हजार 384 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में 72 करोड़ 72 लाख 91 हजार 5 सौ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है। यह राशि राज्य के सभी जिलों में सर्वाधिक है, जो जिले में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को दशार्ती है।*उन्होंने बताया कि बिहार राज्य निःशक्ता पेंशन योजना के 8 लाख 54 हजार 9 सौ 85 पेंशनधारियों को कुल लगभग 95 करोड़ 71 लाख 6 हजार 600 रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्ता पेंशन योजना के 77 हजार 9 सौ 42 पेंशनधारियों को 17 करोड़ 14 लाख 72 हजार 400 रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 22 लाख 39 हजार 9 सौ 76 पेंशनधारियों को 4 अरब 92 करोड़ 79 लाख 47 हजार 200 रुपये तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 4 लाख 86 हजार 5 सौ 15 पेंशनधारियों को 1 अरब 7 करोड़ 3 लाख 33 हजार की राशि का भुगतान किया गया है।इसके अतिरिक्त लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 8 लाख 20 हजार 5 सौ 58 पेंशनधारियों को 92 करोड़ 19 लाख 24 हजार 9 सौ तथा मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 53 लाख 4 हजार 59 लाभार्थियों को 6 अरब 19 करोड़ 6 लाख 82 हजार 1 सौ रुपये की राशि का भुगतान किया गया।उप विकास आयुक्त ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं समाज के वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं असहाय महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों से सीधा संवाद भी कर उनके अनुभवों को जाना। लाभार्थियों में गीता देवी, विमला देवी, रुकसाना खातून, अनिता देवी ने मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, नीतीश कुमार पाठक एवं काफी संख्या में विभिन्न पेंशन योजना के दर्जनों लाभार्थी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा को लेकर दिए गए आवश्यक निर्देश

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति, मधुबनी की बैठक शुक्रवार को जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पदाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने तथा यातायात को बाधारहित बनाए रखने पर बल दिया। जिला पदाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं की दृष्टि से चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। साथ ही सभी कार्यपालक अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक तकनीकी सुझाव एवं कार्ययोजना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में घटित सड़क दुर्घटनाओं, दुर्घटना स्थलों तथा दुर्घटनाओं के कारणों की अद्यतन एवं विस्तृत जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, जिससे दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर प्रभावी रोकथाम की जा सके। जिला पदाधिकारी ने अवैध पार्किंग के विरुद्ध लगातार शमनात्मक कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त शहर में ऑटो एवं ई-रिक्शा का परिचालन केवल निर्धारित रूटों पर ही सुनिश्चित कराने का निर्देश देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को सड़क सुरक्षा से संबंधित निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने तथा आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।



## नेपाली शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां थाना से सटे नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे युवक से 54 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक,मोटरसाइकिल एवं मोटरसाइकिल पर लदे 54 लीटर शराब भी जब्त किया गया है। लदनियां थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती और विशेष छापेमारी अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाल निर्मित 54 लीटर शराब के साथ एक युवक को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है।थाना अध्यक्ष मुकुन्दं कुमार सिंह के अनुसार रात्रि गुप्त सूचना करीब 11:10 बजे मिली कि नेपाल की ओर से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर शराब लेकर लक्ष्मीनियां होते हुए भगवतीपुर की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने उक्त गुप्त सूचना के लिए पुलिस टीम को निर्देश दिया। पुलिस टीम ने संज्ञान लेते हुए उक्त क्षेत्र के चौकीदार को सूचना देते हुए उक्त मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए कारोबारी पर नजर रखना शुरू कर दिया।करीब 11:25 बजे ग्राम लक्ष्मीनियां में मध्य विद्यालय के पास पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर वह मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस बल ने उसे खदेर कर पकड़ लिया।पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम हरिओम कुमार यादव (19 वर्ष), निवासी बेंगाटोल, थाना लदनियां, जिला मधुबनी बताया। युवक ने स्वीकार किया कि वह नेपाल से शराब लाकर भारत में बिक्री करता है।तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर रखे काले बैग से नेपाल निर्मित 180 बोतल देशी शराब (90 बोतल 'मामाश्री' और 90 बोतल 'कस्तूरी'), प्रत्येक 300 एमएल, कुल 54 लीटर बरामद की गई। पुलिस ने शराब और बिना पंजीकरण अंकित स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया।बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून लागू होने के कारण पुलिस ने आरोपी हरिओम कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही जब्त मोटरसाइकिल के मालिक को भी मामले में आरोपित किया गया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायिक कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया है।

## बिस्फी में बीपीएससी अध्यापक संघ की बैठक- सर्वसम्मति से नई कमेटी गठित

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड क्षेत्र के सभी बीपीएससी अध्यापक संघ इकाई बिस्फी की अहम संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने की. वहीं बैठक का संचालन सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया. बैठक मे सर्वसम्मति से नई प्रखंड कार्यकारिणी का गठन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अमित पंजियार विशेष रूप से उपस्थित रहे.बैठक के प्रथम सत्र में नव-नियुक्त शिक्षकों को आ रहे स्थानीय व प्रशासनिक समस्याओं पर विस्तार से विचार किया गया. शिक्षक समुदाय की संगठित आवाज को मजबूत बनाने तथा धरातल पर सक्रिय सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया गया.उपस्थित सदस्यों ने शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा, पारदर्शिता तथा समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ठोस रणनीतियाँ प्रस्तावित की. द्वितीय सत्र में लोकतांत्रिक एवं सर्वसम्मत प्रक्रिया के तहत आगामी सत्र के लिए प्रखंड कार्यकारिणी का चयन किया गया. नई टीम मे प्रखंड अध्यक्ष सुशील राम; प्रधान सचिव सुमित कुमार सिंह; कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष अरुण कुमार दास, विपिन कुमार साह, प्रभात कुमार साफी एवं कुलदेव राय और सचिव पद पर दीपकान्त मंडल, रामबाबू राम, रामसागर महतो एवं विनोद कुमार बनाया गया. प्रखंड मीडिया प्रभारी प्रभात कुमार साफी,प्रखंड प्रवक्ता मो. शहबाज अहमद बने. कार्यकारिणी सदस्य मे संगम कुमार साह, इन्द्रजीत एवं महात्मा जी बने.नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया है. इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुनिल कुमार शर्मा, जिला कार्यालय सचिव विजय कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष सोनू कुमार एवं जिला सचिव विकास कुमार उपस्थित रहे.



बैठक में उपस्थित शिक्षक गण।

# सौराठ सभा समिति का ऐतिहासिक फैसला, विवाह पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**मधुबनी (एनएसबी)।** मिथिला की ऐतिहासिक वैवाहिक परंपरा सौराठ सभा को पुनर्जीवित करने की दिशा में सौराठ सभा समिति ने कई महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी निर्णय लिए हैं। अध्यक्ष कृष्ण कांत झा ह्यगुड्डूह्ण की अध्यक्षता में आयोजित समिति की बैठक में सर्वसम्मति से ऐसे प्रस्ताव पारित किए गए, जिनका उद्देश्य सौराठ सभा की परंपरा को मजबूत करने के साथ समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग देना है।बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति के संरक्षण में सौराठ सभा में परिचय पंजीकृत कर समिति की अनुशंसा से विवाह करने वाले परिवारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत कन्यापक्ष को ₹5,100 तथा वरपक्ष को ₹2,500 की सम्मान प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। समिति का मानना है कि इससे अधिक से अधिक परिवार पारंपरिक वैवाहिक व्यवस्था से जुड़ेंगे और सौराठ सभा की ऐतिहासिक विरासत को नई पीढ़ी तक सशक्त रूप से पहुंचाया जा सकेगा।समिति ने एक और अहम निर्णय लेते हुए आर्थिक रूप से कमजोर एवं असहाय कन्याओं के विवाह में सहयोग देने का संकल्प लिया। निर्णय के अनुसार समिति प्रत्येक वर्ष कम-से-कम 10 निर्धन कन्याओं के विवाह का आवश्यक खर्च वहन करेगी, ताकि उन्हें सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर मिल सके।समिति के संरक्षक डॉ. शेखर चंद्र मिश्र ने कहा कि यह पहल मिथिला की सामाजिक परंपरा, मानवीय संवेदना और सामूहिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने सभी सदस्यों से सेवा, समर्पण और अनुशासन के साथ इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया।बैठक में उप सचिव अनिल कुमार झा ने इन निर्णयों के व्यापक प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी ली, जबकि कोषाध्यक्ष शम्भूनाथ पंडा ने समिति की ओर से पूर्ण सहयोग एवं श्रमदान का आश्वासन दिया।बैठक में मिहिर कुमार झा, टेकनाथ पाठक, मुकेश कुमार झा, अजय कुमार झा, गौरव मिश्र, डॉ. अशोक कुमार मिश्र, संजय झा, धर्मेंद्र कुमार मिश्र सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने समिति के निर्णयों का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि यह पहल सौराठ सभा की ऐतिहासिक गरिमा को नई पहचान देने के साथ समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए भी एक मजबूत सहारा बनेगी।

**हर वर्ष 10 निर्धन कन्याओं के विवाह का खर्च भी उठाएगी समिति**



**हार्डवेयर व्यवसायी गोलीकांड मामले के महिला समेत तीन आरोपी घने बगीचे में में जाकर छुप गए, पुलिस ने रात भर की स्थल की घेराबंदी**

# मुजफ्फरपुर पुलिस ने आरोपियों को पहली बार ड्रोन की मदद से किया गिरफ्तार

नवसंदेश ब्यूरो

**हथियार और जिंदा कारतूस बरामद, तीन मोबाईल जब्त कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी, घटना में शामिल एक आरोपी सुबोध तिवारी अब भी फरार**

**मुजफ्फरपुर।** गुरुवार की शाम पानापुर करियात थाना क्षेत्र के शेरूकाही चौक स्थित एक हार्डवेयर व्यवसायी मुन्ना ठाकुर उर्फ सुभाष ठाकुर को उनकी दूकान में घुसकर पिता के सामने गोली मार दिए जाने का उदभेदन करते हुए पुलिस ने इस मामले के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना को अंजाम देकर पास के घने बगीचे में छुपे आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए मुजफ्फरपुर पुलिस ने पहली बार आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन कैमरे के माध्यम से सर्च ऑपरेशन चलाते हुए ड्रोन लोकेशन के सहारे कई घंटे की मशक्कत के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई और शाहबाजपुर स्थित घने बगीचे से घटना में शामिल एक नाबालिक लड़का समेत तीन आरोपियों को हथियार और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन भी जब्त किया है। जबकि घटना के मुख्य आरोपी सुबोध तिवारी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है और फरार बताया जा रहा है। एसडीपीओ पश्चिमी ने शुक्रवार को पानापुर करियात थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि शेरूकाही गांव के सुबोध तिबारी से हार्डवेयर व्यवसायी मुन्ना ठाकुर का दुर्गा मंदिर ट्रस्ट की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर सुबोध तिवारी अपने एक रिश्तेदार बबन ठाकुर के साथ मिलकर इस घटना की साजिश रची। एसडीपीओ पश्चिमी के अनुसार गुरुवार को सुबोध तिवारी अपनी पत्नी अंजू देवी, रिश्तेदार बबन ठाकुर और अपने नाबालिग पुत्र के साथ



हार्डवेयर व्यवसायी गोलिकांड मामले में गिरफ्तार आरोपियों के संबंध में जानकारी देती एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी।

गुरुवार की शाम हार्डवेयर व्यवसायी मुन्ना ठाकुर के शेरूकाहीं चौक स्थित दुकान पर पहुँचे, जहां पिता के कहमे पर सुबोध तिवारी के नाबालिग पुत्र ने मुन्ना ठाकुर को गोली मार दी और घटना को अंजाम देने के बाद चारो आरोपी घटनास्थल से भागकर पास के घने बगीचे में जा छुपे। एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि घटना की सुचना मिलते ही पानापुर करियात थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वयं एसडीपीओ पश्चिमी तथा ग्रामीण एसपी राजेश सिँह प्रभाकर भी घटनास्थल पर पहुँचे, जहां यह बताया गया कि घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी पास के घने बगीचे में छिपे है।

उन्होंने बताया कि यह जानकारी मिलते ही ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में बुलेट प्रूफ जैकेट धारी पुलिस बल की टीम उक्त बगीचे में देर रात कई घंटे तक सर्च अभियान चलाया। लेकिन घने बगीचे में अंधेरा होने के कारण सर्च अभियान में काफी परेशानी हो रही थी। घने बगीचे और कम द्दश्यता के कारण जब तलाशी अभियान में दिक्कतें आने लगीं, तो पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए आधुनिक तकनीक अपनाते हुए ड्रोन का सहारा लिया।

आसमान से ड्रोन कैमरों की मदद से पूरे इलाके की थर्मल और विजुअल मॉनिटरिंग की गई। ड्रोन की सटीक लोकेशन और इनपुट के आधार पर पुलिस ने देर रात जंगल को चारों तरफ से घेर लिया और कई घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने जंगल में छिपे एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा भी बरामद किया गया। एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए तीनो आरोपियों की पहचान सुबोध तिवारी की पत्नी अंजू देवी, सुबोध तिवारी का रिश्तेदार हथियार सप्लायर बबन ठाकुर और सुबोध तिवारी के नाबालिग पुत्र के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में कुछ और लोगों की भी संलिप्तता की बात सामने आई है, जिसकी पुलिस टीम जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बबन ठाकुर द्वारा ही यह साजिश रची गई थी। पानापुर करियात थाना में उसके खिलाफ शराब से संबंधित एक मामला पहले से दर्ज है और उसके अन्य आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हार्डवेयर व्यवसायी सुभाष ठाकुर उर्फ मुन्ना ठाकुर से सुबोध तिवारी का पूर्व से भी रंजिश की जानकारी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### काँटी क्षेत्र में मजार से लौट रहे युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग, पैर में लगी गोली

**काँटी(एनएसबी)।** कांटी थाना क्षेत्र के कोठिया में गुरुवार की देर रात अपराधियों ने आपसी रंजिश को लेकर मजार से लौट रहे एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना में युवक के पैर में गोली लगने के बाद वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। वही घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। गोली से घायल युवक की पहचान मीनापुर थाना क्षेत्र के प्रसाद गांव निवासी मोहम्मद आलम के 20 वर्षीय पुत्र अफरोज के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कांटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि पुरानी आपसी रंजिश और पैसों के लेनदेन से जुड़े विवाद को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। जांच के दौरान इस घटना को जुनैद और उसके साथियों द्वारा अंजाम दिए जाने की बात सामने आया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पहले भी विवाद हो चुका है और मारपीट तथा चाकूबाजी की घटनाएं भी हो चुकी है। उधर, घायल अफरोज ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया है कि गांव के ही एक युवक से वर्ष 2024 से उसका विवाद चल रहा है। इसी मामले में पहले मारपीट हुई थी और उसे जेल भी जाना पड़ा था। जेल से बाहर आने के बाद उसने मन्नत पूरी करने के लिए मजार पर चादरपोशी करने का फैसला किया था। अफरोज का कहना है कि गुरुवार की देर रात जब वह मजार से लौट रहा था, इसी दौरान जुनैद और उसके साथियों ने उसे गोली मार दी। घटना के कारणों का पता चल जाने के बाद पुलिस मामले के आरोपी जुनैद और उसके साथियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छपामारी कर रही है।

### टेट अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने सांसद को सौपा ज्ञापन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में टेट अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए चलाए जा रहे देशव्यापी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मुजफ्फरपुर जिला प्राथमिक शिक्षक संघ ने वैशाली की सांसद वीणा देवी को ज्ञापन सौपते हुए अनुरोध किया कि संसद के मौनसून सत्र में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 में आवश्यक संशोधन किया जाए। संघ के नेताओं ने कहा कि सरकार के द्वारा 2017 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 में कुछ संशोधन किया गया था, जिसके कारण पात्रता परीक्षा लागू होने के पूर्व से नियुक्त शिक्षकों को भी टेट परीक्षा पास होना अनिवार्य हो गया। जबकि पूर्व से नियुक्त किए गए शिक्षक भी सरकार द्वारा निर्धारित अहर्ता प्राप्त कर हीं शिक्षक बने हैं। अब शिक्षकों से 20-30 वर्ष की सफलता पूर्वक अध्यापन कराने के बाद सरकार के द्वारा पात्रता परीक्षा लेना न केवल हास्यास्पद है बल्कि नैसर्गिक न्याय के भी विरुद्ध है।इस प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष संजय तिवारी, प्रधान सचिव राजीव रंजन के साथ उमेश प्रसाद ठाकुर, रामशंकर कुमार, राजकिशोर सिंह, आलोक कुमार सिंह, प्रफुल्ल कुमार, नन्दवीर तिवारी, कन्हैया लाल झा, कौशल किशोर शाही आदि शिक्षक नेता शामिल थे।



वैशाली सांसद वीणा देवी को ज्ञापन सौपते संघ के नेतागण।

### कांटी एवं मड़वन में बिजली आपूर्ति सामान्य बनाए रखने के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा : अजीत कुमार

**काँटी(एनएसबी)।** कांटी एवं मड़वन में बिजली आपूर्ति सामान्य बनाए रखने के लिए हमारा संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। कांटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गाँव कस्बे टोले में बिजली सुविधा लोगों को बेहतर मिले, हम लगातार यह स्थिति सुनिश्चित करवाने में लगे हुए हैं। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने शुक्रवार को कांटी क्षेत्र के लसगरीपुर, नरसंडा, गोपालपुर, हरचंदा व मड़वन के भटौना में नए ट्रांसफार्मर के उद्घाटन करने के उपरांत स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कही। श्री कुमार ने मौके पर लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का निदान करवाने के लिए वे सदैव तत्पर हैं। साथ ही उन्होंने मौके पर उपस्थित बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली संबंधित सभी समस्या को एक सप्ताह में दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में तीन जगह पर 100 केबीए एवं दो जगह पर 200 केबीए का नया ट्रांसफार्मर लगा है। उन्होंने कहा कि अब बिजली की समस्याएं क्षेत्र में दूर हो जाएगी। मौके पर कार्यपालक अभियंता पश्चमी मोहम्मद साजिद हुसैन, सहायक अभियंता सत्यपाल, कनिय अभियंता अविनाश रंजन, मुखिया इंद्र मोहन झा, सभापति दिलीप कुमार, अशोक सिंह, अरविंद सिंह, दिलीप सिंह, विनय सिंह, चंचल कुमार , सीतलाल पासवान, अशोक कुशवाहा, शिवनाथ साह, जिला पार्षद आभा ठाकुर , सुनील कुमार, मुकेश महतो, मोहम्मद फिरोज, सीमा देवी, अनिल ठाकुर , पवन कुमार, मोहम्मद नसरुद्दीन, निगम कुमार, नीरज कुमार , अरविंद सिंह, पाचू राय, किशोर भगत, सुधा देवी, शोभा देवी, कौशल्या देवी, सुमित्रा कुमारी, मोहम्मद शमीम, मनोज सिंह, मोहम्मद मोहसिन, दिनेश पासवान, भगवान सहनी, अंकित सहनी , अनिल सिंह, बलिंदर सिंह, मनोज सहनी, रजनीश सिंह, विनोद शर्मा, देवेंद्र साह, संतोष सिंह समेत सम्बंधित क्षेत्रों के सैकड़ों स्थानीय लोग उपस्थित थे।



ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते क्षेत्रीय विधायक।

# कांटी एनटीपीसी डैम में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत, गांव में कोहराम

**मुजफ्फरपुर/काँटी(एनएसबी)।** कांटी थाना क्षेत्र के एनटीपीसी डैम में शुक्रवार को नहाने गए तीन स्थानीय बच्चों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। इस घटना को लेकर पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मृतक बच्चों के घर व गांव में कोहराम की स्थिति बनी रही। बताया जा रहा है कि तीन बच्चों के डूबने की खबर फैलते हीं आसपास के सैंकड़ो लोग डैम की ओर भागे।

वही मृतक बच्चों के चीखते चिल्लाते डैम पर पहुंचते हीं स्थिति और दर्दनाक और ह्रदय विदारक हो गई। डैम के पास लगी भीड़ में शामिल कई लोग और गोताखोर डैम में डूबे बच्चों को निकालने के लिए डैम में कूदे और काफी मशक्क्त के बाद तीनो बच्चों को डैम से निकाला गया। सबकी सांस चलने की स्थिति में आनन फानन में तीनो को त्वरित इलाज के लिए एसकेएमसीएच ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनो बच्चो को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चों की पहचान काँटी नगर परिषद वार्ड 16 के निवासी राजकुमार के पुत्र 11 वर्षीय दीनानाथ कुमार, मुन्ना साह के पुत्र 8 वर्षीय आरब गुप्ता एवं जय कुमार के पुत्र 10 वर्षीय आयुष कुमार के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तीनो बच्चे डैम के किनारे खेल रहे थे और फिर नहाने के लिए डैम में उतर गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि नहाने के दौरान पैर फिसलने से तीनो बच्चे गहरे पानी में चले गए। बच्चों को तैरना नहीं आता था, जिस कारण तीनो बच्चे एक दूसरे को पकड़ कर जान बचाने के चक्कर में गहरे पानी में समा गए। बच्चों को अचानक पानी में समाने का एहसास होते ही वहां मौजूद कई लोग बिना बिलंब किए डैम में कूद गए और तीनो बच्चों की खोज शुरू की।



रोते बिलखते मृतक के परिजन व घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

बताया गया है कि काफी मशक्क्त के बाद तीनो बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया। घटना की सुचना मिलते ही बच्चों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। सभी लोगो ने तीनो बच्चों की चल रही सांस की स्थिति देखी और जैसे ही बच्चों की सांस कमजोर पड़ने का संकेत मिला, तीनो बच्चों को इलाज के लिए एसकेएमसीएच ले जाया गया। लेकिन तीनो बच्चों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। मेडिकल पहुंचने पर जांच के पश्चात डॉक्टरों ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया। एक ही वार्ड में तीन घरों का चिराग एक साथ बुझ जाने से पुरे वार्ड में शोक और सन्नाटा छा गया है। वही मृतकों के घर में कोहराम की स्थिति बनी हुई है।

उधर, घटना की जानकारी मिलते ही काँटी थाना पुलिस पहले घटनास्थल फिर एसकेएमसीएच पहुंची तथा घटना की जानकारी लेने के साथ ही मृतकों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है। इस संबंध में क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस डैम के आसपास सुरक्षा व्यवस्था और बच्चों के वहां जाने के कारणों को लेकर स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है।

## भू-हदबंदी से प्राप्त व बासगीत जमीन पर बसे दलितों व गरीबों को उजाड़ने का नोटिस वापस ले प्रशासन : माले

**भाकपा-माले और खेत व ग्रामीण मजदूर सभा ने कलेक्ट्रेट पर धरना**

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** भाकपा-माले और खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के नेतृत्व में बोचहां प्रखंड के कई गांव-पंचायतों के दलितों व गरीबों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना दिया। साथ हीं जिलाधिकारी को मांग पत्र सौपते हुए नरमा पंचायत में दर्जनों दलित व गरीब परिवारों को भूहदबंदी से प्राप्त जमीन से बेदखल करने की साजिश पर रोक लगाने तथा बोचहां प्रखंड के ही सहिला रामपुर पंचायत के गांव में 55 वर्षों से बसे दर्जनों गरीब परिवार को उजाड़ने की नोटिस वापस लेने की मांग की।



समाहरणालय परिसर में धरना प्रदर्शन करते माले व ग्रामीण मजदूर सभा के लोग।

प्रतिनिधि मंडल में माले जिला सचिव जितेंद्र यादव, बोचहां प्रखंड सचिव रामबालक सहनी, खेत मजदूर नेता वीरेन्द्र पासवान, बजरंगी राम, लक्ष्मी मंडल आदि शामिल थे। वही समाहरणालय परिसर में आयोजित धरना सभा की अध्यक्षता माले नेता रामबालक सहनी और संचालन वीरेन्द्र पासवान ने किया। धरना को खेग्रामस के राज्य सचिव शत्रुघ्न सहनी, माले जिला सचिव जितेन्द्र यादव, खेग्रामस जिल अध्यक्ष होरिल राय, ऐक्टू जिला सचिव मनोज यादव, राम इकबाल ठाकुर, शिवजी महतो, लक्ष्मी मंडल, रसोईया संघ के नेता नीलकमल सहित कई कार्यकताओं ने संबोधित किया।

## मुजफ्फरपुर का टॉप-10 अपराधी गोलू चौधरी एसटीएफ के हत्थे चढ़ा

**5 वर्षो से फरार चल रहा गोलू चौधरी साहेबगंज क्षेत्र से गिरफ्तार**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** स्पेशल टास्क फोर्स और साहेबगंज थाना पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए वर्ष 2021 से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी गोलू चौधरी को साहेबगंज इलाके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार गोलू चौधरी मुजफ्फरपुर पुलिस की टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल था और लंबे समय से पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ था। पुलिस के अनुसार, आरोपी कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था। उसके खिलाफ लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और अवैध हथियारों से संबंधित विभिन्न थाने में कई मामले दर्ज हैं। वर्ष 2021 में दर्ज एक लूटकांड और आर्म्स एक्ट के मामले के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी, लेकिन वह हर बार गिरफ्तारी से बच निकलता था।

एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले में फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस को गोलू चौधरी के ठिकाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना मिलते ही एसटीएफ और साहेबगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से गोलू चौधरी के संभावित ठिकाने पर छापेमारी की, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई पूरी तरह गोपनीय तरीके से की गई, ताकि आरोपी को भागने का मौका न मिले। एसटीएफ और साहेबगंज थाना पुलिस ने घेराबंदी कर उसे सुरक्षित अपने गिरफ्त में ले लिया।

# जिले के 4.17 लाख पेंशन लाभार्थियों के खाते में जून माह के 64.58 करोड़ रुपये पेंशन राशि का सीएम ने किया अंतरण

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के बैंक खातों में बढ़ी हुई पेंशन राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर मुजफ्फरपुर जिले के 4,17,002 पेंशनधारियों के खातों में जून माह के कुल 64 करोड़ 58 लाख 31 हजार 400 रुपये पेंशन राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर मुजफ्फरपुर समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी कुमार गौरव सहित कई वरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी उपस्थित रहे।

राज्यस्तरीय कार्यक्रम का किए गए सीधा प्रसारण के दौरान लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के इस जनकल्याणकारी कार्य का स्वागत करते हुए इसे गरीब, वृद्ध, विधवा और दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया। वही जानकारी दी गई कि जिले के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 1,27,221 लाभार्थियों के खाते में 27 करोड़ 98 लाख 86 हजार 200 रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 27, 500 लाभार्थियों के खाते में 6 करोड़ 05 लाख रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 2,336 लाभार्थियों के खाते में 51 लाख 39 हजार 200 रुपये, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 26,745 लाभार्थियों के खाते में 3 करोड़ 85 हजार 300 रुपये तथा बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 22,050 लाभार्थियों के खाते में 2 करोड़ 47 लाख 42 हजार 800 रुपये की राशि भेजी गई। इसी प्रकार मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अंतर्गत सर्वाधिक 2,11,150 लाभार्थियों के खातों में 24 करोड़ 54 लाख 77 हजार 900 रुपये का अंतरण किया गया। इस प्रकार विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 64 करोड़ 58 लाख 31 हजार 400 रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई।





जिलास्तरीय पेंशन उत्सव कार्यक्रम में लाभार्थियों ते जिलाधिकारी कुमार गौरव।

मौके पर जिलास्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों ने इसके लिए मुख्यमंत्री एवं बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बढ़ी हुई पेंशन राशि उनके लिए आर्थिक राहत का बड़ा माध्यम बनेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी कुमार गौरव ने सभी पेंशनधारियों को बधाई देते हुए उनके सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पात्र एवं वास्तविक लाभार्थियों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे, इसी उद्देश्य से जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुजफ्फरपुर जिले में अबतक 4 लाख 36 हजार 060 लाभार्थियों का जीवन प्रमाणीकरण कराया जा चुका है। उन्होंने शेष बचे सभी पेंशनधारियों से अपील की कि वे अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर जल्द से जल्द जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी कर लें ताकि उनके पेंशन का भुगतान बिना किसी बाधा के नियमित रूप से जारी रह सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का मूल उद्देश्य ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को न्यूनतम वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है और यह निर्णय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सीतामढ़ी जिले के 3.12 लाख लाभार्थियों के खाते में भेजी गई 45. 58 करोड़ से अधिक की सामाजिक सुरक्षा पेंशन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को शुक्रवार को डिबीटी के माध्यम से जून माह की बढ़ी हुई पेंशन राशि लाभार्थियों के खाते में अंतरित की। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सीधे प्रसारण के माध्यम से पूरे राज्य भर से बड़ी संख्या में पेंशनधारी इस अवसर के साक्षी बने।

सीतामढ़ी जिला में मुख्य कार्यक्रम समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में आयोजित किया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी रिची पांडेय के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित पेंशनधारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रिची पांडेय ने मुख्यमंत्री के वृद्धजनों विधवाओं एवं दिव्यांगजनों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान की आकांक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का संदेश दिया। वही जिलाधिकारी ने वृद्ध, विधवाओं एवं निशक्त जिला वासियों के अधिकारों के संरक्षण तथा उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वृद्धजन, विधवाओं एवं दिव्यांग जनों की आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।उन्होंने आज आश्वस्त किया कि प्रशासन इन वर्गों के अधिकारों के संरक्षण और कल्याण हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा लाल कृष्ण राय द्वारा जानकारी दी गई कि जिला में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के 72959 वृद्ध जनों को मई और जून माह का कुल 16,05,09,800 रुपए, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन के तहत 20,089 पेंशनधारियों के लिए माह मई और जून का कुल 4,41,95,800 रुपए, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्तता पेंशन के 2139

पेंशनधारियों के लिए 47,05,800 ,मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 174265 पेंशनधारियों के लिए कुल 19,89,73,900 रू, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 16259 पेंशनधारियों के लिए 1,82,68,700 बिहार राज्य निशक्तता पेंशन योजना के 26354 पेंशन धारी के लिए माह मई एवं जून का कुल 2,92,25,400 सहित कुल 3,12,025 पेंशनधारियों के लिए कुल 45 करोड़ 58 लाख 79 हजार 400 रुपए की राशि पेंशनधारियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है। मौके पर जिलाधिकारी ने अबतक अपना जीवन प्रमाणिकरण नहीं कराने वाले 69 हजार पेंशनधारियों को अविलम्ब जीवन प्रमाणीकरण कराने की अपील की। इस कार्यक्रम में डीडीसी संदीप कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा लाल कृष्ण राय, डीपीओ आईसीडीएस निशिकांत एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे ।


पेंशन उत्सव कार्यक्रम में लाभार्थियों के साथ जिलाधिकारी रिची पाण्डेय।

**जिलाधिकारी रिची पांडेय ने वृद्ध, विधवाओं एवं दिव्यांग जनों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान का दिया संदेश**

## सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। वही परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,आई सी डी एस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत या नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान 'निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है।

इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है। वही शुक्रवार को ही जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के द्वितीय अपील की सुनवाई की गई, जिसके तहत कुल 11 मामलों की सुनवाई हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रियदर्शी सौरभ को स्थापना शाखा का प्रभार, डीईओ ने जारी किया आदेश

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने जिला शिक्षा कार्यालय के प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (डीपीओ) के बीच शाखाओं का पुनः आवंटन किया है। इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी कर सभी संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आवंटित शाखाओं का प्रभार ग्रहण कर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जारी आदेश के अनुसार, डीपीओ प्रियदर्शी सौरभ को स्थापना शाखा, डीपीओ सुजीत कुमार दास को प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा तथा पीएम पोषण योजना, जबकि डीपीओ नीलम राज को माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता, योजना एवं लेखा शाखा का दायित्व सौंपा गया है। कार्यालय आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी संबंधित पदाधिकारी अविलंब अपने-अपने आवंटित शाखाओं का प्रभार ग्रहण कर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी की स्वीकृति के उपरांत जारी किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि कोषागार पदाधिकारी, सभी संबंधित जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों तथा जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं अनुपालन के लिए भेज दी गई है।

### रुन्नीसैदपुर पीएचसी का देर शाम औचक निरीक्षण, व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कल देर शाम रुन्नीसैदपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, दवा वितरण, प्रयोगशाला सेवाओं तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था, मरीजों के साथ व्यवहार, दवा वितरण की प्रक्रिया, लैब जांच की व्यवस्था तथा टीबी जांच एवं उससे संबंधित कार्यों में अपेक्षित स्तर का प्रदर्शन नहीं पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि सभी कमियों को तत्काल दूर करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर बेहतर उपचार, आवश्यक दवाएं तथा सम्मानजनक व्यवहार मिलना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी मुस्तैदी, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ करें, ताकि आम लोगों का सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखें, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करें, दवा वितरण एवं लैब जांच की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाएं तथा सभी स्वास्थ्य सेवाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित हों। साथ ही टीबी मरीजों की पहचान, जांच एवं उपचार से संबंधित कार्यों में भी विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को रुन्नीसैदपुर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों, जांच केंद्रों एवं नर्सिंग होम की सघन जांच करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिना वैध अनुमति के संचालित किसी भी स्वास्थ्य संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा तथा ऐसे संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण एवं जवाबदेह स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।


पीएचसी का औचक निरिक्षण करते जिलाधिकारी।

### संयुक्त छात्र संघर्ष मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, मांगों के संदर्भ में मिला आश्वासन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बाबासाहब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर में व्याप्त विभिन्न विसंगतियों और छात्रों की समस्याओं को लेकर 'संयुक्त छात्र संघर्ष मोर्चा' का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को लोकभवन में राज्यपाल सह कुलाधिपति सैयद अता हसनैन से मिला। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से छात्र नेता पंकज सिंह, छात्र हम(से) के प्रदेश अध्यक्ष संकेत मिश्रा, एआईएसएफ के जिलाध्यक्ष महिपाल ओझा और छात्र जदयू के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार गुप्ता शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने कुलाधिपति के समक्ष विश्वविद्यालय प्रशासन की मनमानी, अवैध वसूली और नियमों के उल्लंघन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से रखा। महामहिम राज्यपाल ने छात्रों की सभी न्यायसंगत मांगों को बेहद गंभीरता से सुना और उन पर अपनी सहमति जताई। उन्होंने विश्वविद्यालय व्यवस्था में व्यापक सुधार करने और दोषियों पर उचित कार्रवाई करने का पूर्ण भरोसा दिया। छात्र नेताओं ने राज्यपाल को नई प्रोफेसर भर्ती नियमावली के विसंगतियों से अवगत कराते हुए इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मूल नियमों के खिलाफ बताया तथा इसे अभ्यथीयी के हितों की रक्षा के अनुकूल बनाने की मांग की। मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने विवि में हो रहे अवैध शुल्क वसूली पर रोक लगाने, परीक्षा विभाग के घोटालों की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा परीक्षा नियंत्रक को तत्काल पद से निलंबित करने की मांग की। साथ ही छात्र नेताओं ने रेगुलर डिग्री कोर्सो को सेल्फ फाइनेंस में चलाने का खेल बंद करने, बीएड कॉलेजों की मनमानी पर लगाम लगाने की भी मांग की।

# नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में सीतामढ़ी ने रचा इतिहास, देश भर में मिला तीसरा स्थान

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा जारी आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग (मार्च 2026) में सीतामढ़ी जिले ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिले में विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों में किए गए निरंतर प्रयासों, प्रभावी प्रशासनिक नेतृत्व, विभागीय समन्वय तथा तकनीकी सहयोग का परिणाम मानी जा रही है। इस उपलब्धि से न केवल सीतामढ़ी जिले, बल्कि पूरे बिहार राज्य का गौरव बढ़ा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को संजय अग्रवाल संयुक्त सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार सह नोडल पदाधिकारी, आकांक्षी जिला सीतामढ़ी द्वारा आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखण्ड की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, जिला योजना पदाधिकारी सह नोडल आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखण्ड संतोष कुमार सुमन, सहायक योजना पदाधिकारी अमित कुमार, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, आईसीडीएस, बैंकिंग, पशुपालन, कौशल विकास सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पिरामल फाउंडेशन की ओर से जिला प्रबंधक प्रभाकर कुमार एवं कार्यक्रम लीड अभिषेक राज ने भी भाग लिया। समीक्षा बैठक के दौरान सभी विभागों द्वारा आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों पर अब तक हुई प्रगति, उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों एवं सुधार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया गया।

जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, वानिकी, पशुपालन, जल प्रबंधन, आधारभूत संरचना, क्षमता वर्धन तथा वित्तीय समावेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निरंतर सुधारात्मक एवं नवाचारी पहल की गई है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप सीतामढ़ी ने नीति आयोग के विभिन्न प्रदर्शन सूचकांकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित की है।

डेल्टा रैंकिंग के अनुसार, आधारभूत संरचना के क्षेत्र में सीतामढ़ी जिले ने सबसे उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इस क्षेत्र में जिले का डेल्टा स्कोर 47.3 से बढ़कर 65.8 तक पहुंच गया, जिसके परिणामस्वरूप जिले को पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार कृषि, वानिकी, पशुपालन एवं जल प्रबंधन के क्षेत्र में डेल्टा स्कोर 39.7 से बढ़कर 50.2 हो गया, जिसके आधार पर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में भी जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना डेल्टा स्कोर 71.6 से बढ़ाकर 83.5 तक पहुंचाया, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर 15वां स्थान प्राप्त हुआ। वहीं शिक्षा, वित्तीय समावेशन एवं क्षमता वर्धन के क्षेत्रों में भी जिले ने निरंतर प्रगति करते हुए क्रमशः बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया। समीक्षा बैठक के दौरान संजय अग्रवाल ने जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय के नेतृत्व में जिले द्वारा किए जा रहे नवाचारों, सतत अनुश्रवण तथा विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी ने सीमित संसाधनों के बावजूद विभिन्न विकासात्मक संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार कर देशभर के आकांक्षी जिलों के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने सभी विभागों के जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों को उनकी टीम भावना, समर्पण एवं बेहतर समन्वय के लिए शुभकामनाएं भी दीं तथा आगामी समय में भी इसी प्रकार परिणामोन्मुखी कार्य करने का आह्वान किया। जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय ने कहा कि यह उपलब्धि सभी विभागों के सामूहिक प्रयास, नियमित समीक्षा, डेटा आधारित कार्यप्रणाली तथा बेहतर समन्वय का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी जिले के सभी विभाग विकास के प्रत्येक संकेतक पर और बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। बैठक के दौरान पिरामल फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए जा रहे तकनीकी सहयोग, क्षमता निर्माण, डेटा विश्लेषण एवं विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रमों के अनुश्रवण की भी सराहना की गई। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन एवं विकास सहयोगी संस्थाओं के बीच बेहतर तालमेल से जिले को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण सहायता मिल रही है। सीतामढ़ी जिले की यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि प्रभावी प्रशासनिक नेतृत्व, विभागीय समन्वय, सामूहिक प्रयास एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ आज आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ने जिले को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की नई दिशा एवं प्रेरणा प्रदान की है।

**मोतीपुर चीनी मिल में फिर गूंजेगी उद्योग की आवाज**

# 266 एकड़ जमीन वापस लेकर नई मिल व रिसर्च सेंटर बनाएगी सरकार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** उत्तर बिहार के गन्ना किसानों और स्थानीय युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। वर्षों से बंद पड़ी मुजफ्फरपुर जिले की मोतीपुर चीनी मिल में एक बार फिर औद्योगिक गतिविधियां शुरू करने की दिशा में बिहार सरकार ने अहम कदम उठाया है। राज्य कैबिनेट की मंजूरी के बाद सरकार ने मोतीपुर चीनी मिल की 266 एकड़ लीज भूमि को वापस अपने अधिकार में लेने का फैसला किया है। इसके साथ ही यहां नई चीनी मिल, गन्ना अनुसंधान संस्थान और अन्य औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। सरकार के अनुसार पूर्व निवेशक आईपीएल के साथ करार समाप्त होने के बाद न्यायालय के आदेश के तहत उन्हें 63.39 करोड़ रुपये का भुगतान कर 266 एकड़ जमीन वापस ली जा रही है। इससे नए निवेशकों के लिए परियोजना का मार्ग प्रशस्त होगा।

मोतीपुर चीनी मिल कभी उत्तर बिहार की अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी मानी जाती थी। वर्ष 1997 में मिल के बंद होने के बाद हजारों लोगों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार प्रभावित हुआ था। गन्ना किसानों के सामने अपनी फसल बेचने का संकट खड़ा हो गया था, वहीं स्थानीय बाजार, परिवहन और छोटे कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हुए थे। सरकार के इस फैसले से क्षेत्र के लोगों में एक बार फिर रोजगार और औद्योगिक विकास की उम्मीद जगी है। सरकार की योजना के तहत 266 एकड़ भूमि पर आधुनिक चीनी मिल के साथ गन्ना अनुसंधान संस्थान की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा अन्य औद्योगिक इकाइयों को भी विकसित किया जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे और मुजफ्फरपुर समेत आसपास के जिलों के गन्ना किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए स्थानीय स्तर पर बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा कि मोतीपुर चीनी मिल का पुनरुद्धार केवल एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर बिहार के किसानों, मजदूरों और युवाओं के विश्वास को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि वर्षों से वीरान पड़ी इस जमीन पर अब फिर से उद्योग स्थापित होंगे और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 'समृद्ध उद्योगझ्रसशक्त बिहार' के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सासामूसा चीनी मिल के किसानों के बकाया भुगतान, गन्ना क्षेत्र विस्तार, बीज विकास योजना और गन्ना यंत्रीकरण योजना जैसे कदम यह साबित करते हैं कि सरकार राज्य में चीनी उद्योग और किसानों की खुशहाली के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। सरकार का मानना है कि बंद पड़ी औद्योगिक परिसंपत्तियों का पुनः उपयोग क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति देगा और उत्तर बिहार में विकास का नया अध्याय शुरू करेगा।

## बलहिया गांव में विवाहिता की संदिग्ध मौत, घर में फंदे से लटका मिला शव

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पियर थाना क्षेत्र के बलहिया गांव में शुक्रवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। 25 वर्षीय चांदनी देवी का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना के बाद ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ पूर्वी-2 मनोज कुमार सिंह, पियर थाना पुलिस और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए, जबकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया।

मृतका की छह वर्षीय बेटी ने पुलिस को बताया कि उसकी मां ने घटना वाले दिन उसके पिता से काम पर नहीं जाने का आग्रह किया था, लेकिन वे काम पर चले गए। उनके जाने के कुछ देर बाद उसकी मां ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। एसडीपीओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला फांसी का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के बाद ही हो सकेगा। उन्होंने कहा कि परिजनों से आवेदन मिलने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। बड़गांव पंचयात के मुखिया अब्दुल सत्तार अंसारी ने बताया कि चांदनी देवी की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व राहुल कुमार साह से हुई थी। दंपती के दो छोटे बच्चे हैं। समाचार लिखे जाने तक मृतका के मायके पक्ष के लोग घटनास्थल पर नहीं पहुंचे थे, इसलिए उनका पक्ष सामने नहीं आ सका है। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है।

# सुस्त और लापरवाह थानाध्यक्षों को एसएसपी की चेतावनी

**अपने क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर हर हाल में लगाएं अंकुश, सुस्ती और लापरवाही पर कार्रवाई तय**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मैरीन ड्राइव स्थित कार्यालय में शुक्रवार की सुबह एसएसपी काँतेश कुमार मिश्रा ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सिटी एसपी मोहिबुल्ला अंसारी, ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर, टाउन डीएसपी सुरेश कुमार समेत जिले के तमाम डीएसपी, इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था, लंबित कांडों के निष्पादन, कुर्की के मामलों, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और आगामी श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। इस दौरान एसएसपी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों से लंबित मामलों के निपटारे में तेजी लाने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि इससे पूर्व हुई अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी के निर्देश के आलोक में सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी ने जिले के सभी थाने की रात्री गश्ती व्यवस्था का निरीक्षण कर पुलिस की सक्रियता को परखा था। वही शुक्रवार की समीक्षा बैठक के जरिए थानों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। इस दौरान काम में शिथिलता बरतने वाले कई थानेदारों को एसएसपी की नाराजगी का सामना करना पड़ा, वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों की पीठ भी थपथपाई गई। एसएसपी ने सुस्त एवं काम के प्रति लापरवाह थाना अध्यक्षों को चेतावनी देते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि अपने थाना क्षेत्रों में बढ़ते अपराध पर हर हाल में अंकुश लगाना होगा।लापरवाही या काम में सुस्ती बरतने वाले थानेदारों पर कार्रवाई तय मानी जाए।

एसएसपी कांतेस कुमार मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि थाना स्तर पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराध की रोकथाम, गश्ती व्यवस्था मजबूत करना और आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने हुए बड़े आपराधिक मामलों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आने वाले श्रावण मास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए भी रणनीति तैयार की गई है। मुजफ्फरपुर पुलिस की इस सख्ती को अपराध नियंत्रण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।


पुलिस अधिकारीयों और जिले के थाना अध्यक्षों के साथ बैठक करते एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा।

## सम्पादकीय

### शिक्षक नियोजन में फर्जीवाड़ा : धीमी जांच, बर्खास्तगी की तलवार और जवाबदेही का उठता सवाल

बिहार में शिक्षक नियोजन के दौरान फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी पाने वाले शिक्षकों का मामला राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर एक बहुत बड़ा धब्बा है। पटना उच्च न्यायालय के सख्त निर्देश पर निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा वर्षों पहले शुरू की गई जांच आज भी जारी है, लेकिन इसकी मन्थर गति ने कई गंभीर और चिंताजनक सवाल खड़े कर दिए हैं। इतने बड़े पैमाने पर हुए संस्थागत फर्जीवाड़े की जांच जिस कछुआ चाल से चल रही है, उससे अंततः क्या हासिल होगा, यह एक बड़ा यक्ष प्रश्न है। जब तक यह जांच अपने अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचेगी, तब तक कई फर्जी शिक्षक अपना कार्यकाल पूरा कर चुके होंगे, सेवानिवृत्त हो चुके होंगे, या करोड़ों रुपये का वेतन सरकार के खजाने से निकाल चुके होंगे। इस धीमी गति का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष नुकसान साक्ष्यों के नष्ट होने के रूप में सामने आया है। वर्षों तक जांच लटकने का ही यह नतीजा है कि हजारों शिक्षकों के फोल्डर (शैक्षणिक दस्तावेज) रहस्यमय तरीके से गायब हो गए। इस मन्थर गति ने न्याय को न केवल विलंबित किया है, बल्कि भ्रष्ट तंत्र को अपने बचाव के रास्ते खोजने का पर्याप्त समय भी दे दिया है, जिससे आम जनता के कर के पैसों की भारी बर्बादी हुई है।

हाल ही के दिनों में शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाते हुए उन 3035 शिक्षकों पर कार्रवाई की प्रक्रिया तेज की है, जिनके प्रमाणपत्र निगरानी जांच में फर्जी पाए गए हैं या जिनके दस्तावेज बार-बार मौका दिए जाने के बावजूद वेब पोर्टल पर अपलोड नहीं किए गए हैं। इन शिक्षकों पर बर्खास्तगी और अब तक दिए गए वेतन की वसूली की तलवार लटक गई है। इस कार्रवाई का विश्लेषण करें तो यह एक तरफ तो सरकार और विभाग की वर्तमान सख्ती को दर्शाता है, लेकिन दूसरी तरफ इसके व्यावहारिक परिणामों पर भी भारी संदेह पैदा करता है। इन अयोग्य शिक्षकों को सेवा से तत्काल बर्खास्त करना और उन पर धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज करना निस्संदेह कानूनी रूप से बिल्कुल सही और आवश्यक कदम है। लेकिन, सबसे बड़ी चुनौती वेतन के रूप में दी गई भारी-भरकम रकम की वसूली की है। जो शिक्षक पिछले दस या पंद्रह वर्षों से हर महीने वेतन उठा रहे हैं, उनसे करोड़ों रुपये की एकमुश्त वसूली करना प्रशासन के लिए लोहे के चने चबाने जैसा होगा।

इस बात की पूरी संभावना है कि यह रिकवरी की प्रक्रिया फाइलों और कानूनी दांव-पेचों में बुरी तरह उलझकर रह जाएगी। बर्खास्त किए जाने वाले अधिकांश शिक्षक इस फैसले के खिलाफ निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालय तक का दरवाजा खटखटाएंगे। भारत की न्यायिक प्रक्रिया में ऐसे मामले वर्षों तक खिंचते हैं, जिससे वसूली की कार्रवाई अनिश्चित काल के लिए टल सकती है। कई मामलों में फर्जी शिक्षकों के पास रिकवरी के लायक संपत्ति ही नहीं मिलेगी या वे इसे पहले ही ठिकाने लगा चुके होंगे। हालांकि, कठिनाइयों के बावजूद यह कार्रवाई भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी नजीर जरूर बन सकती है कि शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में फर्जीवाड़ा करने वालों को अंततः बख्शा नहीं जाएगा, भले ही इसमें कितना भी समय क्यों न लगे।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे ज्वलंत, महत्वपूर्ण और चुभने वाला सवाल नियोजन इकाइयों की भूमिका और उन पर होने वाली दंडात्मक कार्रवाई का है। क्या यह व्यावहारिक रूप से संभव है कि कोई भी व्यक्ति बिना किसी सरकारी तंत्र की गहरी मिलीभगत के, केवल एक फर्जी कागज के टुकड़े के आधार पर सरकारी नौकरी प्राप्त कर ले इसका उत्तर स्पष्ट रूप से नहीं है। यह पूरा शिक्षक बहाली घोटाला पंचायत और प्रखंड स्तर की नियोजन इकाइयों के प्रत्यक्ष संरक्षण और भ्रष्टाचार के बिना संभव ही नहीं था। इन इकाइयों में पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, प्रखंड प्रमुख और शिक्षा विभाग के तत्कालीन अधिकारी शामिल थे। इन्हीं नियोजन इकाइयों ने मेरिट लिस्ट तैयार की, प्रमाणपत्रों की जांच की औपचारिकता पूरी की, काउंसलिंग की और अंततः नियुक्ति पत्र बांटे। अब जब यह व्यापक फर्जीवाड़ा बेनकाब हो रहा है, तो ऐसा प्रतीत होता है कि सारा दोष और कानूनी चाबुक केवल उन फर्जी शिक्षकों पर चलाया जा रहा है, जो इस विशाल भ्रष्ट तंत्र के मात्र एक छोर पर खड़े हैं।

हकीकत यह है कि नियोजन इकाइयों पर कठोर कार्रवाई करने से प्रशासनिक तंत्र और सरकारें अक्सर कतराती रही हैं, क्योंकि इसमें स्थानीय स्तर की राजनीति, वोट बैंक और रसूखदार लोग गहराई से शामिल होते हैं। जांच के दौरान जांचकर्ताओं को फोल्डर गायब होने या दस्तावेज जल जाने का जो बहाना बार-बार सुनने को मिला है, वह भी इन्हीं नियोजन इकाइयों की सोची-समझी उपज है ताकि उनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के साक्ष्य हमेशा के लिए मिटाए जा सकें।

# राम मंदिर विवाद : अभी प्रतीक्षा कीजिए



बी कृष्णा

(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

राम मंदिर निर्माण और दान/चंदे को लेकर पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर जिस प्रकार का विमर्श चल रहा है, उसने स्वाभाविक रूप से अनेक प्रश्न खड़े कर दिए हैं। प्रतिदिन नए वीडियो सामने आ रहे हैं, नए आरोप लगाए जा रहे हैं, नई व्याख्याएँ प्रस्तुत की जा रही हैं और हर कुछ घंटे बाद कोई नया दावा चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसे समय में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या जो कुछ दिखाई दे रहा है, वही पूरा परिदृश्य है, अथवा अभी कई परतें खुलने शेष हैं।

किसी भी समसामयिक विवाद को समझने के लिए केवल घटनाओं को देखना पर्याप्त नहीं होता। यह भी देखना पड़ता है कि वे घटनाएँ समाज के सामने किस प्रकार प्रस्तुत की जा रही हैं। कई बार घटना से अधिक प्रभाव उस वातावरण का होता है, जो उसके चारों ओर निर्मित किया जाता है।

आज सूचना केवल सूचना नहीं रह गई है, वह जनधारणा निर्माण का एक प्रभावी माध्यम बन चुकी है। जब किसी विषय से जुड़ी चुनिंदा सूचनाएँ, वीडियो और टिप्पणियाँ निरंतर एक ही दिशा में सामने आने लगे, तो समाज का ध्यान स्वाभाविक रूप से उसी ओर केंद्रित होने लगता है। ऐसे वातावरण में यह समझना आवश्यक हो जाता है कि हम केवल घटनाओं को नहीं, बल्कि उनके समानांतर निर्मित हो रहे नैरेटिव को भी देख रहे हैं।

इस पूरी प्रक्रिया में सोशल मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सामान्यतः यह माना जाता है कि सोशल मीडिया पर वही दिखाई देता है, जो लोग लिखते हैं। किंतु वास्तविकता यह है कि अधिकांश लोगों तक वही सामग्री अधिक पहुँचती है, जिसे सोशल मीडिया के एल्गोरिदम अधिक दृश्यता प्रदान करते हैं। एल्गोरिदम का उद्देश्य सत्य और असत्य का निर्णय करना नहीं होता, उनका उद्देश्य उपयोगकर्ता का ध्यान अधिक समय तक बनाए रखना होता है। इसलिए जो सामग्री अधिक भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करती है, जो अधिक विवाद पैदा करती है अथवा जिस पर लोग अधिक प्रतिक्रिया देते हैं, वही अधिक लोगों तक पहुँचती जाती है। परिणामस्वरूप कुछ ही समय में ऐसा वातावरण बन जाता है कि मानो पूरा देश केवल उसी विषय पर विचार कर रहा हो।

राम मंदिर से जुड़ा वर्तमान घटनाक्रम भी इसी दृष्टि से विचारणीय है। यहाँ प्रश्न केवल आरोप और प्रत्यारोप का नहीं है। प्रश्न यह भी है कि जिस गति से सामग्री सामने आ रही है, जिस प्रकार उसके नए नए संस्करण सामने आ रहे हैं और जिस प्रकार उसका दायरा निरंतर बढ़ता जा रहा है, वह केवल सामान्य सूचना प्रवाह है अथवा उसके समानांतर किसी व्यापक नैरेटिव का भी निर्माण हो रहा है। इस प्रश्न पर गंभीरता से विचार किए बिना किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।

अब यदि इसी घटनाक्रम को वर्तमान ग्रह स्थितियों के आलोक में देखें, तो कुछ संकेत विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करते हैं। यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि आगे का विश्लेषण पूर्णतः ज्योतिषीय आकलन पर आधारित है।

**राम मंदिर से जुड़ा वर्तमान घटनाक्रम भी इसी दृष्टि से विचारणीय है। यहाँ प्रश्न केवल आरोप और प्रत्यारोप का नहीं है। प्रश्न यह भी है कि जिस गति से सामग्री सामने आ रही है, जिस प्रकार उसके नए नए संस्करण सामने आ रहे हैं और जिस प्रकार उसका दायरा निरंतर बढ़ता जा रहा है, वह केवल सामान्य सूचना प्रवाह है अथवा उसके समानांतर किसी व्यापक नैरेटिव का भी निर्माण हो रहा है। इस प्रश्न पर गंभीरता से विचार किए बिना किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।**

वर्तमान समय में बृहस्पति कर्क राशि में अतिचारी होकर स्थित हैं। अतिचारी गुरु सामान्यतः यह संकेत देते हैं कि घटनाएँ अपने प्रत्यक्ष स्वरूप तक सीमित नहीं रहतीं। समय के साथ उनके नए आयाम सामने आते हैं और जो बातें प्रारम्भ में गौण प्रतीत होती हैं, वही आगे चलकर प्रमुख हो सकती हैं। शीघ्र ही बृहस्पति को सूर्य का सानिध्य प्राप्त होगा। सूर्य सत्ता, शासन, नेतृत्व और शीर्ष उत्तरदायित्व के कारक हैं, जबकि बृहस्पति धर्म, न्याय, संवैधानिक संस्थाओं तथा लोकविश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं। ज्योतिषीय दृष्टि से इन दोनों का समीपत्व यह संकेत देता है कि वर्तमान में चल रहा विमर्श केवल किसी एक संस्था अथवा एक प्रकरण तक सीमित नहीं रह सकता। इसकी परिधि क्रमशः व्यापक होकर शासन-व्यवस्था, न्याय-व्यवस्था, निर्णय-प्रक्रिया तथा शीर्ष स्तर से जुड़े उत्तरदायित्वों तक भी पहुंच सकती है। अर्थात आने वाले समय में चर्चा का दायरा वर्तमान से अधिक विस्तृत दिखाई दे, तो उसे अस्वाभाविक नहीं माना जाना चाहिए।

इस ग्रह योग का एक सकारात्मक पक्ष भी है। गुरु और सूर्य की इस निकटता को चंद्रमा का समर्थन प्राप्त नहीं है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह संकेत देता है कि इस योग से निर्मित परिस्थितियाँ तत्काल स्थायी जनमत का आधार नहीं बन पाएँगी। प्रतिक्रियाएँ तीव्र हो सकती हैं, लेकिन वे तुरंत अंतिम जन निर्णय का रूप ले लें, ऐसे संकेत वर्तमान ग्रह स्थिति में प्रबल नहीं हैं। इसलिए जो परिदृश्य आज अत्यंत निर्णायक दिखाई दे रहा है, उसका स्वरूप समय के साथ परिवर्तित भी हो सकता है।

27 जुलाई से शनि वक्री होंगे। वक्री शनि प्रायः पुराने विषयों को पुनः सक्रिय करते हैं, लंबित प्रश्नों को सामने लाते हैं, पक्षों को चर्चा के केंद्र में ला खड़ा करते हैं। इसलिए ज्योतिषीय दृष्टि से यह संभावना बनती है कि वर्तमान घटनाक्रम आने वाले समय में नए तथ्यों और नए आयामों के साथ और विस्तृत हो।

समग्र संकेत यह है कि जुलाई के उत्तरार्ध से लेकर सितंबर तक सूचना का प्रवाह और तीव हो सकता है। नए दावे सामने आएँगे, नई व्याख्याएँ प्रस्तुत होंगी और सोशल मीडिया के एल्गोरिदम इस पूरी प्रक्रिया को और अधिक गति देंगे। अक्टूबर के पूर्वार्ध तक परिस्थितियाँ अपेक्षात उग्र बनी रह सकती हैं। उसके बाद धीरे-धीरे घटनाओं का वास्तविक स्वरूप अधिक स्पष्ट होने के संकेत दिखाई देते हैं।

इतिहास साक्षी है कि कई बार सबसे बड़ा संघर्ष घटनाओं में नहीं, बल्कि उनकी व्याख्याओं में होता है। इसलिए वर्तमान परिस्थितियों को समझते समय केवल यह मत देखिए कि क्या कहा जा रहा है, यह भी देखिए कि क्या बार-बार दिखाया जा रहा है और क्यों दिखाया जा रहा है। यही प्रश्न कई बार हमें उस सत्य के निकट ले जाता है, जो तत्काल दिखाई नहीं देता।

वर्तमान ग्रह स्थितियों और घटनाक्रम, दोनों को साथ रखकर देखने पर ज्योतिषीय आकलन है, अभी प्रतीक्षा कीजिए। समय को थोड़ा और बीतने दीजिए। आने वाले समय में ऐसे तथ्य और प्रसंग सामने आ सकते हैं, जो वर्तमान विवाद की दिशा, उसका दायरा और उसकी समझ, तीनों को बदल दें।

### खांसी से राहत के लिए सुरक्षित आयुर्वेदिक समाधानों की ओर बढ़ रहा है रुझान : वैद्य सुजाता चौधरी

**वैद्य सुजाता चौधरी** के अनुसार बदलती जीवनशैली, बढ़ते प्रदूषण स्तर और लगातार बदलते मौसम के कारण खांसी आज भारतीय परिवारों में सबसे आम स्वास्थ्य समस्याओं में से एक बन गई है। यद्यपि अधिकांश हल्की से मध्यम खांसी का प्रबंधन ओवर-द-काउंटर दवाओं से किया जा सकता है, लेकिन आज उपभोक्ता उन उत्पादों के प्रति कहीं अधिक जागरूक और सजग हो गए हैं, जिनका वे अपने स्वास्थ्य के लिए चयन करते हैं। वे ऐसी खांसी से राहत देने वाली दवाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं जो न केवल प्रभावी हों, बल्कि सुरक्षित, विश्वसनीय और समय-परीक्षित भी हों।



वैद्य सुजाता चौधरी।

हाल के समय में ऐसी रिपोर्टों के सामने आने के बाद उपभोक्ताओं में जागरूकता और सतर्कता काफी बढ़ी है, जिनमें कुछ खांसी के सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकोल और एथिलीन ग्लाइकोल जैसे विषैले औद्योगिक रसायनों की मौजूदगी पाई गई थी। उपभोक्ता सुरक्षा पर बढ़ते इस नए फोकस को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने सिरप निर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण पर नियामकीय निगरानी को और सुदृढ़ बनाने के लिए औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं।

सुरक्षा और गुणवत्ता पर बढ़ते इस जोर के कारण अधिक से अधिक उपभोक्ता आयुर्वेदिक खांसी उपचारों को अपनाने लगे हैं। जहां पारंपरिक खांसी के सिरप औषधीय सक्रिय तत्वों से तैयार किए जाते हैं, वहीं आयुर्वेदिक कफ सिरप तुलसी, मुलेठी, सोंठ और बनफशा जैसी समय-परीक्षित औषधीय जड़ी-बूटियों से निर्मित होते हैं। इन प्राकृतिक अवयवों का उपयोग आयुर्वेद में पीढ़ियों से गले को आराम पहुंचाने, श्वसन तंत्र के स्वास्थ्य को समर्थन देने और खांसी से राहत प्रदान करने के लिए किया जाता रहा है।

इन परिचित और प्राकृतिक हर्बल घटकों पर उपभोक्ताओं का भरोसा लगातार बढ़ रहा है, विशेष रूप से तब, जब इनके लाभों की पुष्टि आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों द्वारा भी की जा रही है। यही कारण है कि आयुर्वेदिक फर्मूलेशन आज सुरक्षित, विश्वसनीय और प्रभावी खांसी राहत के विकल्प के रूप में अधिक लोकप्रिय होते जा रहे हैं।

# बदला अभी बाकी है, पूर्वांचल भुला नहीं!

## अमेजन एमएक्स प्लेयर ने जारी किया रक्तांचल सीजन -3 का दमदार ट्रेलर

**भारत** की प्रमुख मुफ्त, प्रीमियम और विज्ञापन-समर्थित वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी चर्चित क्राइम फ्रेंचाइज रक्तांचल सीजन 3 का दमदार ट्रेलर जारी किया।

यह नया सीजन अब तक का सबसे रोमांचक और एक्शन से भरपूर सीजन होने वाला है। इस सीजन का निर्देशन ऋतम श्रीवास्तव ने किया है, इसकी कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है और इसका निर्माण जार मोशन पिक्चर्स ने किया है।

सीरीज में क्रांति प्रकाश झा, निकितिन धीर, करण पटेल, माही गिल, राजेश कुमार और विक्रम कोच्छर जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

**रक्तांचल सीजन 3, 16 जुलाई से सिर्फ अमेजन एमएक्स प्लेयर पर मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा**




पूर्वांचल की पृष्ठभूमि पर आधारित इस नए सीजन में बदले, महत्वाकांक्षा, कमजोर रिश्तों और विश्वासघात की कहानी को पहले से कहीं ज्यादा गहराई से दिखाया जाएगा, यहां हर फैसला भारी कीमत लेकर आता है। रक्तांचल सीजन 3 का प्रीमियर 16 जुलाई से केवल अमेजन एमएक्स प्लेयर पर होगा।

एक्शन और रोमांच से भरपूर ट्रेलर रक्तांचल की अब तक की सबसे जबरदस्त कहानी की झलक दिखाता है। चार साल तक फरार रहने के बाद विजय सिंह सिर्फ एक मकसद लेकर लौटता है, अपने पुराने दुश्मन वसीम खान से बदला लेना। वर्षों से चली आ रही दुश्मनी अब खुली जंग का रूप ले लेती है, लेकिन यह लड़ाई सिर्फ विजय सिंह और वसीम खान तक सीमित नहीं रहती। सनकी पांडे एक बार फिर मैदान में उतरता है। वहीं सरस्वती देवी के इर्द-गिर्द सियासी माहौल और भी उथल-पुथल भरा हो जाता है। इसी बीच वीरेंद्र प्रताप सिंह और हिमांशु पटनायक की एंट्री सत्ता का पूरा शक्ति संतुलन बदल देती है।

जैसे-जैसे दुश्मनी बढ़ती है और राजनीति की चालें आपस में उलझती जाती हैं, ट्रेलर एक ऐसी रोमांचक जंग की झलक देता है, जहां हर कदम अहम है और टकराव अपने सबसे खतरनाक मोड़ पर पहुंच जाता है।

विजय सिंह के किरदार में एक बार फिर वापसी को लेकर क्रांति प्रकाश झा ने कहा, विजय सिंह हमेशा अपने हौसले और अटूट इरादों के दम पर आगे बढ़ता है। इतने सालों बाद इस किरदार को दोबारा निभाना मेरे लिए एक जाना-पहचाना लेकिन बेहद रोमांचक अनुभव रहा। इस सीजन में उसे ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जो हर पल उसके इरादों की परीक्षा लेती हैं। हर टकराव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा और दमदार है। दर्शकों को इस बार एक ऐसा रोमांचक सफर देखने को मिलेगा, जो फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे बड़ी टक्कर की ओर बढ़ता है।

वसीम खान के किरदार में अपनी वापसी को लेकर उत्साह जताते हुए निकितिन धीर ने कहा, वसीम खान के किरदार में दोबारा लौटना मेरे लिए बेहद संतोषजनक अनुभव है, क्योंकि यह एक ऐसा किरदार है जिसकी कई परतें हैं। वह जहां भी जाता है, अपने दमदार व्यक्तित्व से सब पर छा जाता है। लेकिन इस सीजन में उसे अब तक की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है। पिछले कई सालों से दर्शक जिस दुश्मनी को देखते आ रहे हैं, वह इस बार बिल्कुल नए और बड़े स्तर पर पहुंचने वाली है। मुझे पूरा भरोसा है कि दर्शक इस कहानी के हर पल का भरपूर आनंद लेंगे।

बदले की आग जहां हर कदम को दिशा देती है और सत्ता सबसे बड़ा लक्ष्य बन जाती है, वहीं रक्तांचल सीजन 3 इस फ्रेंचाइजी का अब तक का सबसे रोमांचक अध्याय लेकर आ रहा है। क्योंकि बदला अभी बाकी है. विजय और वसीम की इस जंग में बचेगा सिर्फ एक!

रक्तांचल सीजन 3 का प्रीमियर 16 जुलाई से विशेष रूप से अमेजन एमएक्स प्लेयर पर बिल्कुल मुफ्त में किया जाएगा। यह मोबाइल डिवाइस, कनेक्टेड टीवी, अमेजन शपिंग ऐप, प्राइम वीडियो, फायर टीवी, जियोटीवी और एयरटेल एक्सस्ट्रीम सहित विभिन्न प्लेटफर्म पर उपलब्ध होगा।

# सैमसंग बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स के साथ मानसून की उमस और गर्मी को दें मात

**मानसून** के मौसम में बढ़ी हुई उमस और नमी के बीच बेहतर कूलिंग के लिए सैमसंग ने अपने बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स पेश किए हैं। पूरे साल आरामदायक माहौल बनाए रखने के लिए तैयार किए गए ये एसी एआई तकनीक, स्वच्छ हवा और लंबे समय तक भरोसेमंद प्रदर्शन जैसी खूबियों के साथ हर मौसम में बेहतर कूलिंग सुनिश्चित करते हैं।



मानसून के मौसम में बढ़ी हुई नमी और उमस से घर के भीतर भी परेशानी बढ़ जाती है। सैमसंग एसी के 3-इन-1 मानसून केयर फीचर को इस मौसम की इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह नमी कम करने, एसी को साफ रखने और उसकी उम्र बढ़ाने जैसे तीन अहम फायदे देता है।

कंफर्ट ड्रायिंग : हवा में मौजूद अतिरिक्त नमी को कम करता है और बिजली की बचत का भी ध्यान रखता है, जिससे मानसून में घर का माहौल अधिक आरामदायक बना रहता है।

फ्रीज वश : एसी के अंदर जमी धूल, फफूंद, बैक्टीरिया और एलर्जन को साफ रखने में मदद करता है, जिससे घर के भीतर साफ और ताजी हवा बनी रहती है।

ड्यूराफिन अल्ट्रा : एसी को नमी के कारण होने वाले जंग और घिसाव से बचाता है, जिससे वह लंबे समय तक बेहतर ढंग से काम करता रहता है।

अधिक सुविधा के लिए सैमसंग बीस्पोक एआई विंडफ्री एसी में ड्राई कंफर्ट तकनीक दी गई है। एडवांस सेंसर और स्मार्ट रेफ्रिजरेंट फ्लो की मदद से यह तकनीक कमरे की नमी को अपने आप नियंत्रित करती है, जिससे जरूरत से ज्यादा ठंडक के बिना भी आरामदायक तापमान बना रहता है।

साथ ही, यह घर के भीतर की हवा को बेहतर बनाए रखने, चिपचिपाहट कम करने और उमस भरे मौसम में अधिक आरामदायक माहौल देने में मदद करती है।

सैमसंग की 2026 बीस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर सीरीज में 23 मॉडल शामिल हैं, जिनमें 4-स्टार ऊर्जा दक्षता वाले विकल्प भी उपलब्ध हैं। भारतीय घरों और मौसम को ध्यान में रखकर तैयार किए गए ये एयर कंडीशनर्स एआई तकनीक, प्रीमियम डिजाइन और स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ बेहतर कूलिंग, बिजली की बचत, नमी पर नियंत्रण और आसान रखरखाव जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं।

तो इस मानसून अपनी जरूरतों के अनुरूप बेहतर कूलिंग, स्वच्छ हवा और भरोसेमंद प्रदर्शन के लिए सैमसंग बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स चुनें।

## सैमसंग ने भारत में अगली गैलेक्सी फोल्डेबल सीरीज के लिए प्री-रिजर्वेशन शुरू किया

**सैमसंग** ने भारत में अपनी अगली गैलेक्सी फोल्डेबल स्मार्टफोन सीरीज के लिए प्री-रिजर्वेशन शुरू करने की घोषणा की है। ग्राहक इन नए फोल्डेबल डिवाइसों को ग्लोबल लान्च से पहले प्री-रिजर्व कर सकते हैं।

ग्राहक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि देकर आगामी गैलेक्सी फोल्डेबल स्मार्टफोन्स का प्री-रिजर्वेशन कर सकते हैं। यह सुविधा देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है। प्री-रिजर्वेशन करने वाले ग्राहकों को डिवाइस खरीदने पर 2,799 रुपये तक के विशेष लाभ मिलेंगे।

सैमसंग ने अपनी फोल्डेबल डिवाइसों को लगातार और अधिक पतला, हल्का और मजबूत बनाया है, साथ ही इनके उपयोग अनुभव को भी बेहतर किया है।

**गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट का आयोजन 22 जुलाई को लंदन (यूके) में किया जाएगा। इस इवेंट का सीधा प्रसारण भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे से सैमसंग न्यूजरूम और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकेगा।**

कंपनी के अनुसार, अगली पीढ़ी की गैलेक्सी फोल्डेबल सीरीज में उन्नत एआई क्षमताओं और नए डिजाइन का मेल देखने को मिलेगा, जिससे उपयोगकर्ताओं को अधिक व्यक्तिगत और सहज अनुभव मिल सकेगा। यह एआई आधारित मोबाइल अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाने की दिशा में सैमसंग का अगला कदम है।

गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट का आयोजन 22 जुलाई को लंदन (यूके) में किया जाएगा। इस इवेंट का सीधा प्रसारण भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे से सैमसंग न्यूजरूम और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकेगा।

## प्रवचन

### जो कार्य शासन से संभव नहीं वह सत्संग से संभव : जीयर स्वामी

**शासन का प्रभाव अस्थायी लेकिन सत्संग का स्थायी**

**सत्य से अभिप्राय सिर्फ सच बोलना नहीं**

जो कार्य शासन से संभव नहीं, वह सत्संग से संभव है। शासन अपनी पद्धति एवं शासक के तत्कालिक रूख के अनुसार समाज पर प्रभाव डालता है, लेकिन सत्संग का प्रभाव सार्वभौम एवं स्थायी होता है। शासन की कठोर प्रवृति के कारण अपराध पर नियंत्रण रहता है, लेकिन आपराधिक मनोवृति समाप्त नहीं होती। ज्योंहि शासन की पकड़ ढीली पड़ती है, अपराधिक घटनायें बढ़ जाती हैं। इसके विपरीत सत्संग से व्यक्ति के अंदर की कुवृत्ति ही समाप्त हो जाती है और वह स्व शासित एवं अनुशासित जीवन जीने की राह का स्थायी राही बन जाता है। इसलिये मानव जीवन में सत्संग का विशेष महत्व है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

श्री जीयर स्वामी ने श्रीमदभागवत महापुराण कथा के तहत राजा पृथु द्वारा अपने प्रजा को संबोधित करने के वृतांत की चर्चा की। जनता दरबार और मन की बात प्राचीन व्यवस्था है, जिसमें राजा अपनी जनता से सीधा संपर्क करता है। राजा पृथु ने अपने संबोधन में कहा कि 'प्रजा परमात्मा का अंग और राजा परमात्मा का अंश होता है। शास्त्र की मान्यताओं के अनुसार आचरण करना चाहिए। जो शासन द्वारा संभव नहीं होता, वह सत्संग से हो जाता है। शास्त्र का अर्थ ही होता है अनुशासन-स्व शासन। स्व शासन का अर्थ है आत्मा एवं सात्विक बुद्धि के अनुसार व्यवहार करना। राजा प्रजा से कर लेता है, लेकिन अगर जनता को अच्छे कर्मो में प्रवृत नहीं करता तो वह अपने कर्मो का फल भोगता है। प्रजा के पाप का भागी बनता है। वह राजा ऐश्वर्य से च्युत होकर महापुरूषों द्वारा निंदा का पात्र बनता है।' राजा पृथु की प्रजा ने उनकी बातों का अनुमोदन किया।

स्वामी जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि डाकू अंगुलीमाल पर शासन का प्रभाव नहीं हुआ लेकिन बुद्ध के सत्संग के प्रभाव से उसका जीवन बदल गया। सत्संग का अर्थ सत्पुरूष के दर्शन और सान्निध्य होते हैं। व्यवहार में भी देखा जाता है कि जो अपराधी सख्त शासन-काल में चूं नहीं खींचते वहीं लूंज-पूंज शासन में बेलगाम हो जाते। लेकिन सत्पुरूषों के सान्निध्य में रहने वाले व्यक्तियों के जीवन में उतार-चढ़ाव नहीं आता। उन्होंने कहा कि सत्य का अर्थ केवल सच बोलना ही नहीं, बल्कि सत्य भाषण के साथ-साथ शास्त्र सम्मत आचरण करना भी है। विद्वान से अभिप्राय केवल शास्त्रज्ञ से नहीं बल्कि व्यवहार में सद्आचरण करने वाले से है। सत्य, तप, ज्ञान, अहिंसा, नमन भाव एवं शीलवान ये उत्तम आचरण हैं। रावण भी वेदों का ज्ञाता एवं कुलीन था। लेकिन आचरण में कुत्सित था। उसने सीता का अपहरण किया था। उन्होंने कहा कि जगत की भौतिक वस्तुओं का उपयोग करने के बावजूद उनकी सत्ता को स्वीकार नहीं करना तर्क संगत नहीं है। अपनी सम्पति का व्योरा आयकर विभाग को नहीं देने वाले को विभाग दंडित करता है। उसी तरह संसार की वस्तुओं को उपयोग के बजाय अपना मान उपभोग करने वाले व्यक्ति परमात्मा द्वारा दंड के भागी होते हैं। संसार की समस्त जड़-चेतन वस्तुएँ ईश्वर की हैं। नदी, पहाड़, जमीन इत्यादि भौतिक वस्तुओं का निर्माण मनुष्य के वश की बाहर की बात है। ईशा उपनिषद में कहा गया है, जगत् की समस्त वस्तुएँ ईश्वर निर्मित हैं; उनमें ईश का वास है। इसलिए उनका उपभोग त्याग के साथ करें। अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उनका उपभोग करें।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### रक्सौल में खाद दुकानों पर बड़ी कार्रवाई, दो उर्वरक दुकानें सील

**रक्सौल(एनएसबी)।** अंतरराष्ट्रीय शहर रक्सौल में प्रशासन ने दो उर्वरक दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद के नेतृत्व में एसएसबी, स्थानीय पुलिस और षि विभाग की संयुक्त टीम ने हरैया थाना क्षेत्र के परेउवा ढाला स्थित मनीष खाद और बीज भंडार तथा श्री राम षि सेवा केंद्र पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कीस छापेमारी के दौरान दोनों दुकानों की जांच की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने दोनों उर्वरक दुकानों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। साथ ही संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई हैस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि षि से जुड़े मामलों में अनियमितता और अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।इधर इस कार्रवाई से खाद कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया है।

### स्नातक तृतीय लिस्ट में नामांकन 10 जुलाई तक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** ।तक सत्र 2026 2030 में विश्वविद्यालय द्वारा जारी तीसरे मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन के लिए अंतिम तिथि 11 जुलाई निर्धारित है। शहर के लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी ड प्रभाकर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा 474 छात्र छात्राओं की सूची नामांकन के लिए इस कलेज में भेजी गई थी। शुक्रवार शाम तक कला संकाय में 145 तो वहीं विज्ञान संकाय में 45 छात्र छात्राओं ने नामांकन कराया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि छात्र छात्राओं को अनलाइन शुल्क जमा करने के पश्चात कागजात महाविद्यालय में सत्यापित करा कर काउंटर पर जमा कराना आवश्यक है।

### श्री गौशाला समिति की बैठक में विकास व संरक्षण पर मंथन, बाउंड्री वल बनाने का निर्णय

**मोतिहारी(एनएसबी)।** शहर की श्री गौशाला समिति की बैठक शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी सह समिति के अध्यक्ष निशांत सिहारा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने गौशाला के विकास, पुनरुत्थान, परिसंपत्तियों के संरक्षण तथा प्रबंध समिति के पुनर्गठन पर विस्तार से विचार-विमर्श कियास बैठक में गौशाला की भूमि को अतिक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए चारदीवारी (बाउंड्री वल) निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही समिति की बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित करने पर भी सहमति बनी।समिति में ऐसे सेवानिवृत्त अथवा कार्यरत पशु चिकित्सक को शामिल करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जो गौशाला के संचालन एवं पशुओं की देखरेख के लिए पर्याप्त समय दे सकें। बैठक के दौरान गौशाला समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया तथा शहर के कुछ गणमान्य लोगों को गौशाला संरक्षण मंडल में शामिल किया गया। बैठक का समापन अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### तुरकौलिया के नए अंचलाधिकारी के रूप में प्रभात कुमार ने संभाला पदभार

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** प्रभात कुमार ने शुक्रवार को तुरकौलिया अंचलाधिकारी (सीओ) के पद पर अपना योगदान दिया पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अंचल कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त किया तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली की जानकारी ली इस अवसर पर प्रभात कुमार ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान उनकी प्राथमिकता होगी उन्होंने राजस्व से जुड़े मामलों के शीघ्र निष्पादन, भूमि विवादों के निपटारे तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देने की बात कही उन्होंने कार्यालय के सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें तथा लंबित मामलों का नियमानुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें उनके योगदान से अंचल कार्यालय के कार्यों में और अधिक गति आने की उम्मीद जताई जा रही है योगदान देने के दौरान पूर्व मुखिया बेबी आलम ने नए अंचलाधिकारी का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# 5 .93 लाख पेंशनधारियों के खाते में पहुंची 1100 की राशि

**मोतिहारी(एनएसबी)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों के बैंक खातों में गुरुवार को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से पेंशन राशि का अंतरण किया गया। जिला मुख्यालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के सैकड़ों लाभुकों ने भाग लिया और मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना।इस दौरान बताया गया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांग लाभुकों को बिना किसी बिचौलिए के सीधे उनके बैंक खातों में पेंशन राशि उपलब्ध कराई जा रही है। प्रत्येक माह की 10 तारीख को पेंशन दिवस के अवसर पर लाभुकों के खाते में ध्1100 की राशि


राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण में मौजूद डीडीसी व अन्य।

डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है।पूर्वी चंपारण जिले में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 3,20,814, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 30,274, बिहार निःशक्तजन पेंशन योजना के 45,606, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 1,54,958, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 33,910 तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना के 7,935 लाभुकों सहित कुल 5,93,497 लाभुकों के बैंक खातों में ध्1100 की दर से पेंशन राशि का भुगतान किया गया।कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला कल्याण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की निरंतरता तथा अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

## भावुक माहौल में सीओ पुष्कल कुमार समेत स्थानांतरित कर्मियों को दी गई विदाई

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित सम्मान एवं विदाई समारोह भावनात्मक माहौल के बीच संपन्न हुआ। समारोह में स्थानांतरित अंचलाधिकारी पुष्कल कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के विभिन्न अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित कर नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी गईं। वक्ताओं ने कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन कार्यकाल के दौरान बने आपसी संबंध हमेशा याार रहते हैं।समारोह में बीडीओ अखिलेश कुमार मिश्रा, प्रमुख अमित कुमार, नवपदस्थापित अंचलाधिकारी रामसेवक पासवान, पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद अत्ताउल हक, प्रखंड षि पदाधिकारी रत्नेश कुमार, समाजसेवी शंभू चौबे, चंद्रभूषण पांडेय सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी मौजूद रहे।इस दौरान आवास सहायक, कार्यपालक सहायक, पंचायत सचिव, डाटा अपरेटर, नाजीर, राजस्व कर्मचारी, प्रधान लिपिक, अंचल अमीन समेत अन्य स्थानांतरित कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र और माला देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपने संबोधन में बीडीओ अखिलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकारी सेवा में पद बदलते रहते हैं, लेकिन कार्य के दौरान बनी आत्मीयता और सहयोग की भावना हमेशा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य संस्ति और अनुशासन के लिए सभी ने मिलकर काम किया, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। यदि कभी कार्य के दौरान किसी को कठोर शब्द सुनने पड़े हों तो उसका उद्देश्य केवल कार्यालयीन व्यवस्था को बेहतर बनाना था। नवपदस्थापित अंचलाधिकारी रामसेवक पासवान ने कहा कि पूर्व अधिकारियों और कर्मियों के अनुभवों से नई जगहों पर भी प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। वहीं प्रमुख अमित कुमार ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय को विकास की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए सभी स्थानांतरित अधिकारियों एवं कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने स्थानांतरित अधिकारियों एवं कर्मियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं।


समारोह मे उपस्थित लोग।

## एसडीओ ने प्रखंड स्तरीय विद्युत सम्बंधित समस्याओं के संदर्भ में किया बैठक

**पकड़ीदयाल(एनएसबी)।** प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय विधुत सम्बंधित समस्याओं के संदर्भ में बैठक किया गया। अध्यक्षता अनुमंडलाधिकारी मंगला कुमारी ने किया।बैठक में एम एल सी प्रतिनिधि उमेश सिंह ने बिजली जोड़ने एवं काटने के नाम पर लाईन मैन को पैसा उगाही करने का आरोप लगाया। वहीं थरभीतिया पंचायत के रामायण तिवारी ने एक ही पोल पर चार सौ चालीस बोल्ट का तार एवं ग्यारह हजार बोल्ट का तार होने से हमेशा दुर्घटना होने का संभावना बना रहता है। वहीं जिला पार्षद संतोष सिंह ने बिजली बाधित होने से किसानों को पटवन करने में परेशानी होने का मुद्दा उठाया। वहीं चोरमा पंचायत के भाजपा अध्यक्ष ध्रुव केशरी ने चोरमा चौक पर ट्रांसफरमर जलने का मुद्दा उठाया। वहीं पंचायत समिति सदस्य हरिद्वार पासवान ने अकौना बिजली पोल के जगह पर बांस पर बिजली के तार होने का मुद्दा उठाया। वहीं पूर्व पार्षद विजय सिंह ने ठीकहा बनकट में बिजली के पोल को इधर उधर उखाड़ने एवं गाड़ने का मुद्दा उठाया।मुख्य अतिथि विधायक राणा रंधीर सिंह ने बिजली संबंधित सभी समस्याओं को चौबीस घंटे में समाधान करने का निर्देश दिया।साथ ही लाईन मैन को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि बिजली उपभोक्ताओं से नरम से बात कर समस्या को समाधान करने का निर्देश दिया।साथ ही उपस्थित लोगों से राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सोलर योजनाएं का विस्तार से बताया।बिजली विभाग के ग्रामीण अभियंता राजीव कुमार सिंह एवं जेई प्रिया शंकर ने कहा कि सभी समस्याओं को तुरंत समाधान करने का भरोसा दिलाया। मौके पर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद शंभू पासवान,सिसहनी पंचायत के मुखिया विजय साह, बड़कागांव मुखिया संतोष कुमार राम,चोरमा पंचायत के मुखिया पति विजय दास नवादा मुखिया पति रवीन्द्र पंडित सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## श्रावणी मेला-2026 की तैयारियां शुरू, अतिक्रमण हटाने व श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर जोर

**मोतिहारी (एनएसबी)।** आगामी श्रावणी मेला-2026 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक में भूमि सुधार उप समाहर्ता, अरेराज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी (अरेराज, संग्रामपुर एवं हरसिद्धि), नगर पंचायत अरेराज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कार्यपालक पदाधिकारी, सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर के महंत, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक, एमओआईसी, सभी थानाध्यक्ष, विद्युत, पीएचईडी, अगिशमन विभाग के अधिकारी तथा शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।बैठक में मंदिर रोड तथा हरदिया-जोगिया मार्ग से अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित थानाध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को निर्देश दिए गए। वहीं, बड़े वाहनों के लिए पार्किंग स्थल चिन्हित करने की जिम्मेदारी नगर पंचायत, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को सौंपी गई। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर फिक्स गेट एवं ड्रप गेट लगाने का निर्णय लिया गया। हरदिया चौक पर भी ड्रप गेट स्थापित किया जाएगा।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने मेला अवधि में निर्बाध यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त यातायात पुलिस बल की तैनाती का आश्वासन दिया। वहीं, सभी पड़ाव स्थलों पर शौचालय, पेयजल एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पीएचईडी, नगर पंचायत और अंचल प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

## सदर अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक जुलाई माह में 45 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण पूरा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत अनुमंडल पदाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत कर की।बैठक में बताया गया कि जुलाई माह के खाद्यान्न का वितरण जारी है और अब तक लगभग 45 प्रतिशत लाभुकों के बीच अनाज का वितरण किया जा चुका है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 99.8 प्रतिशत लाभार्थियों का आधार सीडिंग तथा 87 प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी पूरा कर लिया गया है।बैठक के दौरान सांसद प्रतिनिधि सह उपमहापौर ने राशन कार्ड से नाम कटने का मुद्दा उठाते हुए पात्र लोगों का नाम पुनः जोड़ने की मांग की। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि पात्र लाभुकों के नाम जोड़ने तथा नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया लगातार जारी रहती है। उन्होंने कहा कि विभागीय वेबसाइट के अद्यतन (अपडेशन) कार्य के कारण फिलहाल नए राशन कार्ड बनाने और नाम जोड़ने की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। वेबसाइट का अपडेट पूरा होते ही यह कार्य पुनः शुरू कर दिया जाएगा।अनुमंडल पदाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविरों की भी जानकारी दी और पात्र लाभुकों से इन शिविरों का लाभ उठाने की अपील की।

# प्रज्ञा योजना के तहत जरूरतमंद बालिकाओं को मिलेगी 4 वर्षों तक छात्रवृत्ति

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चंपारण के सचिव नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ माननीय सर्वोच्च न्यायालय की ष्प्रज्ञा योजनाष् के क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। यह योजना भारत के मुख्य न्यायाधीश के निर्देशन में कोल इंडिया के करपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत देशभर की चयनित 1000 बालिकाओं को चार वर्षो तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

बैठक में योजना के प्रभावी संचालन, पात्रता मानदंड एवं लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि योजना का लाभ कक्षा आठ एवं उससे ऊपर की छात्राओं को मिलेगा। इसमें अनाथ बालिकाओं के अलावा पिता के कारागार में होने, परिवार के मुख्य कमाऊसदस्य की मृत्यु, आदिवासी एवं वंचित वर्ग से संबंध रखने, शारीरिक रूप से दिव्यांग होने अथवा अन्य सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिस्थितियों में जीवनयापन करने वाली बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।बैठक को संबोधित करते हुए सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि ष्प्रज्ञा योजनाष्समाज के सबसे कमजोर वर्ग की बालिकाओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जिले की कोई भी पात्र बालिका इस योजना के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से कार्य करें।सचिव ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर पात्र बालिकाओं की पहचान कर योजना का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद छात्राओं तक पहुंचाने का निर्देश दिया।बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) निधि कुमारी, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) अक्षय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी तथा कारा अधीक्षक विजय अरोड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक में उपस्थित अधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### 100 दिवसीय टीबी मरीज खोज अभियान में 22 हजार लोगों की हुई स्क्रीनिंग

मोतिहारी(एनएसबी)। पूर्वी चम्पारण जिले में चल रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिन टीबी मरीजों की खोज अभियान चलाई जा रही है जिसमें जिले में 22 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गईं है।इस अभियान के दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कैंप के माध्यम से मरीजों का एक्स-रे किया जा रहा है ताकि तुरंत टीबी के संदिग्ध मरीजों की खोज हो सके। बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग पटना के निर्देश के अनुसार टीबी को जड़ से खत्म करने हेतु अधिक से अधिक लोगो के स्वास्थ्य की जाँच की जानी है इसको लेकर विभाग काफी सक्रिय है, सभी प्रखंडो में प्रखंड विकास पदाधिकारियों, चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ बैठक की जा रही है।टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चिरैया में समन्वय बैठक हुई जिसमें चिरैया प्रखंड के अधिकारियों ने जिनमे चिरैया बीडीओ, बीपीआरओ-डीपीएम जीविका,एमएनई ने मिलकर 18 मरीज को गोद लिया वहीं अब वे निक्षय मित्र बनते हुए 18 मरीजों को पोषण के लिए सहायता करने का संकल्प लिया।प्रखंड के कई एचडब्लूसी क्षेत्र में रोगी हित धारक मंच के सदस्यों के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सीडीओ ड संजीव ने बताया की प्रतिदिन 25 हजार स्क्रीनिंग करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।यह अभियान 14 अगस्त तक चलेगा।उन्होंने कहा की किसी भी लोगों में 2 हफ्ते से ज्यादा अगर खासी हो तो जाँच जरूर कराए।यह जाँच पूरी तरह निःशुल्क है।मौके पर एमओआईसी ड श्याम पासान, बीडीओ- ड संजय कुमार,बीपीआरओ- इस्तेखार दानिश,बीपीएम जीविका-रामबाबू कुमार,बीएचएम जियाउल हक, बीसीएम दीपक कुमार, नवल किशोर, इस्तेहाक अहमद, अमित कुमारएसटीएस अरविन्द कुमार, पंचायत प्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थित थें।

### जीविका के माध्यम से लगाया गया रोजगार मेला 18 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**संग्रामपुर(एनएसबी)।** जीविका के सौजन्य से एकदिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन कर अभ्यर्थियों का चयन किया गया। आयोजन नारायणी ब्स्थ संग्रामपुर के द्वारा किया गया। प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी संग्रामपुर पंचायत मे आयोजित इस शिविर में टाटा और मारुती सुजकी कंपनी मे अपरेंटिस ट्रेनी , तथा ै, सिक्योरिटी कंपनी मे सुपरवाइजर जैसे विभिन्न पद पर सीधी भर्ती के लिए शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर का आयोजन जीविका कार्यालय, संग्रामपुर और बिहार कौशल विकास योजना के तहत डक्स के सहयोग से आयोजित किया गया शिविर मे कुल 58 अभ्यर्थी ने आवेदन किया जिसमे से 18 अभ्यर्थी का चयन उनकी योग्यता के अनुसार कंपनी 17 हजार से 20 हजार के वेतन पर अंतिम रूप से किया गया जिसका कउंसलिंग के लिए क्त्ब्, मोतिहारी रिपोर्टिंग एडमिट कार्ड के साथ अभ्यर्थी को बुलाया गया जिससे गांव के अभ्यर्थी उत्साहित दिखे इस शिविर मे प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री मनोज कुमार एवं सम्बंधित स्टफ और कैडर उपस्थित रहें' जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री मनोज कुमार ने सत्र समाप्ति पर अभ्यर्थी का उत्साहवर्धन करते हुए बताया की इस प्रकार के रोजगार शिविर का आयोजन प्रतेक ग्राम स्तर पर होना चाहिए जिससे युवाओं के लिए रोजगार के लिए नये नये अवसर का लाभ उठाएंगे जिससे अपना तथा अपने परिवार का भरण पोषण कर समाज मे सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे आज जीविका जहाँ दीदी को स्वरोजगार करा उनको सबल बना रही उसी के अगले प्रयास कदम के रूप मे उनके बच्चो को भी सबल बना रही है।

### होली पर चाकूबाजी मामले में पुलिस की लापरवाही पर थानाध्यक्ष पर 2 हजार का जुर्माना

**मोतिहारी(एनएसबी)।** होली के दिन हुई चाकूबाजी एवं मारपीट के मामले में पुलिस की कथित लापरवाही पर लोक शिकायत निवारण न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने संग्रामपुर थानाध्यक्ष पर 2 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (अरेराज) को 15 दिनों के भीतर मामले की जांच कर कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया हैस उक्त जानकारी देते हुए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार भारती ने बताया कि संग्रामपुर थाना क्षेत्र के परसीना मधुबनी टोला निवासी आशा देवी ने लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत परिवाद दायर किया था। परिवाद में कहा गया है कि 4 मार्च 2026 को शाम करीब 5रू30 बजे वह अपने पुत्र अवनीश कुमार के साथ घर लौट रही थीं। इसी दौरान राजकिशोर सिंह उर्फ गुलमुल सिंह के दरवाजे के समीप पहले से मौजूद 10 लोगों ने उन्हें रोक लिया।आरोप है कि हिमांशु कुमार, अमर कुमार, अमन कुमार सहित अन्य आरोपितों ने पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर हिमांशु कुमार ने चाकू से आशा देवी के पेट पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पुत्र अवनीश कुमार को भी चोटें आईं। आरोपितों पर बाइक (ठत05ठथ1398) छीनने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के बाद दोनों घायलों का इलाज मोतिहारी सदर अस्पताल में कराया गया। पीड़िता के आवेदन पर संग्रामपुर थाना में कांड संख्या 99ध्26 दर्ज किया गया, लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने का आरोप लगाया गया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि संग्रामपुर थानाध्यक्ष 7 मई, 3 जून, 17 जून, 1 जुलाई और 8 जुलाई 2026 की सुनवाई तिथियों पर न तो स्वयं उपस्थित हुए और न ही कोई प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए न्यायालय ने उन पर 2 हजार रुपये का अर्थदंड लगायास न्यायालय ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अरेराज को निर्देश दिया है कि 15 दिनों के भीतर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करें। वहीं, पीड़िता ने सभी आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का जन्म दिन उत्साहपूर्वक मनाया गया

**सोनपुर (एनएसबी)** दिनांक 10--07--2026 को शाम 05 बजे विधायक कार्यालय सोनपुर मे नगर मण्डल भाजपा द्वारा भारत के रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह का 75व जन्मदिन नगर भाजपा अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु के अध्यक्षता में मनाया गया।सभी कार्यकर्त्ताओ ने रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह को दीर्घायु होने की कामना की।वरीय भाजपा नेता नरेश सिंह जी ने कहा की रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह का जन्म 10 जुलाई 1951 को उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के एक छोटे से गांव भभौंरा में एक किसान परिवार में जन्मे राजनाथ सिंह ने गांव की प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने गोरखपुर विश्वविद्यालय से भौतिकी में एमएससी किया,और मिर्जापुर के केवी एस ।तकोतर महाविद्यालय में फिजिक्स के ले रर बन गए।1975 के आपातकाल के दौरान 2 साल जेल में बिताया। नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु ने कहा की राजनाथ बाबु 1977 में पहली बार उत्तर प्रदेश



समारोह मे उपस्थित लोग।

के विधायक बने। पहली बार 1988 में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। 1991 में उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री बने, 1999 में वाजपेई सरकार में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री बने,2000 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, 2003 में केंद्रीय षि मंत्री, 2014 में केंद्रीय गृह मंत्री बने, 2019 से केंद्रीय रक्षा मंत्री की जिम्मेवारी संभाली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महिला संघ पुलिस भर्ती की शुरुआत की, एसएससी महिला अधिकारियों के कार्यकाल को 10 वर्ष से बढाकर 14 साल किया और प्रमोशन के अवसर भी बढ़ाएं। वह तीसरी बार लगातार लखनऊसे सांसद है और जनता के बीच लगातार सक्रिय रहते हैं राजनाथ सिंह के जीवन की ओर देखने पर ये सिर्फ एक राजनीतिक यात्रा नहीं लगती बल्कि एक सिद्धांतनिष्ठ संवेदनशील और समर्पित जन सेवक की कहानी उभरती है जो भारत को विश्व गुरु बनाने के सपने के साथ निरंतर कार्यरत है। मौके पर नमामिगंगे के जिला संयोजक सुनील दुबे, भाजयुमो जिला महामंत्री दिव्यांशु गौतम, सदर दक्षिणी मण्डल अध्यक्ष दीपक शर्मा, उदय प्रताप, प्रमोद कुमार सिंह, दुर्गा दास, राजन कुमार दास, अनवर अली शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### अर्चना आनंद ने मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी को मांग पत्र सौंपा

**सहरसा (एनएसबी)।** शुक्रवार को लोक सेवक भवन मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एनडीए के जिला अध्यक्षों की बैठक में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की जिला अध्यक्ष अर्चना आनंद ने मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी से मुलाकात कर महिषी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत वीरगांव सहित दर्जनों पंचायतों की जर्जर सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत की मांग प्रमुखता से उठाई। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को एक विस्तृत आवेदन पत्र भी सौंपा। अर्चना आनंद ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्षों से सड़क की बदहाल स्थिति के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि जनहित को देखते हुए संबंधित सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत की स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाए। बैठक के बाद



अर्चना आनंद ने कहा कि आज का दिन महिषी विधानसभा क्षेत्र, विशेषकर ग्राम पंचायत वीरगांव की जनता के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा वीरगांव सहित दर्जनों पंचायतों की सड़क निर्माण की मांग मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी जी के समक्ष रखने का अवसर मुझे क्षेत्र की जनता के विश्वास और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय उपेन्द्र कुशवाहा जी के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री जी इस जनहित से जुड़े मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्र की जनता को राहत प्रदान करेंगे। अर्चना आनंद ने मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी जी, उपेन्द्र कुशवाहा जी तथा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी जनसमस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाती रहेंगी और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी।

### विकास कार्यों का महापौर ने किया निरीक्षण

**अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश वार्ड 36 में सड़क-नाला निर्माण, मसोमात पोखर के जीर्णोद्धार व महावीर चैक स्थित शौचालय हटाने की पहल: महापौर**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम की महापौर बैन प्रिया ने शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर विकास कार्यों और जनसमस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कार्यों में तेजी लाने और स्थानीय लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को



कहा।महापौर ने वार्ड संख्या 36 के कृष्णा नगर स्थित सिद्धि प्रिया पथ पर बुडको द्वारा कराए जा रहे सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से सुझाव भी लिए और निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।इसके बाद वार्ड संख्या 37 के बनगांव रोड स्थित मसोमात पोखर घाट पहुंचकर क्षतिग्रस्त सीढ़ियों की स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों से बातचीत के बाद नगर आयुक्त को पोखर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।महापौर ने कहा कि नगर निगम की ओर से मसोमात पोखर को भव्य स्वरूप देने के लिए जल्द ही जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कराया जाएगा।महावीर चैक स्थित रुपवती कन्या उच्च विद्यालय के मुख्य द्वार के समीप बने यूरिनल का भी महापौर ने निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों और विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी को देखते हुए उन्होंने नगर आयुक्त को यूरिनल हटाने एवं समस्या का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा, ताकि नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### सहरसा के चार खिलाड़ी का राष्ट्रीय खेल कैंप हेतु चयन, राजगीर रवाना


**सहरसा शहर (एनएसबी)।** 16 वीं जूनियर बालक हॉकी का राष्ट्रीय खेल जो कोयंबटूर में होना है उसके लिए4,और 5 जुलाई को राजगीर में



ट्रायल दिया गया था। ट्रायल के दौरान सहरसा का चार खिलाड़ी प्रियांशु राज,नीरज कुमार ओबेदुर रहमान, असादुल्लाह का चयन राष्ट्रीय खेल के कैंप हेतु चयन किया गया है। चारों खिलाड़ियों को नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा, उपमेयर गुड्डू हयात, निगम पार्षद सह कबड्डी संघ सहरसा सचिव आशीष रंजन सिंह, हॉकी एसोसिएशन ऑफ के अध्यक्ष सुनील कुमार झा, हॉकी एसोसिएशन ऑफ सहरसा के सचिव प्रमोद कुमार झा, पार्षद प्रतिनिधि सुशील यादव, दीपक कुमार सिंह पिंटू सिंह, सिंको सिन्हा ने विदा करते हुए अपना बेहतर प्रदर्शन कर जिला और राज्य का नाम ऊंचा करने को बोले और प्रसन्नता पूर्वक विदा करते हुए सहरसा से राजगीर के लिए रवाना किया गया। जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार,जिला खेल पदाधिकारी कुमारी तौसी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभिलाषा पाठक और हॉकी खेल के अन्य पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार की अनुमोदन पर नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा के द्वारा सहरसा में हॉकी खेल का स्टेडियम बनाया जाएगा। जो हमारे सहरसा ही नहीं कोसी वासियो के हित के लिए बहुत ही श्रेष्ठ कर होगा। यहां के खिलाड़ियों को जिला से राज्य और राज्य से राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रतिभा दिखाने के लिए मौका मिलेगा आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपना प्रतिभा दिखा सकेंग।

### मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** शुक्रवार को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा विद्युत विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने सहभागिता करते हुए जिले में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा विद्युत विभाग से



संबंधित विभिन्न योजनाओं, आधारभूत संरचना विकास, विद्युत आपूर्ति, शहरी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं जनहित से जुड़े कार्यों की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। बैठक के दौरान मुख्य सचिव द्वारा नगर निकायों में संचालित विकास योजनाओं, शहरी आधारभूत संरचना, पेयजल, जल निकासी, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति एवं उपभोक्ता सेवाओं की नियमित समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी, सहरसा ने बैठक में दिए गए सभी निदेर्शों का जिले में प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा विकास एवं जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### कोसी-सीमांचल के यात्रियों को जुलाई-अगस्त तक मिलेगी सुविधा, सहरसा-आनंद विहार सहित 7 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ी

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** भारतीय रेलवे ने कोसी और सीमांचल क्षेत्र के यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ और सुविधा को देखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। समस्तीपुर रेल मंडल से होकर चलने वाली 07 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। इन सभी ट्रेनों का परिचालन अब जुलाई के अंत और अगस्त के पहले सप्ताह तक निर्धारित तिथियों के अनुसार जारी रहेगा। इस विस्तार से सहरसा और आसपास के क्षेत्रों से दिल्ली की यात्रा करने वाले लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। गाड़ी संख्या 05575 अब 28.07.2026 तक प्रत्येक मंगलवार को सहरसा से प्रस्थान करेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 05576, 30.07.2026 तक प्रत्येक गुरुवार को आनंद विहार से सहरसा के लिए चलेगी। सहरसा के साथ-साथ पूर्णिया, दरभंगा, मधुबनी और झंझारपुर जैसे पड़ोसी जिलों के यात्रियों के लिए भी ट्रेनों का विस्तार किया गया है। गाड़ी संख्या 05579 (पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार स्पेशल) अब 31.07.2026 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को पूर्णिया कोर्ट से चलेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, हत्या की आशंका

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनौरी गांव में 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जुगेश्वर साह के पुत्र रूपेश साह के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह उसका शव घर के बथान पर पड़ा मिला। शव के गले और चेहरे पर गहरे चोट के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार युवक की हत्या प्रेम प्रसंग में होने की आशंका जताई जा रही है। परिजनों एवं ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, रूपेश



रोते-बिलखते परिजन

गुरुवार शाम मनौरी गांव से कोपरिया हरिपुर स्थित अपनी भांजी की शादी में शामिल होने गया था। वह गांव निवासी सोनू ठाकुर की चारपहिया गाड़ी से समारोह में पहुंचा था। चालक सोनू ठाकुर ने बताया कि देर रात करीब 12 बजे उसने रूपेश को कैलाश साह के घर के सामने मुख्य सड़क पर उतारा था। चालक के अनुसार, गाड़ी से उतरने से पहले रूपेश अपने मोबाइल फोन पर किसी महिला से बातचीत कर रहा था। शुक्रवार सुबह जब रूपेश का शव उसके बथान पर मिला तो पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल बन गया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर तरह-तरह की चचार्एं होती रहीं। कुछ ग्रामीणों ने दबी जुबान में गांव की एक महिला से मृतक की कथित नजदीकी का भी जिक्र किया, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सोनवर्षा थाना पुलिस एवं फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सहरसा भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज मृतक की पत्नी पूनम देवी के आवेदन पर अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध सोनवर्षा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रूपेश का शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी पूनम देवी, माता रामा देवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव की महिलाएं उन्हें ढांढस बंधाने में लगी रहीं। परिजनों के विलाप से मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

### नदी में मछली पकड़ने गए व्यक्ति की डूबने से मौत, परिवार में मचा कोहराम।

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के महारस नवटोलिया में शुक्रवार की सुबह नदी में मछली पकड़ने के दौरान एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, सरबेला पंचायत के वार्ड संख्या-2 निवासी बेचो मुखिया के पुत्र बुधन मुखिया शुक्रवार सुबह प्रतिदिन की तरह नदी में मछली पकड़ने गए थे। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद उनके पिता बेचो मुखिया उन्हें खोजते हुए नदी किनारे पहुंचे। वहां बुधन मुखिया की साइकिल, चप्पल और मछली पकड़ने का जाल पड़ा मिला। सामान देखकर अनहोनी की आशंका



होने पर उन्होंने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नदी में खोजबीन शुरू की। काफी मशक्कत के बाद बुधन मुखिया का शव नदी से बरामद किया गया। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम का माहौल छा गया। घटना की सूचना पर बनमा ईटहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सहरसा भेज दिया। बताया जाता है कि बुधन मुखिया चार भाई-बहनों में तीसरे स्थान पर थे। वह अपने पीछे पत्नी सुलो देवी एवं एक पुत्र विवेक कुमार को छोड़ गए हैं। पति की असामयिक मौत से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## महावीर नेत्रालय का भव्य उद्घाटन, अब सहरसा में मिलेगी आधुनिक नेत्र चिकित्सा की सुविधा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहरवासियों के लिए शुक्रवार का दिन स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि लेकर आया। पूरब बाजार स्थित विद्यापति नगर, वार्ड 31 नियर भगवान लाल गोला के समीप महावीर नेत्रालय का समाज सेवी विनोद कुमार और प्रमोद कुमार व डॉ विवेक कुमार ने फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में चिकित्सकों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों तथा स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। नए नेत्रालय के शुरू होने से अब सहरसा और



उद्घाटन करते चिकित्सक व समाजसेवी।

आसपास के जिलों के लोगों को आंखों की आधुनिक जांच और उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। महावीर नेत्रालय के संचालक एवं प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.विवेक कुमार ने बताया कि अस्पताल में अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से आंखों की रेटिना सहित सभी प्रकार की जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सहरसा सहित कोसी क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को पटना, दरभंगा या अन्य महानगरों में इलाज कराने की आवश्यकता कम पड़े। उन्होंने बताया कि नेत्रालय में विशेष रूप से रेटिना और ऑप्टिक नर्व से संबंधित बीमारियों की आधुनिक जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी, आंखों की एलर्जी, कमजोर दृष्टि, बच्चों के नेत्र रोग तथा अन्य सामान्य एवं जटिल नेत्र रोगों का भी इलाज किया जाएगा। अस्पताल में ओसीटी, ग्रीन लेजर विभिन्न प्रकार के लेजर उपचार, इंट्राविट्रियल इंजेक्शन सहित कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। डॉ.विवेक कुमार ने कहा कि समय पर आंखों की जांच कराने से कई गंभीर बीमारियों का प्रारंभिक अवस्था में ही पता लगाया जा सकता है और मरीज की दृष्टि को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आंखों से जुड़ी किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें और नियमित रूप से नेत्र परीक्षण कराएं। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने अस्पताल में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों का अवलोकन किया और इसे कोसी क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। वक्ताओं ने कहा कि इस अस्पताल के शुरू होने से स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी तथा समय और धन दोनों की बचत होगी। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को अब अपने जिले में ही विशेषज्ञ चिकित्सक से इलाज कराने का अवसर मिलेगा। महावीर नेत्रालय सप्ताह के सभी कार्य दिवसों के साथ रविवार को भी खुला रहेगा, जिससे दूर-दराज के मरीजों को सुविधा मिलेगी। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि मरीजों के लिए परामर्श एवं अपॉइंटमेंट की व्यवस्था भी की गई है।

## आकाशीय बिजली का कहर : महिला और 10 वर्षीय बालक की मौत, दो पंचायतों में पसरा मातम

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के देहद एवं खजुराहा पंचायत में शुक्रवार की देर दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से अलग-अलग घटनाओं में एक 10 वर्षीय बालक और एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों गांवों में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, देहद पंचायत के वार्ड संख्या-01 स्थित दमहा महादलित टोला में बारिश के दौरान स्नान कर रहे बदसु सादा के 10 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में करण कुमार नामक एक अन्य बालक घायल हो गया, जिसका इलाज कराया जा रहा है। ? वहीं दूसरी घटना खजुराहा पंचायत के वार्ड संख्या-07 में हुई। यहां प्रेम सादा की पत्नी कारी देवी खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हुआ और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। इसकी चपेट में आने से कारी देवी गंभीर रूप से झुलस गईं। ग्रामीण और परिजन उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही सोनवर्षा थाना की पुलिस पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।एवं स्थानीय प्रशासन आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाली सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। लगातार हो रही बारिश और मौसम में बदलाव के कारण क्षेत्र में आकाशीय बिजली की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम, तेज गर्जन और बिजली चमकने के दौरान खुले मैदान, खेत, पेड़ अथवा बिजली के खंभों के पास जाने से बचें तथा सुरक्षित स्थानों पर शरण लें।





महादलित टोला उमडी भीड, खजुराहा पंचायत के वार्ड 07 में उमडी भीड़।

## सांसद दिनेशचंद्र यादव होंगे कोशी रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी विकास संघर्ष मोर्चा द्वारा पूजा बैंकट हॉल में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में यह घोषणा की गई कि कोशी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रेल एवं आधारभूत संरचनाओं के विस्तार में उल्लेखनीय योगदान के लिए सांसद दिनेश चंद्र यादव को कोशी रत्न सम्मान 2026 से अलंकृत किया जाएगा। मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष अधिवक्ता विनोद कुमार झा ने कहा कि यह सम्मान किसी राजनीतिक विचारधारा का नहीं, बल्कि कोशी के विकास के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के कार्यों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि सांसद श्री यादव ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में कोशी क्षेत्र के विकास हेतु अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं, जिनका लाभ आज भी क्षेत्र की जनता को मिल रहा है।मोर्चा के संरक्षक प्रवीण आनंद ने बताया कि 12 जुलाई को पूजा बैंक्वेट, जिला परिषद परिसर, सहरसा में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के पदाधिकारी, चिकित्सक, शिक्षाविद, अधिवक्ता, पत्रकार, व्यवसायी तथा बुद्धिजीवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता में सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से सम्मान समारोह में सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने तथा कोशी के समग्र विकास के संकल्प को और सशक्त बनाने की अपील की गई।



### फार्मर आईडी वाले किसानों को मिलेगी दो बोरी यूरिया

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि भवन में शुक्रवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि कुमार की अध्यक्षता में कृषि समन्वयकों एवं किसान सलाहकारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों के बीच यूरिया वितरण की व्यवस्था तथा फार्मर आईडी बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि जिन किसानों के पास फार्मर आईडी उपलब्ध है, उन्हें सरकार के निर्धारित प्रावधान के अनुसार दो बोरी यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा।

## एबीवीपी स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर भारतीय नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कला मंच, सहरसा द्वारा भारतीय नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, नगर मंत्री रौशन कामत जी एवं कार्यक्रम प्रमुख सुश्री अनन्या ठाकुर मंचासीन रहे। दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में एकल एवं समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल में सुश्री नीतू सिंह, रॉकी देव पोद्दार एवं सुश्री स्नेहा राज शामिल रहीं। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति का निष्पक्ष एवं पारदर्शी मूल्यांकन करते हुए विजेताओं का चयन किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-




मंचासीन पूर्व मंत्री सहित तमाम अतिथिगण

पत्र प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र, मेडल एवं प्रतियोगिता किट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायकों का भी अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। समापन समारोह में पूर्व कला, संस्कृति एवं खेल मंत्री आलोक रंजन, एम.एल.टी.कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार सिंह, डॉ.मानस मनुराज, सुश्री रजनी खा एवं पूर्व कार्यकत्रा रूपेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके कर-कमलों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल शिक्षा प्राप्त करने का समय नहीं, बल्कि संस्कार, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा का आधार तैयार करने का काल होता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वर्षों से विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता का विकास करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं कला हमारी पहचान हैं, इसलिए ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। अभाविप सहरसा के जिला संयोजक शिवम शांडिल्य ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रहा है। परिषद शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण तथा राष्ट्रीय चेतना से जुड़े विविध कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और सेवा-भाव का विकास करती है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर आयोजित यह भारतीय नृत्य प्रतियोगिता भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने का एक सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राष्ट्रीय कला मंच एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकत्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में जिला प्रमुख विकास मिश्र, नगर अध्यक्ष मनोज कुमार चैधरी, जयंत जोशी, विशेष आमंत्रित सदस्य मोनू झा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मायानंद सिंह, गणेश यादव, रितेश मिश्रा सहित विद्यार्थी परिषद के अनेक कार्यकत्रा एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एमडीएम में पिल्लू मिलने पर अभिभावकों का हंगामा

दैनिक नवसंदेश

## आक्रोशित परिजनों ने विद्यालय में लगाया ताला


विद्यालय के शिक्षक और अभिभावक से जानकारी लेते शिक्षा विभाग के अधिकारी।

**चौथम।** मध्य विद्यालय सरैया में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता को लेकर शुक्रवार को अभिभावकों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। छात्रों के भोजन में पिल्लू मिलने की शिकायत के बाद आक्रोशित परिजनों ने विद्यालय में तालाबंदी कर दी। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक भी परिसर के अंदर ही बंद रह गए।

ग्रामीणों और अभिभावकों का आरोप है कि यह पहली घटना नहीं है। उनका कहना था कि सोमवार को भी छात्रों के भोजन में पिल्लू मिला था। बावजूद इसके विद्यालय प्रशासन ने व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया। लगातार मिल रही शिकायतों से नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना मिलने पर प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज श्रीवास्तव विद्यालय पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों और अभिभावकों से बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी ली तथा मध्याह्न भोजन व्यवस्था में तत्काल सुधार का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और तालाबंदी समाप्त कर दी।

प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय के अध्यापक संजय कुमार ने आरोप लगाया है कि वेंडर द्वारा गुणवत्तापूर्ण चावल की आपूर्ति

**वेंडर पर गुणवत्तापूर्ण चावल आपूर्ति नहीं करने का आरोप**

**स्कूल में चखना (टेस्टिंग) पंजी का समुचित संधारण नहीं**

**वेंडर और विद्यालय प्रधान से मांगा गया स्पस्टीकरण**

नहीं की जा रही है। इस मामले में विद्यालय के वेंडर और संबंधित रसोइया के विरुद्ध निलंबन का प्रस्ताव मांगा गया है। साथ ही जांच के दौरान चखना (टेस्टिंग) पंजी का समुचित संधारण नहीं मिलने पर विद्यालय प्रधान से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व ही प्रखंड विकास पदाधिकारी और उनके द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया था। उस दौरान भी मध्याह्न भोजन व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद दोबारा ऐसी शिकायत सामने आना गंभीर मामला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्यालय की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस संबंध में विद्यालय प्रधान का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे फोन पर संपर्क नहीं हो सका।

## वार्ड पार्षद रहे गैर हाजिर नहीं गठित हो सकी विद्यालय शिक्षा समिति

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र के तारा मध्य विद्यालय में विद्यालय शिक्षा समिति के गठन के लिए आम बैठक बुलायी गयी थी। इसमें उक्त वार्ड के पार्षद केशव सुमन नहीं पहुंचे। उनके बारे मे पूछे जाने पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज केशरी ने वताया की उन्हें जानकारी दी गयी थी लेकिन वे नहीं पहुंच सके।

वहीं उनकी अनुपस्थिति में ग्रामीण अभिवावक के रूप मे उपस्थित संजय कुमार उर्फ अनिल पोद्दार की अध्यक्षता मे बैठक की गयी। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक विद्यालय शिक्षा समिति का गठन नहीं हो जाता तब तक टू मेन कमेटी यथावत काम करेगी।

बताते चलें की टू मेन कमेटी का मतलब यह होता है कि शिक्षा समिति को विद्यालय के एक वरीय शिक्षक एवं उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक की कमेटी ही चलाएगी। इससे पहले भी यह नियम विद्यालय में चल रहा था। आज की बैठक में जदयू नेता डॉ. रवि, सुबोध कुमार गुप्ता, दीपमाला देवी, राधा देवी, प्रियंका देवी, प्रेम लता देवी, बबिता देवी आदि उपस्थित थीं।

## जंक फूड और असंतुलित भोजन से प्लस टू आवासीय विद्यालय की आधा दर्जन छात्राओं की तबीयत बिगड़ी



**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तेलिहार पंचायत अवस्थित प्लस टू बालिका अत्यंत पिछड़ा आवासीय विद्यालय में आए छात्राएं बीमार पड़ती रहती हैं। शुक्रवार को भी दस छात्राएं अचानक बीमार पड़ गई, जिसमें से छह छात्राओं का इलाज कर उन्हें छुट्टी दे दी गई। वहीं तीन बच्चियों का इलाज इमरजेंसी वार्ड में किया गया।

वार्ड में इलाजरत छात्राओं में मुजफ्फरपुर विद्यालय के कक्षा 7 की छात्रा नीतू कुमारी, कक्षा 8 की छात्रा प्रियंका कुमारी और खगड़िया विद्यालय के कक्षा 8 की छात्रा सोनाक्षी कुमारी के नाम शामिल हैं। वहीं उनका ईलाज कर रहे चिकित्सक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को लगभग दस छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जिसमें से सात छात्राओं का इलाज ओपीडी में किया गया। वहीं तीन छात्राओं को इमरजेंसी वार्ड में इलाज किया गया। वहीं विद्यालय की छात्राओं ने जंक फूड और असंतुलित भोजन देने की शिकायत की है। छात्राओं ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन इस विषय में लापरवाह बने हुए हैं जिस

**दस छात्राओं की तबयित बिगड़ी, छह को इलाज के बाद दे दी गई छुट्टी, तीन बच्चियों को इमरजेंसी वार्ड में किया गया भर्ती**

कारण भोजन की गुणवत्ता गिरती जा रही है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर यह दूसरी घटना है। जब सामूहिक रूप से छात्राओं की तबीयत बिगड़ी है। हालांकि छात्राओं के साथ उनका इलाज करवाने आये अंग्रेजी शिक्षक जसवंत सिंह ने इस शिकायत को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सभी छात्राएं बदलते मौसम के कारण संक्रमण संबंधित बीमारी से ग्रसित थीं,जिनका इलाज कर दिया गया है।

इस घटना की शिकायत शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार से की गई जिसके के बाद बीईओ ने अस्पताल पहुंचकर छात्राओं का हालचाल जाना और चिकित्सालय प्रबंधन से एक एएनएम की प्रतिनियुक्ति विद्यालय परिसर में करने की बात कही। वहीं भोजन की गुणवत्ता की शिकायत को लेकर इसकी जांच करने का आश्वासन बेलदौर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार ने दिया।


## संक्षिप्त खबरें

### पर्यटन को गति देने के लिए युवाओं को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** विधायक बबलू मंडल ने आज हैदराबाद, तेलंगाना स्थित राष्ट्रीय पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन संस्थान (एनआईटीएचएम) के निदेशक डॉ. वी वेंकट रमण के साथ अहम बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार के स्थानीय युवाओं के लिए कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) और क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) के माध्यम से राज्य के पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाई देना था। इस दौरान दोनों ने बिहार की असीम पर्यटन संभावनाओं (ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन) पर गहन मंथन किया। विधायक बबलू मंडल ने कहा कि बिहार में अपार संभावनाएं होने के बावजूद कुशल मानव संसाधन की कमी के कारण पर्यटन क्षेत्र पूरी तरह से रोजगार का लाभ नहीं दे पा रहा है। इस दौरान दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि जल्द ही एनआईटीएचएम हैदराबाद का एक प्रतिनिधिमंडल पटना आएगा। प्रतिनिधिमंडल बिहार सरकार के संबंधित विभागों (पर्यटन, कला-संस्कृति विभाग तथा कौशल विकास मिशन) के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर तय करेगा कि राज्य में किस प्रकार पर्यटन-आधारित कौशल अभियान को जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। विधायक मंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से बिहार के लाखों बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। आने वाले दिनों में प्रतिनिधिमंडल के दौरे की औपचारिक तिथि निर्धारित की जाएगी।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत खगड़िया जिले में कुल 1,54,844 लाभार्थियों को 23,08,86,200 की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना समाज वृद्धजनों, विधवाओं एवं दिव्यांगजनों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### बारिश होने से धान की खेती करनेवाले किसान खुश


सड़क पर जमा बारिश का पानी।

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र में बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया। बारिश से खेत में गिराए गए धान की बीज को फायदा हुआ है जिससे किसानों में खुशी है। बेलदौर प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर करीब साढे तीन बजे जमकर बारिश हुई। इसके कारण बाजार समेत निचले इलाके में ग्रामीणों को जीना दुश्वार हो गया है। किसानों का कहना है कि जब बारिश नहीं हो रही थी तो धान की फसलों को पंप सेट के माध्यम से पानी देना पड़ता था। बारिश के कारण बाजार में फुटकर दुकानदारों को काफी परेशानी हुई।

### जीविका से जुड़कर पूजा देवी ने बदली अपनी जिंदगी



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** अगर अवसर मिले और उस अवसर का सही उपयोग मेहनत और लगन के साथ किया जाए तो कोई भी महिला अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदल सकती है। इस कथन को खगड़िया जिले की बेलदौर की रहनेवाली जीविका दीदी पूजा देवी ने अपने जीवन में सच साबित कर दिखाया है। सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी से जूझते हुए उन्होंने न केवल अपने परिवार को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि आज वे अपने क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। जीविका से जुड़ने से पहले पूजा देवी का परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर था। परिवार की आय का मुख्य स्रोत उनके पति की हटिया (साप्ताहिक बाजार) में सब्जी बेचने की छोटी-सी दुकान थी। इस व्यवसाय से होने वाली आय इतनी नहीं थी कि परिवार की सभी आवश्यकताओं को आसानी से पूरा किया जा सके। घर में दो छोटे बच्चों की पढ़ाई, भोजन, कपड़े, दवाइयां और अन्य घरेलू खर्चों को पूरा करना उनके लिए बड़ी चुनौती थी। कई बार ऐसी स्थिति भी आती थी जब परिवार को अपनी आवश्यक जरूरतों के लिए भी सोच-समझकर खर्च करना पड़ता था। भविष्य को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी। पूजा देवी चाहती थीं कि वे भी परिवार की आय बढ़ाने में योगदान दें, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण कोई व्यवसाय शुरू करना संभव नहीं हो पा रहा था। इसी दौरान पूजा देवी जीविका से जुड़ीं। स्वयं सहायता समूह की सदस्य बनने के बाद उन्हें नियमित बैठकों में भाग लेने, बचत करने, वित्तीय अनुशासन अपनाने और स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्राप्त होने लगीं। समूह की अन्य महिलाओं की सफलता की कहानियों ने उन्हें भी कुछ नया करने की प्रेरणा दी। जीविका के माध्यम से उन्हें यह विश्वास मिला कि यदि सही मार्गदर्शन और थोड़ी आर्थिक सहायता मिले, तो वे भी अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। समूह की बैठकों में उन्हें व्यवसाय प्रबंधन, बचत, ऋण के सही उपयोग तथा आय बढ़ाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। इससे उनके भीतर आत्मविश्वास का संचार हुआ और उन्होंने स्वरोजगार अपनाने का दृढ़ निश्चय किया। जीविका समूह के माध्यम से पूजा देवी को बैंक से 40,000 का ऋण प्राप्त हुआ। इस राशि का उपयोग उन्होंने अपने गांव में एक छोटी किराना दुकान खोलने के लिए किया। शुरुआत में दुकान छोटी थी और सीमित सामान उपलब्ध था, लेकिन पूजा देवी ने पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया।

## गुम हुए 51 मोबाइल फोन धारक को लौटाए गए





**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत खगड़िया पुलिस ने गुम हुये मोबाइल फोन बरामद कर उनके धारकों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में खगड़िया जिला अंतर्गत संचालित ऑपरेशन मुस्कान को तीव्र किया जा रहा है।

**ऑपरेशन मुस्कान**

इस संदर्भ में शुक्रवार को 51 मोबाइल फोन बरामर कर उसके वास्तविक धारकों को लौटाकर उनके चेहरे की मुस्कान लौटायी गयी। बरामद सभी मोबाइल की अनुमानित कीमत तकनीकी टीम द्वारा नौ लाख तेरासी हजार पांच सौ उनतीस रुपये आकलित की गयी है। एसपी ने कहा कि साईबर थाना, अलौली थाना, मुफस्सिल थाना समेत अन्य थानों क्षेत्रों से 51 मोबाइल फोन बरामद किए गए। संबंधित मोबाइलों को वास्तविक धारकों को सुपुर्द कर दिया गया। मोबाईल मिलने पर मोबाइल धारकों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

## 16 जुलाई को जिले के सभी अंचल कार्यालयों में लगेंगे विशेष शिविर

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिला प्रशासन आपदा से संबंधित लंबित अनुग्रह अनुदान मामलों के शीघ्र निष्पादन के उद्देश्य से 16 जुलाई को जिले के सभी अंचल कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित करने जा रहा है। इस विशेष शिविर में मृतक अनुग्रह अनुदान, पशु क्षति अनुग्रह अनुदान एवं गृह क्षति अनुग्रह अनुदान से संबंधित लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने अंचल कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित कर लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी अपने अनुमंडल अंतर्गत आयोजित शिविरों का समुचित पर्यवेक्षण करेंगे तथा उनके सफल संचालन की निगरानी करेंगे। अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि विशेष शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र लाभुकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। शिविर में प्राप्त आवेदनों की उसी दिन विधिवत जांच कर आवश्यक प्रविष्टि एवं अग्रेतर कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित हो सके। लाभुकों की सुविधा के लिए प्रत्येक अंचल कार्यालय में सहायता काउंटर जगेंगे तथा आवश्यक संख्या में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

## 21 लीटर शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के हरदिया गांव में बीते रात को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करीब 21 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई के दौरान कथित शराब कारोबारी बौद्ध पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, चौथम थाना पुलिस को हरदिया गांव में अवैध रूप से शराब के कारोबार की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद थाना अध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की योजना बनाई गई। पुलिस टीम ने देर रात आरोपी के घर पर छापा मारा, जहां तलाशी के

**हरदिया गांव में चौथम थाने की पुलिस ने मारा छापा**

दौरान करीब 21 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद शराब को पुलिस ने जब्त कर लिया। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि छापेमारी अभियान में अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सहित सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## चौथम प्रखंड के नौ पंचायतों में जल्द शुरू होगा विवाह भवन का निर्माण

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के 13 पंचायतों में से नौ पंचायतों में जल्द ही विवाह भवन निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर सरकार एवं पंचायती राज विभाग द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिवों को पत्र भेजकर निर्माण कार्य से संबंधित बैंक खाता खोलने सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया गया है। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी प्रमथ मयंक ने बताया कि चौथम प्रखंड के तेलौंछ, सरसवा, पश्चिम बोर्ने, मध्य बोर्ने, चौथम, हरदिया, धुतौली, पिपरा तथा ठुठ्ठी मोहनपुर पंचायतों में विवाह भवन निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित

**पंचायती राज विभाग ने जारी की गाइडलाइन**

पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिवों को योजना के संचालन के लिए आवश्यक बैंक खाता खोलने तथा विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप आगे की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है। खाता खुलने और अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद निर्माण कार्य पंचायत में चयनित स्थल पर प्रारंभ कराया जाएगा। बताते चले की, सरकार की यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए किसी बड़ी सौगात से कम नहीं मानी जा रही है। बदलते समय में गांवों में खुले स्थान और बासडीह जैसी पारंपरिक जगहों की कमी लगातार महसूस की जा रही है। ऐसे में विवाह, उपनयन, सामाजिक बैठक, सामुदायिक कार्यक्रम तथा अन्य सार्वजनिक आयोजनों के लिए लोगों को निजी विवाह भवन, होटल या मंदिर परिसर का सहारा लेना पड़ता है, जिस पर काफी अधिक खर्च करना पड़ता है।

## आवारा कुत्तों से बचाव को लेकर पंचायतों से मांगी रिपोर्ट, सुरक्षा व्यवस्था पर विभाग सख्त

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र में आवारा एवं खतरनाक कुत्तों के बढ़ते आतंक को देखते हुए पंचायती राज विभाग ने सभी पंचायतों से विस्तृत ऐहतियाती रिपोर्ट तलब की है। विभाग ने पंचायत स्तर पर अब तक की गई सुरक्षा व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों तथा भविष्य की कार्य योजना की जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। विभाग द्वारा जारी निर्देश में पंचायतों से पूछा गया है कि आवारा एवं आक्रामक कुत्तों से लोगों की सुरक्षा के लिए अब तक कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं। साथ ही यदि कुत्तों के संरक्षण, नियंत्रण अथवा अस्थायी रखरखाव के लिए भूमि उपलब्ध है तो उसका विवरण, नक्शा, प्रस्तावित स्थल, निर्माण की स्थिति तथा अन्य आवश्यक जानकारियां भी रिपोर्ट के साथ भेजने को कहा गया है। गौरतलब है कि प्रखंड के विभिन्न गांवों में पिछले कुछ समय से आवारा कुत्तों के हमले की घटनाओं में वृद्धि हुई है। कई मामलों में बच्चे, बुजुर्ग और राहगीर कुत्तों के हमले में घायल हो चुके हैं। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है और अभिभावकों की चिंता भी बढी है। इन सभी घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पंचायती राज विभाग ने पंचायतों को सतर्क रहने तथा स्थानीय स्तर पर आवश्यक एहतियाती उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विभाग का उद्देश्य आवारा एवं खतरनाक कुत्तों के कारण होने वाली घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पंचायतों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभागों के समन्वय से आवारा कुत्तों के नियंत्रण, बचाव और जनसुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि लोगों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## पर्यटन विकास कार्यों की प्रगति का डीएम ने किया निरीक्षण

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने जिले में पर्यटन विकास से संबंधित प्रस्तावित एवं संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु क्षेत्र भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को पर्यटन स्थलों का समग्र एवं योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने चौथम प्रखंड अंतर्गत अवस्थित प्रसिद्ध माँ कात्यायनी मंदिर परिसर का निरीक्षण कर पर्यटन की ष्टि से प्रस्तावित विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मंदिर परिसर में पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाओं के विकास, सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, आवागमन की सुविधा तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रभारी पदाधिकारी प्रवीण कुमार उपस्थित रहे तथा प्रस्तावित कार्यो की अद्यतन स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने कसरैया धार का निरीक्षण कर इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की संभावनाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्थल की भौगोलिक एवं प्रातिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए पर्यटन विकास की कार्ययोजना तैयार करने तथा आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## परिवार नियोजन कार्यक्रम से योग्य दंपत्तियों को जोड़ने की रणनीति पर चर्चा


बैठक में अधिकारी व अन्य।

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** परिवार नियोजन पखवारा के सफल आयोजन को लेकर प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परबत्ता से बीडीओ संतोष कुमार पंडित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में परिवार नियोजन कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक योग्य दंपत्तियों को इससे जोड़ने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ संतोष कुमार पंडित ने कहा कि परिवार नियोजन केवल जनसंख्या नियंत्रण का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ, समृद्ध और खुशहाल परिवार की नींव है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ जागरूकता अभियान चलाने तथा निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. कशिश ने कहा कि परिवार नियोजन पखवारे के दौरान योग्य दंपत्तियों को स्थायी एवं अस्थायी परिवार नियोजन साधनों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, ताकि इच्छुक लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**परिवार नियोजन पखवारा को लेकर आयोजित बैठक संपन्न**

**स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी व जीविका दीदियों को सौंपे गए दायित्व**

बैठक में परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार, आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका, लाभार्थियों की पहचान तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ प्रतिमा आचार्य, बीएचएम नितेश अभिजात, प्रोग्राम अफिसर श्रवण कुमार, एलएस प्रतिमा कुमारी, परिवार नियोजन सलाहकार अभिषेक कुमार, बीसीएम रौशन कुमार, जीविका के एरिया को-ऑर्डिनेटर अनुज कुमार, आशा फैसिलिटेटर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# मेंस कांग्रेस यूनियन ने कारखाना कार्मिक पदाधिकारी का किया अभिनंदन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेल कारखाना जमालपुर में नए वर्कशप पर्सनल अफिसर के रूप में राजीव कुमार ने पदभार ग्रहण किया। उनके योगदान के कारखाना मेंस कांग्रेस यूनियन शाखा के पदाधिकारी ने कर्मचारियों की तरफ से गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। राजीव कुमार इससे पहले जमालपुर वर्कशप में सहायक वेलफेयर अधिकारी (एडब्ल्यूओ) के रूप में कार्य कर चुके हैं। वेलफेयर विभाग में उनके अनुभव, कार्यकुशलता और प्रशासनिक दक्षता को देखते हुए कर्मचारियों में उनके आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है। पदभार ग्रहण करने के बाद मेंस कांग्रेस यूनियन के शाखा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार एवं सचिव ष्ण कुमार के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन किया गया। यूनियन नेताओं ने आशा व्यक्त की कि राजीव कुमार के नेतृत्व में वेलफेयर विभाग का कार्य और अधिक प्रभावी होगा तथा कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कर्मचारियों ने उन्हें एक अनुभवी, मृदुभाषी और कर्मठ अधिकारी बताते हुए विश्वास जताया कि वे कार्य में शुचिता,पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखते हुए कर्मचारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। वहीं राजीव कुमार ने भी सभी के सहयोग से बेहतर कार्य संस्ति विकसित करने और कर्मचारी कल्याण से जुड़े मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने का भरोसा दिलाया। मौके पर मेंस कांग्रेस के उपाध्यक्ष मनोज कुमार , अश्मित ठाकुर, सहायक सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश राज एवं परशुराम मौजूद थे।


डब्लूपीओ का अभिनंदन करते मेंस कांग्रेस यूनियन।

## रेल परिचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था का चीफ ऑपरेशन मैनेजर ने किया निरीक्षण

**जमालपुर (मुंगेर)।** पूर्व रेलवे कोलकाता के चीफ अपरेशन मैनेजर (रूल) सुरेश चंद्र जैन शुक्रवार को एकदिवसीय दौरे पर जमालपुर पहुंचे। उनके दौरे का उद्देश्य रेलवे परिचालन में नियमों के अनुपालन तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेना था। जमालपुर स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने उनका स्वागत किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जमालपुर एवं मुंगेर रेलखंड पर ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन, सिगल व्यवस्था, परिचालन नियमों तथा सुरक्षा मानकों के पालन की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने रेलवे यार्ड का स्थलीय निरीक्षण कर


निरीक्षण करते चीफ अपरेशन मैनेजर (रूल) सुरेश चंद्र जैन।

ट्रेनों के ठहराव, शंटिंग कार्य एवं परिचालन से जुड़े विभिन्न सुरक्षा उपायों का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही यह भी देखा कि रेल कर्मी निर्धारित नियमों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं या नहीं तथा परिचालन में उपयोग होने वाले उपकरणों का सही ढंग से उपयोग किया जा रहा है।निरीक्षण के उपरांत चीफ अपरेशन मैनेजर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर सुरक्षित रेल परिचालन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि रेलवे में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और परिचालन से जुड़े प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह नियमों का पूरी गंभीरता से पालन करे। उन्होंने कर्मचारियों को सतर्कता, अनुशासन एवं सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर दिलीप कुमार, मनोरंजन कुमार सहित रेलवे के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वार्ड पार्षद साईं शंकर पर रंगदारी मांगने का आरोप

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर शहर के वार्ड पार्षद साईं शंकर पर नप प्रशासन के ठेकेदार फुल्का निवासी सुमित कुमार सुशील उर्फ मंटू यादव के द्वारा दो लाख रुपया रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया है। आवेदन जमालपुर आदर्श थाने में दिया गया है, तथा पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस साईं शंकर के बड़ी केशोपुर जनता मोड़ स्थित आवास पर गई थी वहां उसने उनके माता जी से पूछताछ किया। बाद में प्रशासन ने धर्मशाला रोड स्थित उनके प्रतिष्ठान साईं अप्टिकल में खोजबीन करने के बाद मुंगेर रोड स्थित वी-मार्ट के सामने शोरूम में पहुंचे। वहाँ पुलिस ने रंगदारी मांगने के लगाए गए आरोप पर पूछताछ की। साईं शंकर ने कहा कि यह बात आश्चर्यजनक है कि जिस नप प्रशासन के पदाधिकारी,अभियंता एवं ठेकेदार के मिली भगत,कमीशनखोरी एवं योजनाओं में अनियमितता के खिलाफ जांच की मांग की गई आज वही लोग उल्टे नोटिस भेजने,फर्जी केस करने तथा परेशान करने का झूठा प्रयास कर रहे है। साईं शंकर ने मुंगेर एसपी से भी इस मामले में गहन जांच करने की मांग की है।

## प्लेटफार्म नंबर-2 पर महिला यात्री का मोबाइल चोरी

**जमालपुर (मुंगेर)।** झाझा निवासी नेहा कुमारी, पति सागर कुमार, इलाज कराने के लिए जमालपुर आई थीं। इलाज के बाद वह विक्रमशिला एक्सप्रेस से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान जमालपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफर्म नंबर-2 पर किसी अज्ञात चोर ने ब्लेड से उनका पर्स काट दिया और उसमें रखा मोबाइल फोन चोरी कर लिया।घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने शोर मचाया, लेकिन तब तक चोर फरार हो चुका था। पीड़िता ने रेलवे पुलिस (जीआरपी) से मामले की शिकायत कर मोबाइल बरामी एवं अज्ञात चोर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। जीआरपी मामले की जांच में जुट गई है।

## चंदा चोरी को लेकर सपा ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का पुतला फूंका

**जमालपुर (मुंगेर)** - अयोध्या के राम मंदिर में हुए चंदा चोरी से आक्रोशित समाजवादी पार्टी की नगर ईकाई ने कार्यकारी अध्यक्ष ड सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को स्थानीय जुबली वेल पर प्रधानमंत्री गृहमंत्री एंव गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे का पुतला फूंक अपने आक्रोश का इजहार किया। इस दौरान प्रर्दशन कारी चंदा चोर गद्दी छोड धर्म का धंधा बंद करो आस्था के साथ राजनीति बंद करो नरेंद्र मोदी इस्तीफा दो अमित शाह हाय हाय निशिकांत दुबे शर्म करो चुल्लू भर पानी में डूब मरो आदि नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा एवं जिला मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति भी मौजूद रहे। मौके पर लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर धंधा करने वाली झूठे राष्ट्रवाद का दम भरने वाली पार्टी है जिसने पूरे देश में अराजकता का माहौल उत्पन्न कर दिया है उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस के मिली भगत से धर्म और देश कलंकित हुआ



आक्रोश प्रदर्शन एवं पुतला दहन करते समाजवादी पार्टी।

है ऐसे राष्ट्रद्रोही के लिए फांसी का प्रावधान होना चाहिए । वहीं जिला मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति ने कहा कि चोरी और सीना जोरी करने वाली भाजपा और आरएसएस के लोगों की चन्दा चोरी की कलई जब खुलने लगी तो निशिकांत दुबे जैसे लोग हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष पर टिप्पणी कर मामला को एक नया रूप देने में जुट गए अगर ऐसे नेता नहीं चेते तो ऐसे नेता को हम सपाई जबाब देना जानते हैं।वही कार्यकारी अध्यक्ष ड सुधीर गुप्ता ने कहा कि मंदिर मस्जिद के फेर में देश में धार्मिक उन्माद बढ़ गया है और आम आदमी महंगाई बेरोजगारी भुखमरी पुलिसिया तानाशाही का दंश झेल रहा है ऐसी सरकार को अविलंब इस्तीफा देना चाहिए।मौके पर राजेश झा सचिव दिनेश साह राजीव पटवा सत्यजीत पासवान चंदन साह राजकुमार अशोक शर्मा बब्लू यादव सुरेंद्र कुमार बिछ्छी अजय प्रसाद गौतम कुमार आदि लोग शामिल थे।

## सोनपुर मंडल में वाटर वेंडिंग मशीनों के लिए ई-निविदा से सफल आवंटन

**सोनपुर (एनएसबी)** मंडल द्वारा यात्रियों को स्वच्छ एवं किफायती पेयजल उपलब्ध कराने में वृद्धि के उद्देश्य से विभिन्न स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनों के संचालन हेतु ई-निविदा प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई है। इस पहल के अंतर्गत सोनपुर मंडल के 'सोनपुर, अक्षयवटराय नगर, गोल्डिनगंज' एवं 'न्यू बरौनी' स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनों का आवंटन पाँच वर्षो की अवधि के लिए किया गया है। इससे यात्रियों को स्टेशन परिसर में स्वच्छ एवं सुलभ पेयजल की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, वहीं रेलवे को भी उल्लेखनीय राजस्व प्राप्त होगा। ई-निविदा के माध्यम से प्राप्त होने वाले अनुमानित रेल राजस्व का विवरण निम्नलिखित है 'सोनपुर स्टेशन' प्रतिवर्ष घ2,41,555 तथा पाँच वर्षो में घ12,07,775। 'अक्षयवटराय नगर' स्टेशन प्रतिवर्ष घ46,000 तथा पाँच वर्षो में घ2,30,000। 'गोल्डिनगंज स्टेशन' प्रतिवर्ष घ6,552 तथा पाँच वर्षो में घ32,760। 'न्यू बरौनी स्टेशन' प्रतिवर्ष घ1,91,555 तथा पाँच वर्षो में घ9,57,775। इन चारों स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनों के संचालन से आगामी पाँच वर्षो में रेलवे को कुल अनुमानित घ24,28,310 का राजस्व प्राप्त होगा। सोनपुर मंडल यात्रियों को आधुनिक, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध कराने के साथ-साथ गैर-किराया राजस्व के नए स्रोत विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। वाटर वेंडिंग मशीनों की यह पहल यात्रियों को सुरक्षित एवं किफायती पेयजल उपलब्ध कराने के साथ रेलवे की आय में भी सकारात्मक योगदान देगी। सोनपुर मंडल भविष्य में भी यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं राजस्व संवर्धन के लिए ऐसी जनहितकारी एवं नवाचार आधारित पहलों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।

# पीटीसी से एएसआई बने पांच पुलिसकर्मी, रेल एसपी ने लगाया बैच

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेल जिला जमालपुर में शुक्रवार को पदोन्नति समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न रेल थाना में कार्यरत पांच पुलिस प्रशिक्षण आरक्षी (पीटीसी) को सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। पदोन्नति प्राप्त करने वालों में हरदेव कापड़ी, मनोहर साह, राहुल कुमार रंजन, रुस्तम आलम एवं उमेश कुमार शामिल हैं। रेल जिला मुख्यालय में आयोजित समारोह के दौरान रेल पुलिस अधीक्षक (एसपी) विद्यासागर ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को बैच लगाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर रेल एसपी ने कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान नहीं, बल्कि अधिक जिम्मेदारी और सेवा का अवसर भी है। उन्होंने सभी नवपदोन्नत अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी ईमानदारी, अनुशासन, निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा अपराध नियंत्रण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में प्रत्येक अधिकारी को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए।समारोह के दौरान रेल अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) उमेश्वर चौधरी सहित रेल जिला के कई वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने पदोन्नत कर्मियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और सहकर्मियों ने भी नवपदोन्नत एएसआई को शुभकामनाएं दीं। पदोन्नति से रेल पुलिस बल के जवानों में उत्साह का संचार हुआ है तथा इसे बेहतर कार्य के प्रति विभाग द्वारा दिए गए सम्मान के रूप में देखा जा रहा है।


रेल एसपी के साथ खड़े पदोन्नति प्राप्त करने वाले पदाधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### बेलछी में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, प्रशासन की सख्ती से मचा हड़कंप

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बेलछी प्रखंड क्षेत्र में प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर चलाकर हटाया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।अभियान का नेतृत्व स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने किया। इस दौरान राजस्व विभाग, अंचल प्रशासन एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही। अधिकारियों की निगरानी में बुलडोजर के माध्यम से सरकारी भूमि पर बने अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमण को हटाकर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया।कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।प्रशासन ने आम लोगों से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने तथा सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की है। स्थानीय लोगों ने भी सार्वजनिक भूमि को मुक्त कराने की कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे विकास कार्यो का मार्ग प्रशस्त होगा।

### महंथ ब्रजेश मुनि ने मुख्यमंत्री से मिलकर कच्ची दरगाह विदुपुर सिक्स लेन का नाम गुरुगोविन्द जी महाराज सिक्स लेन करने की माँग की

**फतुहा।** सुरु कबीर मिशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष कबीरपंथी मठ मीठापुर के महंथ ब्रजेश मुनि ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलकर कच्ची दरगाह बिदुप्पुर सिक्स लेन का नामकरण श्रीगुरुघ्गोविन्द सिंह जी महाराज सिक्स लेन करने की मांग की। इनके साथ हिन्दू जागरण मंच के विनोद कुमार यादव, तख्त हरिमंदिर साहेब पटना सिटी के महेन्द्रपाल सिंह ढिल्लन एवं संजीव कुमार थे। पत्र में ब्रजेश मुनि ने लिखा है सिक्ख के दशवे गुरु गुरुघ्गोविन्द सिंह जी महाराज केवल सिक्ख समाज के ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष के गौरव, राष्ट्ररक्षक, अद्वितीय योद्धा, महान संत एवं प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने अन्याय, अत्याचार और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करते हुए, राष्ट्र एवं सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। मुनिजी ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज की जन्मस्थली पटना साहिब इसी क्षेत्र में स्थित है। उनके स्मृतियों से जुड़े अनेक एतिहासिक स्थल तथा उनके चारों साहिबजादों की प्रेरणा से जुड़े स्थान भी इस क्षेत्र की एतिहासिक एवं आध्यात्मिक पहचान को गौरवान्वित करता है। गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के नाम पर इस सिक्स लेन का नामकरण होने पर यहां की सांसतिक विरासत, धार्मिक पर्यटन तथा राष्ट्रीय एकता को भी नयी पहचान मिलेगी। यह आनेवाली पीढियों को गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज का त्याग, बलिदान, साहस, राष्ट्रभक्ति एवं मानवता के संदेश से प्रेरित करेगा। महंथ ब्रजेश मुनि ने कहा मुख्यमंत्री महोदय ने इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया और संतोषजनक आश्वासन दिया।

### मानवता की मिसालरू बाढ़ में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 50 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान'

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** इंडियन रेड क्रस सोसाइटी, उपजिला शाखा बाढ़ द्वारा शुक्रवार को चेयरमैन विनय कुमार के संयोजन में एएनएस कलेज के विह्वल सभागार में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित 50 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बाढ़ नगर परिषद के चेयरमैन संजय कुमार षाय माताष, विशिष्ट अतिथि एएनएस कलेज के प्रभारी प्रो विपिन नौटियाल, इंडियन रेड क्रस सोसाइटी के बिहार स्टेट प्रभारी ड् बीएन् प्रसाद, प्रो विजय कुमार एवं प्रो शिववत रविदास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी सह साहित्यकार हेमंत कुमार ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी, महारानी चौक से चौराहा तक गर्जी जेसीबी, हाईवे किनारे अवैध कब्जे ध्वस्त

**फतुहा ।** फतुहा में दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाया गया। भीषण जाम की समस्या से स्थायी मुक्ति दिलाने के लिए नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन शुक्रवार को भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहा। अभियान का सिलसिला आज महारानी चौक से शुरू हुआ, जहाँ से नगर परिषद की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए फतुहा चौराहा की ओर रुख किया है। जेसीबी मशीनों की गूंज के बीच नाले और सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को धराशायी किया जा रहा है। आज की कार्रवाई का मुख्य केंद्र पटना-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे का किनारा रहा। हाईवे के किनारे जिन दुकानदारों और मकान मालिकों ने सड़क तक अपने निर्माण फैला रखे थे, उन्हें चिति कर नगर परिषद ने जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। प्रशासन का स्पष्ट मानना है कि स्टेट हाईवे पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण ही यहाँ वाहनों का दबाव बढ़ जाता है और आए दिन भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। नगर परिषद की टीम ने सुनिश्चित किया है कि सड़क की सीमा से सटा हुआ कोई भी अवैध ढांचा न बचे। अभियान को शांतिपूर्ण और निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए इस बार सुरक्षा व्यवस्था और अधिक चाक-चौबंद रखी गई है। मौके पर महिला और पुरुष पुलिस बल की भारी तैनाती की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति या विरोध से सख्ती से निपटा जा सके। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी खुद मौके पर मौजूद रहकर पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। नगर परिषद द्वारा यह व्यापक अभियान 11 जुलाई तक चलाया जाना है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि सरकारी भूमि पर दोबारा कब्जा करने का प्रयास करने वालों पर न केवल जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। स्थानीय लोग प्रशासन के इस कड़े रुख की सराहना कर रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि फतुहा के मुख्य मार्ग जल्द ही पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त हो जाएंगे। वहीं पूरे मामले में भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि छोटे दुकानदार जो झोपड़ीनुमा दुकान बनाकर अपनी जीविका चला रहे थे।उसे तोड़ा जा रहा है।जबकि महारानी चौक से चौराहा सड़क के जमीन मार्केट बनाकर किराया लगाए हैं।उसे छुआ तक नहीं जा रहा है।जबकि महारानी चौक के उतरी छोर का छभ 30 के निर्माण के समय जमीन मालिक अर्जित जमीन का मुआवजा 30 वर्ष पहले ही ले चुके हैं और जमीन पर बिल्डिंग बना आज भी किराया बसूला जा रहा है।जिसे प्रशाशन छू तक नहीं रहा है।जिससे छोटे दुकानदारों में आक्रोश है।

### खून से लथपथ था शरीर, लेकिन जुबां पर था सिर्फ स्कूल!

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** सड़क पर खून बह रहा था। दर्द असहनीय था। एक हाथ लगभग निष्प्राण हो चुका था। हर गुजरता पल जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी को छोटा कर रहा था। लेकिन इसी भयावह क्षण में एक शिक्षक ने जो किया, उसने पूरे शिक्षा जगत को झकझोर दिया। झारखंड के चतरा जिले के मध्य विद्यालय कसियाडीह के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री बिजेंद्र दयाल विद्यालय जाते समय एक भीषण हाइवा दुर्घटना की चपेट में आ गए। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि उनका बायाँ हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी जान बचाने के लिए हाथ काटने का कठिन निर्णय लिया। बाद में उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया। लेकिन


सड़क दुर्घटना में जख्मी बिजेन्द्र दयाल।

इस दुर्घटना की सबसे बड़ी खबर केवल हादसा नहीं, बल्कि उस हादसे के बीच दिखाई गई उनकी अद्भुत कर्तव्यनिष्ठा है।प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने सबसे पहले अपने सहयोगी शिक्षक को फोन किया। उनका संदेश स्पष्ट था षविद्यालय की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए। बच्चों का मध्या भोजन हर हाल में समय पर मिले।ष इसके बाद उन्होंने अपने परिजनों को फोन कर केवल इतना कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है, स्थिति संभल जाएगी। अंत में उन्होंने एम्बुलेंस को सूचना देकर अपने उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की।यह केवल तीन फोन कल नहीं थेय यह एक शिक्षक के जीवन-दर्शन की तीन परतें थींपहले विद्यार्थी, फिर परिवार और सबसे अंत में स्वयं।यह घटना उस मौन समर्पण का जीवंत प्रमाण है, जिसके सहारे देश के हजारों सरकारी विद्यालय हर दिन चल रहे हैं। दूरदराज के गाँवों में कार्यरत अनेक शिक्षक प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर विद्यालय पहुँचते हैं। वे मौसम, सड़क, संसाधनों की कमी और अनेक जोखिमों के बीच भी बच्चों की शिक्षा को अपना सर्वोच्च दायित्व मानते हैं। ऐसे अनगिनत समर्पित शिक्षक सुर्खियों में कम आते हैं, लेकिन शिक्षा व्यवस्था की असली रीढ़ वही हैं। इस घटना ने एक महत्वपूर्ण बहस को भी जन्म दिया है। समयबद्ध बायोमेट्रिक उपस्थिति और अनलाइन उपस्थिति व्यवस्था को लेकर लंबे समय से शिक्षक समुदाय अपनी व्यावहारिक कठिनाइयाँ सामने रखता रहा है। अनेक शिक्षक बताते हैं कि निर्धारित समय पर उपस्थिति दर्ज कराने की बाध्यता के कारण उन्हें प्रतिदिन तेज रफ्तार यातायात, लंबी दूरी और जोखिमपूर्ण मार्गो से गुजरना पड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जवाबदेही और अनुशासन आवश्यक हैं, किंतु ऐसी व्यवस्थाओं के साथ सुरक्षा, स्थानीय परिस्थितियों और मानवीय पक्ष का संतुलन भी उतना ही महत्वपूर्ण है।शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी व्यवस्था का उद्देश्य कार्यकुशलता बढ़ाना होना चाहिए, न कि ऐसे हालात उत्पन्न करना जिनमें कर्मचारी अनावश्यक जोखिम लेने को विवश हों। यदि कोई नीति अनजाने में सुरक्षा संबंधी चुनौतियाँ बढ़ा रही है, तो उसकी समीक्षा भी प्रशासनिक उत्तरदायित्व का हिस्सा होनी चाहिए।बिजेंद्र दयाल की घटना केवल एक शिक्षक की व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है। यह उस पेशे की गरिमा का दस्तावेज है, जिसे अक्सर केवल परिणाम, उपस्थिति और आँकड़ों के पैमाने पर आँका जाता है। यह घटना बताती है कि एक सच्चे शिक्षक की पहचान उसकी संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति अटूट समर्पण से होती है। आज पूरा शिक्षा जगत उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहा है। साथ ही यह उम्मीद भी व्यक्त की जा रही है कि इस घटना से प्रेरणा लेने के साथ-साथ नीति-निर्माता शिक्षकों की कार्य परिस्थितियों, सुरक्षा और मानवीय आवश्यकताओं पर भी गंभीरता से विचार करेंगे।क्योंकि विद्यालय केवल इमारतों से नहीं चलतेवे उन शिक्षकों के त्याग, संवेदना और कर्तव्यबोध से जीवित रहते हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने विद्यार्थियों का भविष्य अपने वर्तमान से ऊपर रखते हैं।

### उमानाथ क्षेत्र में पार्किंग शुल्क की वसूली को लेकर विवाद

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** उमानाथ क्षेत्र में पार्किंग शुल्क की वसूली को लेकर शुक्रवार को उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब कुछ निजी वाहन चालकों ने पार्किंग शुल्क लिए जाने पर आपत्ति जताई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुल्क वसूली के दौरान ठेकेदार के कर्मियों और वाहन चालकों के बीच तीखी बहस भी हुई।मौके पर मौजूद कुछ लोगों का कहना था कि पूर्व में नगर परिषद के स्तर से यह बात कही गई थी कि निजी वाहनों से पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसी आधार पर कुछ वाहन चालकों ने शुल्क देने से इनकार किया। वहीं, ठेकेदार के कर्मियों ने अनुबंध एवं प्रचलित व्यवस्था का हवाला देते हुए निर्धारित शुल्क जमा करने की बात कही।इस दौरान कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि जब नगर परिषद के चेयरमैन का नाम लिया गया तो ठेकेदार के कर्मियों ने उसे महत्व नहीं दिया और शुल्क जमा कराने पर ही जोर दिया। हालांकि, इस संबंध में ठेकेदार पक्ष का आधिकारिक बयान प्राप्त नहीं हो सका है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निजी वाहनों से पार्किंग शुल्क लिए जाने अथवा नहीं लिए जाने को लेकर कोई स्पष्ट आदेश है, तो उसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।नगर परिषद के अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसकी जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। लोगों ने भी पार्किंग शुल्क संबंधी नियमों को स्पष्ट एवं पारदर्शी ढंग से लागू करने की मांग की है, जिससे आम नागरिकों और संबंधित एजेंसी के बीच अनावश्यक विवाद की स्थिति समाप्त हो सके।

# बिशेनटोला में जलजमाव : ईंट-बांस के सहारे आवाजाही

**जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जगदीशपुर नगर पंचायत क्षेत्र के संयुक्त वार्ड संख्या-11 व 12 स्थित बिशेनटोला मोहल्ले में पिछले तीन महीने से जलनिकासी बाधित है। इसके कारण करीब 21 घरों के 50 से अधिक परिवारों के 250 से अधिक लोग प्रभावित हैं। घरों से निकलने वाला गंदा पानी पूरी गली में जमा है, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का आवागमन मुश्किल हो गया है। लोग ईंट, पत्थर और बांस की चचरी के सहारे घरों तक पहुंच रहे हैं।

जलजमाव के कारण मोहल्ले में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। दुर्गंध के चलते संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पंचायत ने अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया है। जलनिकासी बाधित होने के बाद 24 मई को 25 लोगों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन के माध्यम से नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार को शिकायत दी गई थी। कार्रवाई न होने पर 3 जून को एसडीएम, डीसीएलआर,



गली में फैला नाले का गंदा पानी।

सीओ और नगर पंचायत के ईओ को पुनः आवेदन दिया गया। इस आवेदन में आरोप लगाया गया था कि खेसरा संख्या-2668 स्थित लगभग 100 वर्ष पुरानी नाली को सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बंद कर दिया गया है। साथ ही, खेसरा संख्या-2669 की सरकारी गैरमजरुआ भूमि पर भी पक्का निर्माण कर जलनिकासी अवरुद्ध करने का

**तीन महीने से जलनिकासी बाधित होने के कारण 50 से अधिक परिवारों के 250 से अधिक लोग हैं प्रभावित**

**सरकारी गैरमजरुआ भूमि पर पक्का निर्माण कर जलनिकासी अवरुद्ध करने का आरोप**

आरोप लगाया गया। करीब डेढ़ महीने बाद 2 जुलाई को नगर पंचायत के ईओ अनिरुद्ध कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्तर से दक्षिण मुख्य सड़क की ओर वैकल्पिक जलनिकासी की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया था। हालांकि, जब नगर पंचायत की टीम कार्य शुरू करने पहुंची, तो कुछ स्थानीय लोगों ने स्थायी समाधान की मांग करते हुए इसका विरोध किया। इसके बाद टीम को वापस लौटना पड़ा। इस मामले में आरोपी ने अपनी जमीन निजी होने का दावा किया है।

# 311 लीटर विदेशी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**आरा/जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से स्कर्पियो भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर की ओर ले जाया जा रहा है।

सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। वाहन जांच के क्रम में मोहनियां-आरा हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर मोड़ के पास से एक महिंद्रा स्कर्पियो से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन पर पश्चिम बंगाल का निबंधन संख्या अंकित पाया गया, वाहन के चालक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रामचंद्र के बथान वार्ड नंबर-8 निवासी धनजी चौधरी एवं इसी थाना क्षेत्र के बुढ़वल वार्ड नंबर-तीन निवासी विक्की कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को अग्रतर कार्यवाई हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त वाहन से 1728 पीस में 311.040 लीटर विदेशी शराब जब्त की गयी। जब्त शराब का बाजार मूल्य करीब 4 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से भोजपुर में लाया जा रहा था। विदित हो कि मद्य निशेध व उत्पाद विभाग को इस सप्ताह अवैध विदेषी षराब की बरामी में काफी बड़ी सफलता मिली है। सहायक आयुक्त रजनीष ने कहा कि जिलाधिकारी के सतत निर्देषन एवं विभागकर्मियों की



सक्रियता से यह उपलब्धि हासिल हो रही है। छापेमारी दल में निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मदन लाल यादव एवं सहायक अवर निरीक्षक राणा विकास कुमार के साथ-साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

**मद्य निषेध विभाग ने की कार्रवाई, यूपी से लाई जा रही थी करीब चार लाख रुपये मूल्य की शराब**

**जिस स्कॉर्पियो पर शराब लायी जा रही थी उस पर लगा था पश्चिम बंगाल का नंबर**

**पकड़े गए दोनों शराब तस्कर हैं जगदीशपुर के निवासी**

## संक्षिप्त खबरें

### करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के गोढना रोड में शुक्रवार की सुबह करंट की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। पीड़ित नवादा थाना क्षेत्र का गोढना रोड निवासी 22 वर्षीय संदीप कुमार है।

### बच्चों के विवाद में सगे भाइयों की पीटा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव में शुक्रवार की दोपहर बच्चों के विवाद में सगे भाइयों की पिटाई कर दी गई जिससे दोनों जख्मी हो गए। उन्हें सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव निवासी मजीद का 27 वर्षीय पुत्र सद्दाम एवं 26 वर्षीय पुत्र नौशाद शामिल है। जख्मी नौशाद ने बताया कि उनके घर के बच्चे एवं गांव के एक व्यक्ति के बच्चे के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद आरोपित पक्ष के दस-बारह लोग लाठी-डंडे के साथ उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लोगों ने दोनों भाइयों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी।

### सेक्टरल एनालाइसिस ऑफ जीएसटी रिफॉर्म्स इन इंडिया पर सेमिनार



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज में दो दिवसीय सेक्टरल एनालाइसिस आफ जीएसटी रिफॉर्म्स इन इंडिया विषय पर सेमिनार का उदघाटन हुआ। प्रथम दिन दिल्ली से आये विश्व हिन्दी परिषद के राष्ट्रीय सचिव डॉ. बिपिन कुमार ने कहा कि टैक्स से ही राष्ट्र का विकास होता है। यदि आप टैक्स दे रहे हैं तो आपको गर्वान्वित होना चाहिए कि आप देश की आर्थिक विकास में भागीदार बन रहे हैं। हमारे देश के वातावरण को विश्व स्तर पर पहचान मिलने लगी है। यहां के उद्यमियों को अच्छा वातावरण और मार्गदर्शन चाहिए। दुर्गा सोरेन विवि, देवघर के कुलपति प्रो. गौरी शंकर प्रधान ने कहा कि कई प्रकार का टैक्स हटाकर एक जीएसटी लगाना केवल कर संरचना नहीं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था सुधार का ढांचा है। राज्यकर संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार ने कहा कि आज सभी को जीएसटी की कार्यप्रणाली को समझना चाहिए। जीएसटी को तकनीकि और विधि को मिलाकर सुधार किया गया है। प्रो. नागेन्द्र कुमार झा ने कहा कि नियमों में किसी प्रकार का परिवर्तन आने पर चौलेन्जेस आती हैं। सेमिनार में हम इनके उपाय खोजेंगे। आज व्यापार और शिक्षण की व्यवस्था परिवर्तित हो गयी है। डिजिटलाइजेशन से पारदर्शिता बढी है। जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज का दो दिवसीय सेमिनार भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, आरा के साथ एसोसिएटेड है एवं भारत सरकार के आईसीएसएसआर भारतीय समाजिक विज्ञान शोध संस्थान, नई दिल्ली के साथ कोलेबोरेटेड है। स्वागत करते हुए कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आदित्य बिजय जैन ने बताया कि आज समय-समय पर जीएसटी के नियम बदल रहे हैं। इससे देश की आर्थिक स्थिति पर क्या असर पड़ेगा इसका मूल्यांकन और प्रशिक्षण तथा विचारों के आदान-प्रदान से युवाओं और उद्यमियों में नई चेतना जागृत होगी। सेमिनार के समन्वयक डॉ. हर्षित बिजय जैन ने कहा कि सेमिनार में किताबी शिक्षा से अलग विचारों का आदान-प्रदान व्यवहारिक स्थिति प्रदान करेगी। डॉ. सावित्रि तिवारी ने कहा कि यह सेमिनार जीएसटी रिफॉर्म में बड़ा योगदान देगा। मौके पर प्रदीप नारायण दास, प्रो. फतेह बहादुर सिंह, डॉ. शान्तनु सौरभ, प्रो. डॉ. पवस कुमार, डॉ. सीपी जैन, अरिहन्त बिजय जैन, ई. धीरेन्द्र सिंह, नीशित ज्ञान, प्रेम शंकर सिंह, डॉ. अन्नपूर्णा प्रसाद, डॉ. लतिका प्रकाश, मिनाली जैन, प्रिया जैन, स्तुति, डॉ. विजय कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

### डिग्री महाविद्यालय में ऑडिटोरियम के लिए सर्वे



**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** परमानंद नगर स्थित निर्माणाधीन श्री त्रिदंडी स्वामी डिग्री महाविद्यालय में प्रस्तावित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम निर्माण परियोजना को लेकर शुक्रवार को टोपोग्राफिकल सर्वे किया गया। निर्माण कार्य से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा महाविद्यालय में प्रस्तावित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। सर्वे का कार्य कंपनी के निदेशक मुकेश नारायण सिन्हा के नेतृत्व में तकनीकी टीम द्वारा संपन्न किया गया। सर्वे के दौरान निर्माण स्थल की भौगोलिक एवं स्थलाकृतिक स्थिति, भूमि के स्तर, माप, ढाल तथा अन्य आवश्यक तकनीकी पहलुओं का विस्तृत अध्ययन किया गया। सर्वे से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप ऑडिटोरियम का विस्तृत इंजीनियरिंग डिजाइन तैयार किया जाएगा। इसके उपरांत परियोजना की तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी करते हुए निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रस्तावित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण से महाविद्यालय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, सेमिनार, कार्यशालाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन के लिए आधुनिक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे भविष्य में विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास को नई दिशा एवं गति मिलेगी तथा क्षेत्र में उच्च शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। छोटेलाल तिवारी ने बताया कि श्री जीयर स्वामी की कृपा से गांव में डिग्री कॉलेज का वर्षों पुराना सपना अब साकार होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह संस्थान आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित करेगा तथा पूरे क्षेत्र के सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### अग्निपीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के उत्तरी-029 क्षेत्र से भावी जिला परिषद उम्मीदवार संतोष राय ने जमालपुर मानचक गांव पहुंचकर हाल ही में हुए अग्निकांड से प्रभावित गोवर्धन राय के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार का हालचाल जाना और इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। जानकारी के अनुसार भीषण अग्निकांड में गोवर्धन राय के घर की 7 से 8 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई, जिससे परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान संतोष राय ने कहा कि इस कठिन समय में वे पूरी तरह परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ मिलकर हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने का भरोसा दिया और परिवार को दोबारा सामान्य जीवन की ओर लौटाने में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि अग्निपीड़ित परिवार को शीघ्र सरकारी सहायता प्रदान की जाए, ताकि उन्हें तत्काल राहत मिल सके और वे अपने जीवन की नई शुरुआत कर सकें। इस अवसर पर मौजूद समर्थकों ने भी पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा समाज एकजुट होकर प्रभावित परिवार के साथ खड़ा है।

# अपराधियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर फायरिंग

दैनिक नवसंदेश

**दोनों ओर से गोलीबारी, कोई हताहत नहीं**

**आरा/गड़हनी।** गड़हनी थाना क्षेत्र के खरईचा में अपराधियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस को भी गोली चलानी पडी। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ।

पुलिस ने फायरिंग कर भागे रहे दो अपराधियों को खदेडकर गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस एवं दो मोबाइल बरामद हुआ। दो अपराधी मौके का फायदा उठा कर फरार हो गए। गिरफ्तार अपराधियों में गड़हनी थाना के अगिआंव गांव निवासी सूरज उर्फ गेहुमन एवं उसी थाना के लसाढ़ी निवासी पंकज कुमार शामिल हैं। गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि अगिआंव

**फायरिंग कर भाग रहे चार में से दो को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा**

**बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए जुटे थे खरईचा गांव में**

के खरईचा बधार में चार अपराधी इकट्ठा होकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सत्यापन उपरांत वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचना देते हुए टीम का गठन कर अगिआंव गांव के खरईचा बधार में घेराबंदी की गई। पुलिस को देख चारों अपराधियों द्वारा पुलिस पर ताबड़तोड़ चार राउंड फायरिंग की गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की तरफ से भी चार फायरिंग की गयी है। पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरतार कर लिया।

गड़हनी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार सूरज उर्फ गेहूमन, पंकज कुमार एवं दो अन्य फरार अपराधियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं पुलिस टीम पर हमला एवं फायरिंग करने की भी अलग से प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सूरज उर्फ गेहूमन का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ गडहनी एवं सहार थाने में लूट सहित चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह सीएसपी संचालक लूट कांड में आरोपित रहा है और जेल भी जा चुका है।

# बाढ़ नियंत्रण टेंडर पर घिरी एजेंसी सीएम सचिवालय से जांच के निर्देश

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बक्सर बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल की अल्पकालीन निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितता का मामला मुख्यमंत्री सचिवालय तक पहुंच गया है। शाहपुर की पूर्व विधायक मुन्नी देवी की शिकायत पर मुख्यमंत्री सचिवालय ने जल संसाधन विभाग के सचिव को पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने और कार्रवाई से सचिवालय को अवगत कराने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष कार्य पदाधिकारी इन्द्रवीर कुमार की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि पूर्व विधायक मुन्नी देवी ने 8 जून, 2026 को मुख्यमंत्री को आवेदन देकर बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, बक्सर की अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-02/2025-26 के तहत कराए जा रहे कार्यों में गंभीर अनियमितता का आरोप लगाया है। आवेदन में मुन्नी देवी ने आरोप लगाया है कि कार्यपालक अभियंता द्वारा निविदा प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी कर चयनित एजेंसी को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

**पूर्व विधायक की शिकायत पर सीएम सचिवालय सख्त, मांगा जवाब**

उन्होंने निविदा निष्पादन में पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। पूर्व विधायक ने सात बिंदुओं पर विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है। इसमें चयनित एजेंसी के अनुभव प्रमाणपत्र, पिछले कार्यों की गुणवत्ता, जीएसटी रिटर्न, कार्यों के प्राक्कलन में कथित बदलाव, निविदा दस्तावेजों में विसंगति और तकनीकी मानकों के पालन पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि नियमों की अनदेखी कर सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका है।

मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश के बाद अब जल संसाधन विभाग को पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करनी होगी। इससे बक्सर बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल की निविदा प्रक्रिया एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है, वहीं विभागीय स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है।

# सात दिनों में मांगें पूरी नहीं होने पर आइसा ने दी आंदोलन की चेतावनी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** छात्र संगठन आइसा की एसबी कॉलेज इकाई ने बुधवार को कलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. अभिनव आनंद को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कॉलेज परिसर में आंदोलन किया जाएगा।

आइसा की बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. अभिनव आनंद तथा मौके पर उपस्थित मुन्ना कुमार ज्योति को तीन सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संगठन के नेताओं ने कहा कि छात्र-छात्राओं से जुड़े मुद्दों का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए। ज्ञापन में सत्र 2023-27 के अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित छात्राओं से ली गई फीस को राजभवन के निर्देशानुसार वापस करने की है। दूसरी मांग सत्र 2024-28 के विद्यार्थियों से इंटर्नशिप के नाम पर कथित रूप से की जा रही अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने की है। तीसरी मांग कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु बड़ा वाटर प्यूरीफायर मशीन लगाने की है। आइसा नेताओं ने कहा कि यदि सात दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। मौके पर साहिल अरोरा, राजन कुमार, मनीष मंजिल आदि मौजूद थे।

# पुण्यतिथि पर भिखारी ठाकुर को दी गयी श्रद्धांजलि



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सरदार पटेल बस स्टैंड में भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान द्वारा भिखारी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। अध्यक्षता रंगकर्मी प्रीति कुमारी और मंच संचालन नरेन्द्र सिंह ने किया। श्रद्धांजलि सभा में भिखारी ठाकुर के साथ पंडवानी के अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई को भी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रवि प्रकाश सूरज ने कहा कि भिखारी ठाकुर के तरह ही तीजन बाई ने भी लोक कला और लोक भाषा को अपना हथियार बनाया। उन्होंने कहा कि भोजपुरिया समाज से आग्रह है कि आने वाले जनगणना में अपनी मातृभाषा भोजपुरी ही लिखवाएं। कृष्ण यादव कृष्णेंदु ने भिखारी ठाकुर के लिए 'भारत रत्न सम्मान' की मांग की। कहा कि भिखारी ठाकुर ने तत्कालीन सामाजिक विकृतियों के विरुद्ध अपनी रचनाओं को खड़ा किया। राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान, के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शीलभद्र ने कहा कि भोजपुरिया समाज को अपनी भाषा के संवैधानिक मान्यता के लिए आन्दोलन करना चाहिए। संजय पाल ने गबर-घिचोर नाटक का चर्चा करते हुए कहा कि भिखारी ठाकुर ने इस नाट्य के माध्यम से मां का ममत्व को चित्रित किया है। ओम प्रकाश कश्यप ने कहा कि हमें उनकी रचनाओं को सुरक्षित और संग्रहित करना होगा। विनोद सिंह ने कहा कि भोजपुरिया समाज के साथ केन्द्र और राज्य सरकार सौतेला व्यवहार कर रहा है। नरेन्द्र सिंह ने कहा कि इस वर्ष संस्थान के स्थापना के 25वां वर्ष है। ठाकुर जी की जयंती पर वृहद कार्यक्रम किया जाएगा। अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने कहा कि भिखारी ठाकुर के नाटकों को करने में एक अलग तरह की अनुभूति होती है। मौके पर सरफराज अहमद, डॉ. किरण कुमारी, विजय कुमार सिंह, कवि राज कवि, अनिल प्रतीक्षा, अमिताभ कुमार, अम्बुज कुमार, सुमन कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# विशेष लोक अदालत को लेकर बैठक



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर के सचिव दिवाकर कुमार की अध्यक्षता में एनआई एक्ट विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी एनआई एक्ट विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करना था। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सभी उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को एनआई एक्ट से संबंधित लंबित मामलों में ज्यादा से ज्यादा प्री-सिटिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौते के माध्यम से निपटारा कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी न्यायालयों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। आगे बताया कि नोटिस निर्गत हो चुका है और थाना के माध्यम से तामिला कराया जाएगा। बैठक में सीजेएम, सभी एसीजेएम, एसडीजेएम तथा जिले के सभी जेएमएफसी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सर्वे के दौरान अपनी भूमि की सही जानकारी कर्मियों को दें



**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विशेष भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अभियान के तहत गड़हनी प्रखंड के पडरिया एवं सहंगी गांव में किश्तवार सर्वे कार्य को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों, रैयतों तथा जनप्रतिनिधियों को भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई तथा सर्वे कार्य को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग करने की अपील की गई। ग्राम सभा में उपस्थित अमीन नंदन कुमार एवं कानूनगो ज्योति कुमारी ने रैयतों से कहा कि भूमि सर्वे के दौरान प्रत्येक किसान अपने खेत का सही पोजिशन, वास्तविक दखल एवं सीमा की स्पष्ट जानकारी सर्वे कर्मियों को दें। सही जानकारी से सर्वे पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न होगा तथा भविष्य में भूमि संबंधी विवादों की संभावना भी कम होगी। सर्वे का उद्देश्य प्रत्येक रैयत की भूमि का सही अभिलेखीकरण करना है। इसलिए सभी किसान सर्वे के दौरान अपने खेत पर उपस्थित रहें।

# निष्पक्ष कार्यशैली और सकारात्मक छवि पर सदैव दें ध्यान : एसपी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय शुक्रवार को जिला व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे परीक्ष्यमान पुलिस अवर निरीक्षकों के साथ एक समीक्षा एवं मार्गदर्शन बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक राज ने की। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक

**परीक्ष्यमान पुलिस अवर निरीक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक**

ने प्रशिक्षु अधिकारियों को वर्दी एवं व्यक्तिगत अनुशासन, जनसामान्य के साथ शालीन, संवेदनशील एवं पेशेवर व्यवहार, गश्ती के दौरान सतर्कता एवं नियमबद्धता, वाहन जांच के क्रम में बरती जाने वाली आवश्यक



सावधानियों तथा अनुसंधान में वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कानून-व्यवस्था संधारण, कर्तव्यनिष्ठा, निष्पक्ष कार्यशैली एवं पुलिस की सकारात्मक छवि बनाए रखने से संबंधित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर भी प्रशिक्षु अधिकारियों का मार्गदर्शन किया गया। पुलिस



अधीक्षक ने सभी प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान सीखी गई बातों को व्यवहारिक कार्यो में अपनाते हुए ईमानदारी, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई अंग्रेजी शराब बरामद दो आरोपित गिरफ्तार

**कलेर (एनएसबी)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उत्पाद विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में मेहंदिया थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की



टीम ने छापेमारी कर बड़ी सफलता हासिल की। छापेमारी के दौरान विभिन्न ब्रांडों की कुल 296.250 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मौके से गोपालपुर गांव निवासी बबलू सिंह एवं राकेश कुमार मंगलम को गिरफ्तार किया गया। दोनों पर अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त होने का आरोप है। लाल उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की गई, जिसमें भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। जब्त शराब को विभागीय कब्जे में ले लिया गया है तथा गिरफ्तार दोनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। दोनों के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि राज्य में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू कराने के लिए अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### लारी की बेटी शुभांगी बनीं भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जिले में खुशी की लहर



**कुर्था (एनएसबी)** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के लारी गांव की बेटी शुभांगी कुमारी (कुक्की) ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे अरवल जिले का नाम रोशन किया है। शुभांगी, लारी निवासी प्रोफेसर शिवपूजन शर्मा की सुपौत्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार की पुत्री हैं। शुभांगी कुमारी ने भारत सरकार के प्रतिष्ठित सशस्त्र सेना चिकित्सा महाविद्यालय (AFMC), पुणे से एमबीबीएस की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से लारी गांव, कुर्था प्रखंड एवं पूरे अरवल जिले में हर्ष और गर्व का माहौल है। ग्रामीणों व शुभचिंतकों ने इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि शुभांगी की सफलता युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर शुभांगी ने यह मुकाम हासिल कर यह साबित कर दिया कि ग्रामीण परिवेश की बेटियां भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकती हैं। शुभांगी की इस उपलब्धि पर पूर्व जिला परिषद सदस्य अंजनी कुमार राजू, भाजपा जिला मंत्री सह विधानसभा प्रभारी राहुल वत्स, मुखिया अमरेंद्र शर्मा, पूर्व मुखिया जितेंद्र शर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शशि रंजन, शक्ति कुमार चिंटू, राजेश कुमार सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें और उनके परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवाएं देकर देश, समाज और जिले का गौरव निरंतर बढ़ाती रहेंगी।

### मुख्यमंत्री ने डीबीटी से जारी की जून माह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन

**जहानाबाद (एनएसबी)।** बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जून 2026 की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि का डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से लाभुकों के बैंक खातों में अंतरण किया। इस कार्यक्रम





का सीधा प्रसारण राज्य के सभी जिलों में किया गया। जहानाबाद में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों ने भाग लेकर पेंशन राशि अंतरण का सीधा प्रसारण देखा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार वृद्धजनों, विधवा महिलाओं एवं दिव्यांगजनों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में 1.52 लाख से अधिक लाभुक विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह किए जाने का निर्णय लिया गया था, जिससे लाखों लाभुकों को नियमित सहायता मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने पेंशनधारियों की समस्याएं भी सुनीं और मौके पर ही पांच लाभुकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर संबंधित अभिलेखों को अद्यतन कराने का निर्देश दिया।

**जहानाबाद में 1.52 लाख से अधिक लाभुकों को मिलेगा लाभ, 22 हजार पेंशनधारियों से सात दिनों में जीवन प्रमाणीकरण**

उन्होंने ऐसे सभी पेंशनधारियों से अपील की, जिन्होंने अब तक ऑनलाइन जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराया है, कि वे अगले सात दिनों के भीतर अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर अनिवार्य रूप से जीवन प्रमाणीकरण करा लें। उन्होंने बताया कि जिले के लगभग 22 हजार पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण अभी लंबित है, जिसके पूरा होने के बाद ही लंबित पेंशन राशि का भुगतान संभव होगा। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पंचायत सचिवों, विकास मित्रों, कार्यपालक सहायकों एवं संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि वे लंबित लाभुकों की पहचान कर समय-सीमा के भीतर उनका ऑनलाइन जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित कराएं।

# रूफटॉप सोलर संयंत्र का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**अरवल (एनएसबी)।** यूएलए स्कीम के तहत स्थापित रूफटॉप सोलर संयंत्र का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत यूटिलिटी-नेतृत्वित समेकन (यूएलए) स्कीम के तहत भदासी निवासी एक लाभार्थी के आवास पर स्थापित 1.1 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर संयंत्र का जिलाधिकारी अमृषा बैंस ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता श्री सोमनाथ पासवान सहित विद्युत विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रूफटॉप सोलर संयंत्र की स्थापना, विद्युत उत्पादन, नेट मीटरिंग व्यवस्था तथा



निरीक्षण करते डीएम।

लाभार्थी को प्राप्त हो रहे लाभों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने लाभार्थी से योजना के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभार्थियों के यहां गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर सोलर संयंत्रों की स्थापना सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं के बिजली व्यय को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यूएलए स्कीम के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ते हुए स्थापना कार्य में तेजी लाई जाए तथा कार्यान्वयन में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखी जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से पात्र परिवारों को जागरूक किया जाए, ताकि अधिकाधिक लोग इस योजना का लाभ उठाकर स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ सकें। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के यहां रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। इस योजना से लाभार्थियों को स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध होने के साथ-साथ बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया जाएगा, ताकि प्रत्येक पात्र परिवार तक योजना का लाभ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंच सके।

## कृषि ट्रांसफार्मर से तार चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज



जांच करती पुलिस।

**कलेर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के हंसाडीह गांव में कृषि कार्य के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर से एल्यूमिनियम सहित अन्य विद्युत तारों की चोरी के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद कलेर थाना पुलिस एवं बिजली विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर का ऊपरी हिस्सा खोलकर उसके अंदर लगे एल्यूमिनियम सहित अन्य तारों की चोरी कर ली। साथ ही ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त करने का भी प्रयास किया गया, जिससे किसानों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है तथा घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपितों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं बिजली विभाग के डीपीएम गिरजेश कुमार, जेई पंकज प्रसून ने बताया कि ट्रांसफार्मर की तकनीकी जांच कर क्षति का आकलन किया जा रहा है। किसानों की समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर की मरम्मत अथवा आवश्यकतानुसार नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर विद्युत आपूर्ति एवं सिंचाई व्यवस्था बहाल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी और बिजली आपूर्ति बहाल होने से किसानों को राहत मिलेगी, ताकि धान की रोपाई एवं सिंचाई का कार्य प्रभावित न हो।

## मसुदा खेल मैदान में ग्राम रक्षा दल के एक माह के प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



उद्घाटन करते लोग।

**कलेर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मसुदा खेल मैदान में बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल के तत्वावधान में शुक्रवार को एक माह तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा जिला कोषाध्यक्ष कुंदन पाठक एवं कलेर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मुद्रिका सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही प्रतिभागियों में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर ग्राम रक्षा दल के जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार उर्फ सोनू तथा मगध क्षेत्र के प्रशिक्षक सतनारायण शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि ग्राम रक्षा दल ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता, आपदा प्रबंधन तथा जनसेवा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं, जिससे वे हर परिस्थिति में समाज की बेहतर सेवा कर सकें। मगध क्षेत्र के प्रशिक्षक सतनारायण शर्मा ने बताया कि एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को शारीरिक व्यायाम, परेड, प्राथमिक उपचार, आपदा एवं अग्नि सुरक्षा, राहत एवं बचाव कार्य, सामुदायिक सहयोग, अनुशासन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य सदस्यों को हर प्रकार की चुनौती का सामना करने के लिए दक्ष, अनुशासित एवं सक्षम बनाना है। ग्राम रक्षा दल के जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार उर्फ सोनू ने कहा कि संगठन युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने और उनमें सेवा भावना विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से पूरे समर्पण, अनुशासन और लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज एवं राष्ट्रहित में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम रक्षा दल के सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सभी ने प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा, जागरूकता और जनसेवा की गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। उद्घाटन समारोह के बाद नियमित प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया।

**अनुशासन, आपदा प्रबंधन एवं जनसेवा का मिलेगा व्यावहारिक प्रशिक्षण**

## मखदुमपुर पुलिस की कार्रवाई, अवैध बालू खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर जब्त

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन के विरुद्ध अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने जय बिगहा गांव के समीप अवैध बालू खनन में संलिप्त एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार अवैध खनन की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यह अभियान चलाया गया। जब्त ट्रैक्टर को थाना लाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मखदुमपुर थाना पुलिस ने बताया कि अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में डीएम ने शिकायतों का किया त्वरित निष्पादन

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी ने जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का किया आयोजन। विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन जिला पदाधिकारी अमृषा बैस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 13 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से भूमि विवाद, भूमि मापी, तालाब उड़ाही, कृषि कार्य, कन्या विवाह, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उप विकास आयुक्त कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय, आईसीडीएस कार्यालय, निर्वाचन शाखा एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखण्ड स्थित ग्राम पहड़पुरा निवासी धनंजय कुमार द्वारा



लोगों की समस्याओं को सुनते डीएम।

बताया गया कि शहर तेलपा में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय के लिए मेरे मकान का चयन किया गया है, पर दो वर्षों के उपरांत भी किराया का निर्धारण एवं राशि की भुगतान भी नहीं की गई। उक्त के संबंध में राशि भुगतान करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम समनपुर बदो निवासी सुरेश मिश्रा द्वारा बताया गया कि अंचलाधिकारी करपी द्वारा भूमि की मापी कराई गई। की गई मापी के अनुसार उचित कार्रवाई एवं आदेश दिलवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी एवं अंचलाधिकारी करपी को संयुक्तरूप से स्थल निरीक्षण कर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। कुर्था प्रखण्ड स्थित ग्राम निघवा टोला कृपा बिगहा निवासी मधेश्वर यादव द्वारा बताया गया कि मौजा निघवा में सरकार के जमीन पर कई वर्षों से उड़ाही नहीं होने से कुछ ग्रामिणों द्वारा कब्जा कर लिय गया है, जिससे आम रास्ता भी बंद हो गया है। उक्त सरकारी जमीन की मापी करवाते हुए उड़ाही करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी

## वलिदाद नट बिगहा से चोरी की चार भैंस बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**मेहंदिया (एनएसबी)।** अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत वलिदाद नट बिगहा गांव में शुक्रवार को पटना जिले के पिपरा थाना एवं मेहंदिया थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चोरी की चार भैंस बरामद की गई। इस दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल भी बना रहा तथा गोली चलने की अफवाह फैल गई, जिसे पुलिस ने पूरी तरह निराधार बताया।जानकारी के अनुसार पटना जिले के पिपरा थाना में दर्ज पशु चोरी के एक मामले की जांच के क्रम में पुलिस को सूचना मिली थी कि चोरी की गई भैंसों को मेहंदिया थाना क्षेत्र के बलीदाद नट बिगहा गांव में छिपाकर रखा गया है। सूचना मिलने पर पिपरा थाना की पुलिस मेहंदिया पहुंची और स्थानीय पुलिस से सहयोग मांगा। इसके बाद दोनों थानों की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार चोरी की भैंस बरामद कर ली। वहीं मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जहानाबाद जिले के किंजर थाना क्षेत्र के बाराचटिया गांव निवासी छोटू कुमार तथा पटना जिले के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जगनपुरा गांव निवासी ललन कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी ही चोरी की भैंसों को वलिदाद नट बिगहा लाकर छिपाए हुए थे।

संयुक्त पुलिस कार्रवाई के दौरान गांव में भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। इस बीच क्षेत्र में यह अफवाह भी फैल गई कि पुलिस और पशु तशकरों के बीच गोलीबारी हुई है तथा एक पुलिसकर्मी को गोली लग गई है। हालांकि पुलिस ने ऐसी सभी चचाओं का खंडन किया है।

मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कहीं भी गोली नहीं चली और न ही किसी पुलिसकर्मी अथवा अन्य व्यक्ति के घायल होने की घटना हुई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने चोरी के मामले का सफलतापूर्वक उद्भेदन करते हुए चार भैंस बरामद की हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पिपरा थाना पुलिस अपने साथ ले गई है, जहां उनसे पूछताछ कर पूरे गिरोह एवं अन्य संलिप्त लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

## अवर निरीक्षक मद्य निषेध परीक्षा की तैयारी पूरी, डीएम-एसपी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



**जहानाबाद (एनएसबी)।** मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में अवर निरीक्षक मद्य निषेध (विज्ञापन संख्या-03/2026) के पदों पर नियुक्ति के लिए 12 जुलाई (रविवार) को आयोजित होने वाली प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, जोनल एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्राधीक्षकों तथा संबंधित अधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की। जिला पदाधिकारी ने बताया कि परीक्षा जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक एकल पाली में आयोजित होगी। अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग का समय सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों को परीक्षा शुरू होने से पहले जैमर, सीसीटीवी, बायोमेट्रिक सत्यापन, वीडियोग्राफी, जनरेटर सहित सभी व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रत्येक अभ्यर्थी की फोटोग्राफी, फ्रिस्किंग और बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य होगा। पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला पुलिसकर्मियों से तथा सभी अभ्यर्थियों की हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (ल्लटऊ) से जांच कराने को कहा। जिला पदाधिकारी ने रेलवे स्टेशन से परीक्षा केंद्रों तक अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक परिवहन व्यवस्था करने तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। अभ्यर्थियों को केवल ई-प्रवेश पत्र एवं वैध फोटो पहचान-पत्र के साथ ही प्रवेश मिलेगा। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, डिजिटल डायरी, लिखित सामग्री एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। नियमों के उल्लंघन पर अभ्यर्थिता रद्द कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा से संबंधित शिकायतों एवं सूचना के लिए अनुमंडल कार्यालय, जहानाबाद में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06114-223013 जारी किया गया है। डीएम और एसपी ने सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।

**12 जुलाई को आठ केंद्रों पर होगी परीक्षा, कदाचारमुक्त आयोजन के लिए जैमर, सीसीटीवी, बायोमेट्रिक और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**